आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 23°C |

इनसाइड न्यूज

बाबा सिद्दीकी की मौत पर राहुल गांधी ने सरकार को कोसा...
नेशनल पेज: 12

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 14 अक्टूबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य :₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 04 www.janexpresslive.com/epaper

सीएम योगी बोले, माहौल बिगाड़ने... 03

## एक्सप्रेस खबरें...

### हत्या के मामले में फरार चल रही महिला नौ साल बाद गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/बागपत। बागपत जिले की खेकड़ा पुलिस ने नौ साल पहले हुई एक हत्या के मामले में आज महिला को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2015 में खेकड़ा कस्बे के श्रीपाल धामा की हत्या के मामले में महिला नौ साल से फरार चल रही थी। खेकड़ा निवासी श्रीपाल धामा की वर्ष 2015 में गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद श्रीपाल के बड़े बेटे सुधीर ने अपने पिता की हत्या का आरोप अपने पड़ोसी अनुज धामा उर्फ़ बल्लू व अमित धामा पुत्रगण राजपाल, राजपाल पुत्र दयाचंद, अपने छोटे भाई किरण व उसकी पत्नी प्रभा को नामजद करते हुए तहरीर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने अनुज, अमित, राजपाल, किरण को जेल भेज दिया था।

### अब बिजली समस्या का फर्जी निस्तारण नहीं दिखा सकेंगी कंपनियां

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। अब बिजली समस्या का निस्तारण के लिए फोन नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद फर्जी निस्तारण दिखाने की समस्या जल्द दूर होगी। बिजली उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कम होने की उम्मीद है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने तीन माह के भीतर बिजली कंपनियों को ओटीपी व्यवस्था लागू करने का प्लान देने का निर्देश दिया है। इससे निस्तारण न होने की स्थिति में मुआवजा भी मिलना आसान होगा। इस व्यथा के लिए उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद लंबे समय से लड़ाई लड़ रहा था। इसके साथ ही नियामक आयोग ने सभी सूचनाओं को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है, जिससे लोगों को जानकारी हासिल करने में सुविधा होगी।

### विजयादशमी पर गोपूजन कर सीएम ने की गोसेवा


जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी के विशिष्ट पूजन के क्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोपूजन किया। गोमाता के माथे पर तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजनोपरांत मुख्यमंत्री ने गोमाता को प्रेम और श्रद्धाभाव से गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की।

# एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या

- बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली
- सोशल मीडिया पर सलमान की मदद करने वालों को धमकाया
- सलमान खान के आवास पर भी बढ़ी सुरक्षा, मर्डर में यूपी-हरियाणा के शूटर्स शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई





मुंबई में एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिद्दीकी इसी साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर अजित पवार के साथ आए थे। हत्या के 28 घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली। लिखा, 'सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं।' इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और अनमोल बिश्नोई को हैशटैग किया गया है। पुलिस इस पोस्ट की जांच कर रही है। लॉरेंस अभी गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। उसने 14 अप्रैल को सलमान के घर के बाहर फायरिंग कराई थी। जेल में लॉरेंस से पूछताछ कराई जाएगी। सलमान खान की सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है। हरियाणा और यूपी के शूटर्स ने हत्या की। 3 शूटर्स में से 2 को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। एक फरार है। एक शूटर हरियाण और 2 उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हैं। ये 40 दिन से मुंबई में ही ठहरे थे और सिद्दीकी के घर और बेटे के ऑफिस की रेकी कर रहे थे। सिद्दीकी को वाई-सिक्योरिटी मिली थी, लेकिन घटना के वक्त उनके साथ कोई कॉन्स्टेबल नहीं था। स्ट्रीट लाइट्स और सीसीटीवी भी बंद थे। बांद्रा के खेर नगर में शनिवार रात करीब 9.30 बजे विधायक बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर 3 बदमाशों ने फायरिंग की थी। सूत्रों के मुताबिक, ऑटो से आए 3 शूटर्स ने दो बंदूकों से 6 राउंड फायरिंग की। इनमें बाबा को 3 गोलियां लगीं। 2 गोलियां उनके पेट और 1 सीने पर लगी। तीनों ने मुंह पर रूमाल बांधा हुआ था।

### गैंगस्टर रोहित गोदारा के टच में था गुरमैल

मुंबई पुलिस के मुताबिक, हत्या में शामिल शूटर लॉरेंस के एसोसिएट गैंग रोहित गोदारा से जुड़े हुए हैं। हरियाणा पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि गुरमैल सिंह लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा के टच में था। आरोपियों ने 9.9 एमएम के पिस्टल से सिद्दीकी को गोलियां मारी थीं। ये सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल है, जो एक बार में 13 गोलियां अपनी बैरल से छोड़ सकती है। ऐसी पिस्टल पंजाब में लॉरेंस के कई मेंबर्स के पास से मिल चुकी हैं। मुंबई पुलिस ने सिद्दीकी की हत्या में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली है।

### दाऊद इब्राहिम की तरह बढ़ा लॉरेंस का नेटवर्क

एनआईए ने अपनी रिपोर्ट में लॉरेंस बिश्नोई की तुलना दाऊद इब्राहिम से की है। पेज नंबर 50 पर इसका जिक्र है। लिखा है कि दाऊद की तरह ही लॉरेंस ने अपना नेटवर्क बढ़ाया है। डी कंपनी का सरगना दाऊद इब्राहिम ड्रग्स कारोबार से लेकर टारगेट किलिंग, वसूली और टेरर सिंडिकेट चलाता है। 1980 के दशक में वो चोरी, लूटपाट जैसे क्राइम करता था। इसके बाद लोकल ऑर्गनाइज्ड क्राइम करने लगा। धीरे-धीरे अपनी गैंग बना ली। इसे नाम दिया गया डी-कंपनी। 1990 के दशक तक उसकी गैंग में 500 से ज्यादा मेंबर्स बन गए। 10 से 15 साल में दाऊद इब्राहिम अंडरवर्ल्ड डॉन बन गया। इसमें टेरर सिंडिकेट से बड़ी मदद मिली। एनआईए का मानना है कि लॉरेंस बिश्नोई भी नॉर्थ इंडिया में ऑर्गनाइज्ड टेरर सिंडिकेट चला रहा है। उसने भी छोटे-मोटे क्राइम से शुरुआत की थी। इसके बाद गैंग बनाई। जिसके बाद उसका नेटवर्क तेजी से बढ़ा है। दाऊद इब्राहिम ने छोटा राजन की मदद से गैंग को बढ़ाया। उसी तरह लॉरेंस बिश्नोई ने गोल्डी बराड़, सचिन बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई, विक्रम बराड़, काला जठेड़ी, काला राणा के साथ मिलकर गैंग का नेटवर्क 13 राज्यों तक पहुंचा दिया।

### हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले की जांच शुरू

बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। सोशल मीडिया पर ये पोस्ट शिबू लोंकर ने डाली है। पुलिस जांच कर रही है कि शिबू लोंकर का लॉरेंस गैंग से क्या कनेक्शन है। जांच की जा रही है कि क्या शिबू लोंकर ही शुभम लोंकर है, जिसे अकोला में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था। तब शुभम ने पुलिस को बताया था कि उसकी बातचीत अनमोल बिश्नोई से होती है।

### यूपी के शूटर्स पड़ोसी, कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं

बाबा सिद्दीकी को गोली मारकर हत्या करने वाले 2 हमलावर यूपी के बहराइच के हैं। बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया- एक आरोपी का नाम धर्मराज कश्यप है। दूसरा शिवकुमार गौतम उर्फ शिवा है। उन्होंने कहा कि दोनों एक ही गांव गंडारा के रहने वाले हैं। घर अगल-बगल है। उम्र करीब 18-19 साल है। दोनों पुणे में कबाड़ का काम करते थे। इनका अभी तक कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं मिला है। एसपी ने बताया कि दोनों ही सामान्य परिवार से हैं। घरवालों के संपर्क में भी रहते थे। पुलिस दोनों के घर पहुंचकर परिवार से बात कर रही है। यह जानने कि कोशिश कर रही है कि इस घटना के बारे में परिवार के पास क्या जानकारी है।

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस



| धर्मराज कश्यप | गुरमैल सिंह | शिवकुमार |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | हरियाणा | उत्तर प्रदेश |
| गिरफ्तार | गिरफ्तार | फरार |

### पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

पूर्व मंत्री और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शामिल तीसरे आरोपित की पहचान भी कर ली गई है। उसे पकढ़ने के लिए मुंबई पुलिस की चार टीमों को रवाना किया गया है। आरोपितों में एक का संबंध विश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इसे देखते हुए फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम कूपर अस्पताल में किया जा रहा है। आज ही शाम बाबा सिद्दीकी को मरीन लाईंस कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा।


### 6 साल से पुणे में काम कर रहा था शिव, गुरमैल जेल छूटकर मुंबई गया

मुंबई पुलिस ने कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की पुष्टि की है। हत्या में शामिल आरोपियों के नाम शिव, धर्मराज और गुरमैल हैं। शिव और धर्मराज यूपी के बहराइच के रहने वाले हैं, दोनों का कोई पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है। गुरमैल हरियाणा का रहने वाला है। धर्मराज और गुरमैल को गिरफ्तार किया गया है। शिव फरार है। बताया जा रहा है कि उसे ही हत्या का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। शिव करीब 5-6 साल से पुणे में स्क्रैप व्यापारी के यहां काम कर रहा था। कुछ महीने पहले उसने धर्मराज को भी पुणे में बुला लिया। हत्या का कॉन्ट्रैक्ट देने वाले व्यक्ति ने शिव, धर्मराज की मुलाकात गुरमैल से कराई थी। गुरमेल कैथल जिले का रहने वाला है। उसने अपने दोस्त के भाई की बर्फ के सुए से 52 वार कर हत्या कर दी थी। जेल में वह गैंगस्टर लॉरेंस के गुर्गों के संपर्क में आ गया। जमानत मिलने के बाद वह मुंबई चला गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लॉरेंस गैंग ने ही उसे मुंबई बुलाया था।

# गुलाबी ठंड ने कुंडी खटखटाई

## बारिश के साथ सर्दी और लेगी अंगड़ाई

दशहरे की अगली सुबह नवाबों के शहर लखनऊ में गुलाबी ठंड में दस्तक दी



- सुबह से ही बादलों ने आसमान को घेरा, हल्की ठंडक के साथ धूप भी मीठी लगी
- मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार धीरे-धीरे मौसम में और ठंडक बढ़ने की संभावना है
- अगले कुछ दिन में बारिश के साथ सर्दी और अंगड़ाई ले सकती है

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** दशहरे की अगली सुबह नवाबों के शहर लखनऊ में गुलाबी ठंड में दस्तक दे दी। सुबह से ही बादलों ने आसमान को घेर रखा था, जिससे दिन की शुरुआत ठंडक के साथ हुई। हल्की ठंडक के साथ धूप भी मीठी लगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार धीरे-धीरे मौसम में और ठंडक बढ़ने की संभावना है। अगले कुछ दिन में बारिश के साथ सर्दी और अंगड़ाई ले सकती है। रविवार सुबह से छाए बादलों ने शहर में ठंडक बढ़ा दी, जिससे लोगों ने गर्म कपड़े निकालने शुरू कर दिए हैं। ठंडक के बावजूद, सुबह की मीठी धूप लोगों के लिए एक सुकूनभरा अनुभव बन गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना है, जिससे सर्दियों की शुरुआत मानी जा सकती है। प्रदेश के कई हिस्सों में भी हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

### किसानों को रहना होगा सावधान

मौसम विभाग ने विशेष रूप से किसानों के लिए चेतावनी जारी की है कि बारिश और ठंड बढ़ने के कारण अपनी फसलों की देखभाल पर ध्यान दें। खासकर रबी की फसलों की बुवाई करने वाले किसानों को अपने बीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। जिन किसानों की खरीफ की फसलें कटाई के लिए तैयार हैं, उन्हें सलाह दी गई है कि वे अपनी फसलों को सुरक्षित स्थान पर रखें ताकि बारिश के कारण फसलों को कोई नुकसान न हो।

### सर्दी के लिए हो जाएं तैयार

ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ने की संभावना है। आने वाले दिनों में मौसम के करवट लेने के संकेत साफ हैं। लोग इस बदलाव को लेकर उत्साहित हैं, खासकर वे जो सर्दियों के मौसम का इंतजार कर रहे थे। ठंड का यह प्रारंभिक दौर लोगों को सर्दियों की तैयारी करने का संकेत भी दे रहा है।

### 5 दिन हो सकती बारिश

मौसम विभाग द्वारा जारी की गई 5 दिन की भविष्यवाणी के अनुसार, 14 से 18 अक्टूबर 2024 तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश और ठंड बढ़ने की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ-साथ गरज के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना है।

# केंद्र ने राष्ट्रपति शासन हटाने का एलान किया नए सीएम की नियुक्ति पर बदलेगा निजाम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटाने की घोषणा की। इस फैसले के बाद प्रदेश में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। रविवार देर रात गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के संबंध में 31 अक्टूबर, 2019 को जारी आदेश तुरंत निरस्त हो जाएगा। बयान के मुताबिक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 के तहत मुख्यमंत्री की नियुक्ति से पहले ही नए नियम प्रभावी हो जाएंगे।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बहुमत किसके पास?

बता दें कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी नेशनल कॉन्फ्रेंस और सहयोगी पार्टियां मिलकर सरकार बना रही हैं। उन्होंने उपराज्यपाल के पास जाकर विधायकों के समर्थन का पत्र सौंप दिया है। राजभवन की तरफ से उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# महाकुम्भ मेला क्षेत्र में होगी 'नेत्र कुम्भ' की स्थापना

- श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की सुविधा के लिए योगी सरकार की पहल
- नेत्र कुम्भ की परियोजना पर 9.15 करोड़ रुपये की आएगी कुल लागत

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



योगी सरकार संगमनगरी में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुम्भ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। जिसके अंतर्गत श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुम्भ की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुम्भ (नेत्र शिविर) श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुम्भ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जो प्राथमिक नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करेगी। महाकुम्भ में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुम्भ की स्थापना में 9.15 करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुम्भ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### नियमित जांच के प्रति किया जाएगा शिक्षित

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यह नेत्र कुम्भ पूरी तरह श्रद्धालुओं की पहुंच में होंगे। तीर्थयात्रियों की आसान पहुंच के लिए इसे रणनीतिक रूप से कुम्भ मेला परिसर के अंदर ही स्थापित किया जाएगा। इसमें तीर्थयात्रियों और संतों की व्यापक स्तर पर आंखों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए शिविर में नेत्र परीक्षण के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों को लगाया जाएगा। जांच के दौरान दृष्टि दोष वाले व्यक्तियों को चश्मा वितरित किया जाएगा। जबकि जिन मामलों में अधिक गम्भीर समस्या पाई जाएगी वहां भागीदार अस्पतालों में मोतियाबिंद सर्जरी और अन्य आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जाएगी। नेत्र देखभाल सेवाओं के साथ-साथ पहल का उद्देश्य लोगों को नेत्र स्वास्थ्य और नियमित जांच के महत्व को समझाना और उन्हें शिक्षित करना है।

# बहराइच में बढ़ा बवाल: देर रात तक प्रदर्शन और आगजनी, पुलिस-प्रशासन बैकफुट पर

जन एक्सप्रेस । बहराइच



महराजगंज की घटना के विरोध में पूरे बहराइच जिले में बवाल बढ़ गया है। देर रात तक प्रदर्शन और जगह-जगह आगजनी होती रही। इस बीच पुलिस व प्रशासन बैकफुट पर नजर आया। डीजीपी की सख्ती के बाद देर रात हरदी थाना प्रभारी और महसी चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया। एक साथ पूरे जिले में विरोध शुरू होने पर आला अधिकारी भी सकते में नजर आए।

### स्टीलगंज व अस्पताल चौराहे पर आगजनी

गायघाट पर भी रविवार देर रात पूजा समितियों ने प्रतिमाओं का विसर्जन रोक दिया। डीएम-एसपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। स्टीलगंज तालाब मार्केट के पास गाड़ी में आग लगा दी। अस्पताल चौराहे पर लगे बैनर गिराकर आग के हवाले कर दिया।

### दमकल टीम पर पथराव

आग बुझाने पहुंची दमकल टीम पर भी पथराव कर दिया। कर्मचारी किसी तरह वहां से भागे। पुलिस ने लाठी भांजकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा।

### महसी सीओ पर भी गंभीर आरोप, भारी गुस्सा

महराजगंज की घटना के बाद सबसे ज्यादा आरोप पुलिस व प्रशासन पर लगे। घटना के बाद लोगों ने आरोप लगाया कि गाने को लेकर जब दूसरे समुदाय की ओर से गाली गलौज की गई तो पुलिस व प्रशासन के जिम्मेदार मूकदर्शक बने रहे। आरोप है कि मौके पर एसओ मौजूद भी नहीं रहे। आरोप है कि जब पथराव हुआ और पूजा समितियों के लोगों ने प्रदर्शन किया तो पुलिस ने उनपर ही लाठी चार्ज कर दिया, जिससे भगदड़ मच गई और दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल को घर में उठा ले गए, जहां उनके साथ बर्बरता के बाद गोली मार दी गई।

देर रात मौके पर डीएम मोनिका रानी भी पहुंचीं। उन्हें देख लोगों ने फिर पुलिस व प्रशासन के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी।

### लगे योगी बाबा जिंदाबाद के नारे

गुस्साए लोगों ने देर रात करीब 11:30 बजे नानपारा-लखीमपुर हाईवे भी जाम कर दिया। इस बीच डीएम-एसपी के खिलाफ नारेबाजी के बीच सीएम योगी जिंदाबाद के नारे भी लगे। गुस्साए लोग लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर लगातार कार्रवाई की मांग करते रहे। विसर्जन जुलूस में शामिल रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या के बाद विरोध तेजी से बढ़ा। ▸ संबंधित खबर पेज 03 पर

कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा लखीमपुर-खीरी

पत्रांक मेमो/न0प0सि0भे0/2023-24 दिनांक 11.10.2024

नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा जनपद लखीमपुर खीरी द्वारा विजयदशमी एवं दिपावली पर्व के शुभ अवसर पर अपने नगरवासियों से निम्न अपील की जाती है।

अपील

1. स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत नगर पंचायत सिंगाही भेड़ोरा को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।
2. समय से जन्म मृत्यु का पंजीकरण करायें।
3. गृहकर / जलमूल्य समय से जमा करें।
4. पानी की टोंटी खुली न छोड़े। जल ही जीवन है।
5. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा सीमान्तर्गत निर्मित सेप्टिक टैंको से निकलने वाली गन्दगी को साफ करने हेतु सीवर सेक्शन मशीन उपलब्ध है। यदि कोई भी मकान मालिक किसी भी प्राइवेट व्यक्ति से सेप्टिक टैंक साफ कराता है, और सफाई के दौरान किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना होती है, तो इसके लिय नियोक्ता एवं सम्बन्धित कर्मी स्वयं जिम्मेदार होगा। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मैनुअल स्कैवन्जर अधिनियम 2013 की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा।
6. नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा की सीमान्तर्गत भवन सम्बन्धित मलवा निष्प्रयोज्य सामग्री खुली जगहों (खाली प्लाट एवं सड़क किनारे) पर फेकने पर ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 2016 के तहत अंकन रू0 5000.00 जुर्माना का प्रावधान है। इससे बचने के लिए निकाय के सफाई निरीक्षक श्री रामबहादुर मोबाइल नम्बर 8869947192 पर सम्पर्क करें। खुले में मलवा डालने पर उपरोकानुसार जुर्माना किया जायेगा। आशा एवं विश्वास है कि नगर को स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण सहयोग एवं योगदान प्रदान करेगें।



समस्त सभासदगण नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा जनपद लखीमपुर खीरी

(मो० कय्यूम) अध्यक्ष नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा लखीमपुर खीरी

(राजीव निगम) उपजिलाधिकारी/ अधिशाषी अधिकारी लखीमपुर खीरी

लखनऊ व देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस

गुलरेज़ आलम शाहनवाज़ आलम

16 वे स्थापना दिवस विजयदशमी एवं दिपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

नैशनल टाइल्स

डील्स : वॉल टाइल्स, फ्लोर टाइल्स, वैट्रीफाइड टाइल्स जी.वी.टी., डबल चार्जड्, एलिवेशन व सैनीट्रेरी गुड्स

रज़ा कॉम्प्लेक्स, ईदगाह, डबल फाटक रेलवे स्टेशन रोड, रायबरेली

लखनऊ व देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस

16 वे स्थापना दिवस विजयदशमी एवं दिपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

गोल्डेन राइस

हमारे यहाँ सभी प्रकार के ब्राण्डेड राइस उचित मूल्य पर उपलब्ध है।

प्रो0 अरबाज

स्वराज कॉलोनी, रायबरेली. मो. 9044605183, 7317348073, 8433300098

लखनऊ व देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस


16 वे स्थापना दिवस विजयदशमी एवं दिपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ



मो.अमान खान

डायमण्ड ग्लास एण्ड एल्युमिनियम हाउस

डीलर : समस्त प्रकार के ग्लास एवं एल्युमिनियम के कार्य हेतु सम्पर्क करें



स्वराज नगर कॉलोनी, लखनऊ रोड, रायबरेली. मो. 9140441680

# पुलिस एवं एसओजी टीम ने लूट की घटना का किया अनावरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में एसओजी व थाना भरतकूप की संयुक्त टीम द्वारा 5 आरोपियों को 2 अवैध तमंचे, मंगलसूत्र, 1000 रूपए, 3 मोबाइल, दस्तावेज व घटना में प्रयुक्त लाठी व राड के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 4 अक्टूबर को वादी कमलेश साहू पुत्र रामखिलावन निवासी बघेलावारी थाना फतेहगंज जनपद बांदा ने थाना भरतकूप में सूचना दी कि 3 अक्टूबर को वह अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम घुरेटनपुर से अपने गांव बघेलावारी जा रहे थे। इस दौरान चितराहन मोड पर अचानक 4 नकाबपोश बदमाश हाथों में डंडा व लोहे की राड लेकर आये और रोककर मोबाइल, पर्स तथा साथ बैठी बुआ का मंगलसूत्र छीन लिया।

उसी दौरान मोटरसाईकिल से उदयपाल विश्वकर्मा पुत्र अवधलाल विश्वकर्मा निवासी अन्डेवरा थाना कालिंजर जनपद बांदा को भी रोककर उनका आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड व 3900 रुपये छीनकर जंगल की ओर भाग गये।



इस सूचना पर थाना भरतकूप में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने घटना को संज्ञान में लेकर थानाध्यक्ष भरतकूप एवं एसओजी प्रभारी को घटना के अनावरण के लिए निर्देशित किया। एसओजी एवं थाना भरतकूप पुलिस द्वारा दिलीप कुमार पटेल निवासी भडरापुरवा वगैहा मजरा घुरेटनपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से से तमंचा व लूटा हुआ मोबाइल बरामद किया गया। आरोपी ने पूंछतांछ में बताया कि बीती 3 अक्टूबर को अपने साथियों के साथ मिलकर दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों से लूट की थी। जिसमें से लूटे गये 1 मोबाइल में वह अपनी सिम डाल ली थी।

आरोपी की निशान देही पर मानपुर तिराहे से छोट्टन उर्फ अखिलेश पटेल, छोटा उर्फ अखिलेश पटेल, सचिन पटेल निवासीगण ग्राम घुरेटनपुर व रामानंद पटेल निवासी भगनपुर चैकी परिक्रमा मार्ग को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 1 तमंचा, लूटा गया मोबाइल, मंगलसूत्र का पेंडल व पीली धातु, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस तथा एक पर्स बरामद हुआ। गिफ्तारी के दौरान एसओजी प्रभारी निरीक्षक एमपी. त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, नीतेश समाधिया, आरक्षी पवन राजपूत, गोलू भार्गव, आशीष यादव, रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोशन सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, उप निरीक्षक राहुल पाण्डेय, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र सिंह, आरक्षी रणवीर सिंह, सतीश कुमार, संदीप लोधी आदि मौजूद रहे।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का त्योहार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

असत्य पर सत्य की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय की विजय, बुराई पर अच्छाई के जीत के साथ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी की उपस्थिति में विजयदशमी (दशहरा) के अवसर पर धुस मैदान पुरानी बाजार में रामलीला मंचन व रावण वध कार्यक्रम को देखा गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भगवान राम और लक्ष्मण, सीता, बजरंगबली की आरती कर पूजा अर्चन किया। इस दौरान जानकी, राजकुमार मौर्य, विनोद, विजय मिश्रा, हीरालाल सोनी को दशहरा में बनाए गए रावण वध की प्रतिमा के लिए रामनामी दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव, राजीव अग्रवाल व विवेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# इकतीस बाण लगते ही रावण हुआ धराशाई

- लंकादल में रावण की मौत की खबर से मचा हाहाकार

जन एक्सप्रेस। उरई

जिले में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया। शहर की गल्ला मंडी में दशहरा मेला आयोजित हुआ। इसमें राम व रावण के बीच पहले युद्ध हुआ, जैसे ही राम ने रावण की नाभि में तीर मारा तो वह धाराशायी होकर जमीन पर गिर पड़ा। लंकादल में रावण की मौत की खबर से हाहाकार मच गया, जबकि रामादल में जय श्रीराम की जयकार होने लगी। 55 फीट का रावण का पुतला जला तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगी। कोंच, जालौन, कालपी, माधौगढ़ समेत अन्य जगहों पर रावण व मेघनाथ के पुतला जलाए गए। शहर की गल्ला मंडी में रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में दहशरा पर राम व रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। इसके पहले रामलीला भवन से भव्य राम यात्रा निकाली गई।



जगह जगह राम बारात पर पुष्प वर्षा हुई।

श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और जय श्रीराम का उदघोष किया। शाम के वक्त यात्रा गल्ला मंडी पहुंची। इस दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी, संरक्षक प्रदीप महेश्वरी, अध्यक्ष प्रदीप देवीदीन राजपूत, उपाध्यक्ष उदय सिंह टिमरो, रविंद्र राजपूत, केदार भारद्वाज, संजय अग्रवाल, अरविंद, महावीर गुप्ता, छोटे, पकंज, ब्रजकिशोर गुप्ता ने आरती उतारी और पूजन अर्चन किया। इसके बाद यहां पर लीला का मंचन हुआ। इसमें राम, रावण के बीच संवाद हुआ। एक घंटे की लीला मंचन के बाद दोनों में युद्ध हुआ। भगवान श्रीराम ने दशानन के नाभि में जैसे ही तीर मारा तो उसका अमृत सूखते ही वह धाराशायी हो गया। मौजूद दर्शक यह देख जय श्री राम के नारे लगाने लगे। राम में जयकार हुई। वहीं पर रावण का 55 फीट का पुतला जलाया गया। पुतला दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## मेला देखने पहुंचे डीएम-एसपी, कमेटी ने सम्मानित किया



जन एक्सप्रेस। कोंच

कोंच का ऐतिहासिक दशहरा देखने के लिए शनिवार को डीएम राजेश कुमार पांडे और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार भी कोंच पहुंचे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पटेल छुन्ना धनौरा, मंत्री संजय सोनी, अभिनय विभाग अध्यक्ष पीडी रिछारिया ने उन्हें पट्टिका ओढाकर एवं भगवान रामलला सरकार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी जनपद वासियों को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा, विजयदशमी पर्व बताता है कि अधर्म की सदैव ही पराजय होती है। लोगों को चाहिए कि वे भगवान राम के कार्यों से प्रेरणा लेकर अच्छा जीवन जिएं जिसमें सभी के लिए प्यार और सम्मान हो। इस दौरान एसडीएम कोंच ज्योति सिंह सीओ अर्चना सिंह, एसडीएम वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# तेलू भोज में फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए एक और वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

तेलू भोज के आयोजन में फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए वृद्ध की झांसी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक के बाद एक हो रही मौतों से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। कोंच तहसील मुख्यालय से 12 किमी दूर स्थित बरोदा कला गांव में 7 अक्टूबर को हरि प्रकाश के घर कन्या भोज और तेलू भोज का आयोजन किया गया था। जिसमें सबसे पहले कन्या भोज में तेलू खिलाई गई और कन्याओं को देकर घर भेज दिया गया। दोपहर में मेहमानों को बुलाया गया जिसमें गांव के अलावा आस-पास के गांवों से नाते-रिश्तेदार शामिल होने आए। जिन्होंने तेलू खाई। इसके बाद एक-एक करके लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार होते चले गए। उल्टी-दस्त से पीड़ित सभी को सीएचसी और कुछ को प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां एक नौ वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती रामवती पत्नी मौजी लाल 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की बीते 9 अक्टूबर की रात मौत हो गई। जिसकी खबर गांव आई तो ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। लेकिन शुक्रवार की सुबह फिर से गांव में सूचना पहुंची की वृद्ध महिला रामवती पत्नी परशुराम 60 वर्ष ने भी उपचार दौरान मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। तभी शनिवार को जब गांव में चौथी मौत की खबर पहुंची और लोगों को पता चला कि झांसी मेडिकल कॉलेज झांसी में इलाज करा रहे सुखलाल पुत्र लखूं 60 वर्ष की मौत हो गई।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नर्क की यातनाओं से बचने का एक मात्र उपाय भगवन नाम जप: कथा वाचक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा द्वारा आयोजित स्व पुत्र प्रकाश मिश्रा की आत्म शांति बार्षिकी में श्रीमदभागवत कथा सप्ताह यज्ञ के तृतीय दिवस में कथा व्यास डॉ रामनारायण त्रिपाठी नें कहा कि शिव साक्षात् धर्म हैं। चतुर्थ स्कन्ध मे चार पुरुषर्थों की चर्चा में सर्व प्रथम धर्म की व्याख्या के लिए शिव सती चरित्र सुनाया। अर्थ के लिए ध्रुव चरित्र, काम के लिए पृथू चरित्र, मोक्ष के लिए पुरंजन चरित्र से सुंदर मीमांसा चारों पुरुषार्थ की समझाई। ज्ञान व्यवहार मे कैसे आये ऋषभ देव और जड़ भरत के चरित्र से समझाया। पाप कर्मो का फल नर्क की यातनाये हैं, इनसे बचने का उपाय भगवान के नाम जपने के साथ सतकर्म द्वारा पापो का प्रयाश्चित करना चाहिए। अंत में वृत्त चरित्र से वृत्तिओं को बदलने और ईश्वर चिंतन से सच्चे सुख की प्राप्ति समझायी।

### 32 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, एक को दिया जाएगा नाना जी देशमुख मेडल

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 16 अक्टूबर को होना सुनिश्चित हुआ है। मध्य प्रदेश के राज्यपाल और कुलाधिपति मंगु भाई पटेल दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर यूजी के 438, पीजी के 335 एवं पीएचडी के 26 रेगुलर छात्रों को डिग्री मिलेगी। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने आयोजन को गरिमामय ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समारोह के संयोजक प्रो आई पी त्रिपाठी अधिष्ठाता विज्ञान और पर्यावरण संकाय ने व्यवस्था समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के अपडेट पर प्रकाश डाला।

# मैदान में भीड़ जुटती रही और युद्ध के बजते रहे नगाड़े

जन एक्सप्रेस। कोच

नगर के दक्षिण में अवस्थित धनुताल के मैदान में शनिवार को दशहरा मेला का आयोजन किया गया। मैदान के पूर्वी छोर पर लंका दृष्टव्य थी जिसके सबसे ऊपरी झरोखे में जनकनंदिनी सीता विराजमान थीं। वहीं सामने रावण और मेघनाद के विशालकाय पुतले गाड़ियों पर कसे युद्ध के लिए तैयार खड़े थे।

लंका विजय हनुमान मंदिर पर राम का सैन्य शिविर दर्शाया गया था, जबकि मैदान के दक्षिणी तरफ धनुताल के तट पर नंदीग्राम में भरत और शत्रुघ्न विराजमान थे। मैदान में भीड़ जुटती रही और युद्ध के नगाड़े बजते रहे। सायंकाल युद्ध प्रारंभ होता है और सबसे पहले मेघनाद का विशालकाय पुतला युद्ध के लिए प्रस्तुत होता है।



हाथी पर सवार लक्ष्मण और हनुमान उससे युद्ध करने आते हैं। तकरीबन एक घंटे तक चले इस युद्ध में मेघनाद की अमोघ शक्ति से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं और युद्ध भेरियां थोड़ी देर के लिए बंद हो जाती हैं। हनुमान संजीवनी बूटी लेने जाते हैं और भरत के वाण प्रहार से आहत हो गिर पड़ते हैं तब भरत उन्हें वाण से लंका भेजते हैं। इसके बाद एक बार फिर मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध प्रारंभ होता है और अंततः मेघनाद खेत रहता है। उसके पुतले को आग लगा दी जाती है। सुलोचना दर्शकों पर टूटी चूड़ियां फेंक कर अपने पति की मृत्यु पर आक्रोश प्रकट करती है। इसके बाद रावण स्वयं युद्ध के लिए प्रस्तुत होता है। तीन दर्जन कहारों से युक्त विमान में बैठ कर राम लक्ष्मण उससे युद्ध करने के लिए आते हैं। इनके पीछे विमान में ही बैठे नमन चतुर्वेदी दोनों मूर्तियों को परंपरानुसार चंवर डुला रहे थे और उन्हें वाणों की आपूर्ति का गुरुतर भार भी निभा रहे थे। राम-रावण के बीच भयानक युद्ध होता है हनुमान भी हाथी पर बैठ कर युद्ध क्षेत्र में भ्रमण करते दिख रहे थे। अंत में राम के वाणों में बिंध कर रावण डोलता हुआ धरती पर आ गिरता है

# सिंध नदी में डूबे पांच युवक: चार को सकुशल निकाला बाहर, एक लापता

- देवी प्रतिमाओं का विसर्जन करने के बाद नहाते समय हुआ हादसा
- सूचना पर एसडीएम सीओ पहुंचे मौके पर तलाश जारी

जन एक्सप्रेस। उरई

रामपुरा थाना क्षेत्र के बिलोड़ गांव के पास से निकली सिंध नदी में नहाते समय पांच युवक डूब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से चार युवकों को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया। जबकि एक युवक नदी के तेज बहाव के चलते डूबकर लापता हो गया। जिसकी पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों द्वारा खोजबीन की जा रही है।

दशहरा पर्व पर नवरात्र में सजाई गई देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। जिनके विसर्जन के लिए ग्राम बिलौड़ के पास से निकली नदी किनारे गड्ढे बनाए गए थे। इतना ही नहीं बल्कि सुरक्षा की द्रष्टि से मौके पर पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया था। तभी ग्राम जायघा से देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए कई युवक आए हुए थे। जो गड्ढे में देवी प्रतिमा विसर्जन करने के बाद कुछ लोग गांव वापस लौट गए थे, जबकि गांव के ही निवासी मोहित, अन्नू, आशू, लल्लू व लालजीत उर्फ लल्ला नदी में नहाने चले गए। नदी का बहाव तेज होने के कारण नहाते समय पांचों उसमें बहने लगे। युवकों को बहता हुआ देख मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्काल गोताखोरों की मदद से चार युवकों को बाहर निकाल लिया। लेकिन लालजीत उर्फ लल्ला पुत्र लखपत सिंह का कोई पता नहीं चल सका। बताया गया कि लालजीत अपने घर में चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। बेटे के नदी में बहने की सूचना मिलते ही घर व चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना के बाद एसडीएम सुरेश कुमार, सीओ रामसिंह, थाना प्रभारी संजीव कटियार मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम का जायजा लिया। इतना ही नहीं बल्कि प्रशासन द्वारा नदी में डूबे हुए युवक की खोजबीन गोताखोरों से कराई जा रही है।

# अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद ने किया स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के तत्वाधान में जनपद के ब्यूर गांव में परिषद के जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा ने स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। सामाजिक जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन करने वाले प्रेरक व्यक्तित्व श्रेष्ठजन जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज (पद्म विभूषण अलंकृत) का सम्मान उनके उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास (जय महाराज) द्वारा प्राप्त किया गया।

आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि हम सबको मिलकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों का भारत बनाने के लिए कडी मेहनत, त्याग की भावना से शिक्षा स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रयास करने होंगे। जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज दिव्यांग विश्वविद्यालय बनाकर समाज सेवा की मिसाल पेश की है। इसी प्रकार हम सब को समाज सेवा में अग्रसर होना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक सोच जागृत होती है। संगठन के महामंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शासन स्तर से होने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को भारत सरकार द्वारा परिचय पत्र उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही मुख्य मार्ग, चैराहा आदि के नाम सेनानियों के नाम पर हों। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार मिश्रा, आशीष कुमार मिश्रा, महेंद्र प्रताप त्रिपाठी, सुशील कुमार शुक्ला, दीपक त्रिपाठी, अनूप कुमार मिश्रा, नारायण द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का समापन परिषद के जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्र ने किया। इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, बुआ राम शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, महेंद्र त्रिपाठी, प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, कुलदीप त्रिपाठी, रामलाल गर्ग, ओमकार मिश्रा, कमलाकांत त्रिपाठी, रुद्र नारायण पांडेय आदि मौजूद रहे।

## शराब के नशे में धुत युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र में कांशीराम कॉलोनी निवासी जयंत कश्यप 30 वर्ष पुत्र दशरथ कश्यप की कालोनी के पास से निकली रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने खबर उसके परिजनों व पुलिस को दी। पुत्र की मौत होने की खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि वह सुबह से ही शराब पी रहा था, इसी दौरान वह शराब के नशे में धुत होकर रेलवे ट्रैक को पार कर रहा था। तभी अचानक ट्रेन आ गई, और चपेट में आने से उसकी कटकर मौत हो गई। वहीं इस घटना के बारे में कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक का कहना है कि मृतक शराब के नशे में धुत था इस कारण यह घटना हुई है।

# हाईवे पर पलटा डंपर, चालक की मौत-खलासी घायल

जन एक्सप्रेस। उरई

कालपी कोतवाली क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाईवे पर चौरासी गुंबद के पास तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि खलासी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

सीतापुर जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र के भवानीपुर नीलगांव का निवासी भूपेंद्र कुमार पुत्र अशोक कुमार डंपर चालक था। जो शुक्रवार की रात्रि में डंपर लेकर कानपुर से झांसी की तरफ जा रहा था। जब डंपर चौरासी गुंबद के पास बने साजन ढाबा के सामने पहुंचा। तभी चालक को नींद आ गई, जिस कारण डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए हाईवे पर पलट गया। जिससे चालक व खलासी दबकर घायल हो गए। घटना के बाद मामले की खबर पुलिस को दी गई। जिससे चालक व खलासी दबकर घायल हो गए। घटना के बाद मामले की खबर पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चालक भूपेंद्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और खबर परिजनों को देने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल खलासी का उपचार चल रहा है।

# सड़क सुरक्षा: उरई एआरटीओ ने ट्रैक्टर-ट्रॉली व पिकप में लगाए रिफ्लेक्टिव टेप

जन एक्सप्रेस। उरई

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल राजेश कुमार ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संदर्भ में जागरुक किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भी प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी। इसके बाद शहर के प्रमुख चैराहों पर ओवरलोडिंग/गलत नम्बर प्लेट, बिना एचएसआरपी प्लेट लगे वाहन, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों एवं बिना रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लेन ड्राइविंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत वाहन चालकों को रात्रि में हेड लाइट के हाई बीम/लो बीम के प्रयोग के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया व बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोड ऑटोरिक्शा के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी व बिना नम्बर प्लेट के संचालित ई-रिक्शा चालकों को एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाने हेतु कठोर निर्देश दिये गये व दोबारा बिना नम्बर प्लेट व आवश्यक



प्रपत्रों के बिना संचालित पाये जाने पर ऐसे ई-रिक्शा के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए थाने में निरुद्ध करने की चेतावनी दी गयी तथा शहर के प्रमुख चौराहों व जनपद के मार्गों पर चेकिंग की तथा ट्रैक्टर-ट्राली, टैम्पो-टैक्सी, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, लोडर व अन्य व्यवसायिक व गैर व्यवसायिक वाहनों जिन पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा पाया गया। उनको रोकर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया व उनको सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गयी व दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया एवम् शासन, परिवहन विभाग व उनके परिवार की ओर से आग्रह किया गया कि वाहन का संचालन करते समय सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें व वाहन का संचालन करते समय वाहन नशे की हालत में वाहन न चलायें, तेज गति से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय स्टंट आदि न करें। साथ ही **''दुघर्टना पर लगेगा ताला, जब पहनोगे सुरक्षा की माला'' ''सुरक्षा नियमों का करो सम्मान, न होगी दुघर्टना न होंगे आप परेशान''** के नारे लगवाये गये। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान बिना हेलमेट, मोबाइल का प्रयोग करते हुए, बिना बीमा के मोटर साइकिल का संचालन करते पाये जाने पर दो दर्जन से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी साथ ही क्षमता से अधिक सवारियां ढोते हुए पाये जाने पर ऑटो -टैम्पों के नियमानुसार चालान किये गये एवं बिना फिटनेस, बिना बीमा, परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए तथा क्षमता से अधिक सवारी ढोते पाये जाने पर एक ऑटो रिक्शा को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस चैकी उरई में निरुद्ध किया गया।



### रावण का वध हुआ, सत्य की जीत

रविवार को स्थानीय रामलीला मैदान में नरांतक वध, अहिरावण वध व रावण वध लीला के साथ असत्य पर सत्य की विजय दशहरा संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार राज्यमंत्री गन्ना एवं चीनी मिल्स उत्तर प्रदेश शासन तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार... पढ़ें पेज 10 पर...

# बहराइच सांप्रदायिक तनाव, सीएम योगी बोले, माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



बहराइच में रविवार की शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई। इस हिंसा में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। कुछ युवक इस घटना से घायल हुए है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले बचेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन का कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए और धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय पर प्रतिमा विसर्जन कराया जाए। उन्होंने जनता को सुरक्षा की गारंटी देते हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर मौजदूगी सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिनकी लापरवाही से इस प्रकार की घटना घटित हुई, उनकी पहचान की जाए और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

उल्लेखनीय है कि बहराइच के महाराजगंज बाजार में कुछ लोगों द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी करने पर दो समुदायों के लोग आमने सामने आ गए थे।

गुस्साई भीड़ ने बाजार में तोड़फोड़ की। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

### भेजा गया अतिरिक्त पुलिस बल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा त्योहारों पर सुरक्षा प्रबंध को लेकर दो बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने के बावजूद गोरखपुर जोन के कुछ जिलों में प्रतिमा विसर्जन के दौरान माहौल बिगड़ गया। बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में चार युवकों को गोली लगने की घटना हुई, जिसमें एक युवक की मौत के बाद हालात बेकाबू हो गए। डीजीपी मुख्यालय ने हालात पर काबू पाने के लिए दो कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई है। इसके अलावा आसपास के जिलों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हिंसा में एक युवक की मौत के बाद कुछ जगहों पर आगजनी हुई है। हालात पर काबू पाने के लिए एडीजी जोन गोरखपुर केएस प्रताप कुमार और डीआईजी रेंज देवीपाटन अमरेंद्र प्रताप सिंह को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि गोंडा और बलरामपुर में छिटपुट घटनाएं हुई थीं, हालांकि दोनों जगहों पर स्थिति नियंत्रण में है।






# विजयदशमी पर क्षेत्रीय चेतना परिषद द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित, क्षत्रिय समाज के लोग हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी



बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले के बीकेटी स्थित एक निजी लॉन में क्षत्रिय चेतना परिषद लखनऊ द्वारा विजयदशमी समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम में बख्शी का तालाब क्षेत्र के तमाम क्षेत्रीय समाज के लोग शामिल हुए। यह कार्यक्रम एक निजी लॉन में आयोजित किया गया, जिसमें बीकेटी क्षेत्र के तमाम क्षत्रिय समाज के लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया और कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों ने अपनी अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के बाद विजय दशमी पर हमारे यहां शस्त्रों की पूजा की जाती थी और उसके बाद क्षत्रीय अपना शक्ति का प्रदर्शन करते थे और जीत हासिल करते थे। उसी रीत को बनायें रखने के लिए यह आयोजन कराया जाता हैं।

कार्यक्रम में पढ़ाई में अच्छे अंक पाने वाले मेधावियों छात्र सपना सिंह, रानी सिंह, सौर्य सिंह अन्य छात्राओं को फ़ोटो चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष पंचायती राज, सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान, क्षेत्रीय चेतना परिषद अध्यक्ष सुशील सिंह, प्रवीण सिंह चौहान, इटौंजा राजा, सत्यपाल सिंह, अंशुमाली प्रताप सिंह, रोहित सिंह सहित अन्य नेता व पदाधिकारी अन्य लोग मौजूद रहें।

# ट्रांसपोर्ट नगर हादसा: चार जांच समितियां कर रहीं जांच




### गुजरात फोरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट खोलेगी राज

शासन की उच्चस्तरीय टीम गठित होने के बाद एलडीए ने जांच को लेकर गुजरात फोरेंसिक विश्वविद्यालय से टीम बुलाई। टीम ने दो दिन तक यहां पर रहकर जांच की। कालम-बीम के अलावा ईंट, सरिया और अन्य निर्माण सामग्री देखी थी। आसपास की बिल्डिंग को भी देखा। टीम के निर्देश पर एलडीए की ओर से बिल्डिंग की बीम और कालम सहित अन्य निर्माण सामग्री के नमूने भी जांच के लिए वहां करीब 10 दिन पहले पहले भेजे गए हैं। सूत्रों ने बताया कि शासन की समिति भी गुजरात फोरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जब उसकी रिपोर्ट मिलेगी, तब वह अपनी रिपोर्ट देगी।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सात सितंबर को ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंजिला कामर्शियल बिल्डिंग अचानक क्यों ढही? इसकी असली वजह सामने आने में अभी और वक्त लगेगा। हालांकि, वजह तलाशने के लिए चार जांच समितियां बनीं। इसमें दो की रिपोर्ट आ चुकी है, मगर निष्कर्ष नहीं निकला। अब जिन दो जांच समितियों की रिपोर्ट आनी बाकी है उसी से यह पता चलना है कि असली वजह क्या थी।

बिना आंधी, तूफान और भूकंप के तीन मंजिला बिल्डिंग ढहने के कारणों का पता लगाने के लिए मंडलायुक्त के निर्देश पर आठ सितंबर को सबसे पहले पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता भवन सीपी गुप्ता व अधीक्षण अभियंता जेपी सिंह ने मौके पर जांच की। इसकी रिपोर्ट आ चुकी है, जिसमें बताया गया था कि बिल्डिंग के बीम कमजोर थे, ऊंचाई अधिक थी और चौड़ाई कम। आगे की ओर जो निर्माण बाद में किया गया, उसमें बीम कालम (फ्रेम स्ट्रक्चर) बनाकर अतिरिक्त निर्माण किया गया।

आठ सितंबर को शासन ने उच्चस्तरीत जांच समिति बना दी थी। इसमें सचिव गृह संजीव गुप्ता को अध्यक्ष और आवास आयुक्त व सचिव आवास एवं शहरी नियोजन बलकार सिंह व मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी मध्य क्षेत्र विजय कनौजिया को सदस्य बनाया गया। आठ सितंबर को टीम ने मौके पर जाकर जांच की, लेकिन समिति की रिपोर्ट एक महीने बाद भी अभी नहीं आई है।

समिति अभी तक एलडीए के ही दस्तावेजों की जांच कर रही है। इसमें कई खामियां भी मिली हैं और अफसरों की गर्दन फंस रही है।

शासन की समिति गठित होने के बाद 10 सितंबर को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रारंभिक जांच को लेकर एक समिति अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में बनाई थी। इसमें मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, अधिशासी अभियंता अजय गोयल, उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह सदस्य व उप सचिव माधवेश कुमार को सदस्य व संयोजक बनाया गया था। इस समिति ने जांच कर रिपोर्ट दो दिन बाद भेजी दी, मगर अब बिल्डिंग क्यों ढही यह वजह अब तक साफ नहीं की जा सकी।

# यूपी में बारिश का दौर थमा, ठंड ने दी आहट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर पूरी तरह से थम चुका है, जिसकी वजह से मौसम शुष्क हो गया है। दिन भर जहां धूप खिल रही वहीं रात में लोगों को हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। पश्चिमी यूपी के बरेली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, नजीबाबाद जैसे इलाकों में तो रात में एसी की जरूरत नहीं रही। इन इलाकों में रात का तापमान महज 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन मौसम साफ रहने वाला है। हालांकि इस बीच बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

तापमान की गिरावट के आंकड़ों पर नजर डालें तो पश्चिमी यूपी में रातें तुलनात्मक रूप से ज्यादा ठंडी हो रही हैं। शनिवार को 35 डिग्री सेल्सियस के साथ बस्ती प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में अधिकतम तापमान में लगातार हल्की गिरावट देखने को मिल रही है।

लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी आगे कुछ दिन यूपी में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। इस बीच आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

# शिवपुरी के भादेश्वर नाथ मंदिर पर रामायण का पाठ हुआ अरंभ



जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी

बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले बीकेटी क्षेत्र के शिवपुरी गांव के पास भादेश्वर नाथ महादेव शिव मंदिर के परिसर में रामायण पाठ का आयोजन किया गया। बता दें कि बीकेटी के शिवपुरी गांव निवासी पत्रकार राममोहन गुप्ता द्वारा भादेश्वर नाथ शिव मंदिर पर रामायण का पाठ कराया गया।रविवार सुबह विधि-विधान से पंडित द्वारा पूजा अर्चना कर रामायण पाठ का शुभारंभ किया, जोकि सोमवार शाम को समाप्त होगा। इस रामायण के पाठ के आयोजन में बीकेटी क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों द्वारा भादेश्वर नाथ शिव मंदिर पर शिव की पूजा अर्चना की गई। यह भादेश्वर नाथ मंदिर का जिक्र शिव पुराण में है कहा जाता हैं कि बाणासुर का युद्ध शिवपुरी गांव के भादेश्वर नाथ मंदिर स्थान के पास हुआ था बाणासुर द्वारा जो शिलाएं फेंकी गई थी वह शीला आज भी शिव मंदिर के पीपल के वृक्ष के नीचे मौजूद हैं। इस शिव मंदिर में सैकड़ों गांवों की ग्रामीण अन्य दूरदराज़ के शिव भक्त भादेश्वर नाथ के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

# शारदा नहर 28 दिन के लिए बंद



- पांच लाख की पानी सप्लाई होगी प्रभावित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मरम्मत के लिए शारदा सहायक नहर शनिवार से 28 दिनों के लिए बंद हो गई। इस दौरान कठौता झील में जमा पानी से ही काम चलाया जाएगा। ऐसे में जलकल से जुड़े इंदिरानगर, गोमतीनगर की करीब पांच लाख की आबादी को पानी की सप्लाई प्रभावित होगी।

गोमतीनगर स्थित तीसरा जलकल नदी पर आधारित है और शारदा नहर से इसे पानी मिलता है। नहर साल में दो बार सफाई व मरम्मत के लिए 28-28 दिनों के लिए बंद की जाती है। कठौता झील से किफायत के साथ 28 दिन तक काम चलाया जा सकता है। करीब 10 दिन बाद जब पानी आधा रह जाता है तो जलकल विभाग आपूर्ति में कटौती करता है।

### 10 नवंबर तक बंद रहेगी नहर

जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि नहर बंद किए जाने की जानकारी सिंचाई विभाग ने दी है। यह 12 अक्तूबर को लखीमपुर से बंद की गई है और 10 नवंबर तक बंद रहेगी। इस दौरान झील से सिल्ट की सफाई का काम भी कर लिया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी होगा।

### नलकूप से दूर होगी पानी की कमी

जलकल के महाप्रबंधक ने बताया कि नहर बंद होने से पानी की किल्लत न हो, इसके लिए इंदिरानगर और गोमतीनगर के 50 से अधिक नलकूप चलाए जाएंगे। जब नहर समय से नहीं खोली जाती तब समस्या होती है। इसे ध्यान में रखते हुए झील से आपूर्ति कम कर नलकूप से सप्लाई बढ़ाई जाती है।

# लखनऊ के रास्ते आज चलेगी आनंदविहार-वाराणसी स्पेशल




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यात्रियों की सुविधा के लिए आनंदविहार से वाराणसी के लिए स्पेशल ट्रेन वाया लखनऊ सोमवार को चलाई जाएगी। इसमें स्लीपर, थर्ड एसी, सेकंड एसी और फर्स्ट एसी की 22 बोगियां होंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि 04206 स्पेशल आनंदविहार से सोमवार सुबह 6.50 बजे रवाना होगी। ट्रेन 7.30 बजे गाजियाबाद, 10.30 बजे मुरादाबाद, 10.58 बजे रामपुर, 12.00 बजे बरेली जंक्शन, दोपहर 3.15 बजे शाहजहांपुर जंक्शन होते हुए शाम 4.45 बजे लखनऊ और रात 11 बजे वाराणसी जंक्शन पहुंचेगी।

# मुंबई की कनेक्टिंग उड़ान का किराया 40 हजार पार




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दीपावली के बाद लखनऊ से दिल्ली, मुंबई की नॉनस्टाप फ्लाइटों का किराया पांच गुना तक महंगा हो गया है तो कनेक्टिंग फ्लाइटों के दाम भी चढ़े हुए हैं। मुंबई की कनेक्टिंग उड़ान का किराया 40 हजार पार हो चुका है। लखनऊ में कनेक्टिंग उड़ानों के 390 से अधिक टिकट बिक हो चुके हैं।

पर्व मनाने के बाद तीन नवंबर से दिल्ली व मुंबई के लिए वापसी शुरू होगी। अमौसी एयरपोर्ट से मुंबई की रेगुलर नॉनस्टाप फ्लाइटों का किराया 12,119 से 16,661 रुपये के बीच पहुंच गया है। यह आम दिनों की तुलना में पांच गुना तक महंगा है। कनेक्टिंग उड़ानों का किराया भी 18,615 से 40,897 रुपये तक पहुंच गया है।

ऐसे ही दिल्ली जाने वाली इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया आदि एयरलाइंस की नॉनस्टाप उड़ानों का किराया 7,557 से 15,615 रुपये के बीच पहुंच गया है। इस रूट की कनेक्टिंग फ्लाइटों के टिकट 15651 से 37,090 रुपये के बीच बिक रहे हैं।

एयरवॉक टूर ट्रेवेल्स एजेंसी के आतिफ ने बताया कि डायनेमिक फेयर की वजह से किराये में तेजी है। कनेक्टिंग फ्लाइटों के 18 टिकट बिक हो चुके हैं। इनमें 12 दिल्ली और छह मुंबई के हैं। ये टिकट 18 हजार से 22 हजार रुपये के बीच के हैं।

### ट्रेनों की वेटिंग छुड़ा रही पसीना

लखनऊ से दिल्ली जाने वाली तेजस, शताब्दी, वंदे भारत, लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों की 150 पार वेटिंग मुसीबत बनी हुई है। मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस, कुशीनगर, अवध एक्सप्रेस, गोरखपुर एलटीटी आदि ट्रेनों की वेटिंग 200 तक पहुंच गई है।

# किशोरी की आत्महत्या के मामले में प्रेमी पर केस दर्ज




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गोसाईंगंज में 14 मई को किशोरी के खुदकुशी करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर उसके प्रेमी अंसारीनगर अमेठी निवासी किशोर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। किशोरी की मां का आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने उनकी नाबालिग बेटी का शोषण किया और फिर दूसरी जगह शादी कर ली।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

किशोरी की मां का कहना है कि आरोपी ने उनके गांव में एक बाग खरीदा था। इसकी देखरेख के दौरान वह अक्सर उनके घर के पास लगे हैंडपंप पर पानी पीने आता था। इस दौरान उसने उनकी 16 साल की बेटी को प्यार के जाल में फंसा लिया। उसे कीपैड वाला फोन भी दिया था। शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया। बेटी ने जब शादी की बात कही तो टालमटोल करने लगा।

एक दिन उन्होंने बेटी को प्रेमी संग देख लिया। सवाल-जवाब करने पर बेटी बिना कुछ बताए घर से निकली और प्रेमी को फोन कर शादी करने की बात कही।

आरोपी ने बताया कि डेढ़ माह पहले उसने दूसरी युवती से शादी कर ली है। यह बात सुनकर उसने जान दे दी थी।

# पुलिस की पिटाई से एक मासूम की चली गई जान





जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अमन पार्क के पास टहलने गए थे। दोस्त मिल गया तो वहीं पर बैठ गए। कुछ देर बाद पीआरवी (यूपी 32 डीजी 4830) से पुलिसकर्मी आए। घेराबंदी की और अमन को पकड़कर पीटने लगे। गालियां देकर उन्हें ले गए। पिटाई से जब वह बेहोश हो गए तो घबराकर पुलिसवाले उन्हें अस्पताल ले गए। वहां अमन को मृत घोषित कर दिया गया। ये गंभीर आरोप अमन की पत्नी रोशनी ने एफआईआर में लगाए हैं। केस में एससीएसटी एक्ट भी लगा है। रोशनी ने तहरीर में लिखा कि प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें बताया कि पिटाई करने में सिपाही शैलेंद्र सिंह की मुख्य भूमिका रही। अन्य पुलिसवालों ने उसका साथ दिया और अमन को पीटा। रोशनी का कहना है कि जब पुलिस पहुंची थी तो पार्क में जुआ खेलने वाले भाग गए थे। अमन जुआ खेल रहे होते तो वह भी भाग जाते। पुलिस ने बेवजह उन्हें पकड़ा।

### जागरण की पर्ची काट रहे थे

रोशनी ने बताया कि शुक्रवार रात जब अमन घूमने निकले थे, तब वह देवी जागरण के लिए पर्चियां भी काट रहे थे। उनके दोस्त सोनू की बेटी का रविवार को जन्मदिन था, जिसका आयोजन पार्क में होना था। इसे लेकर दोनों बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पुलिसवाले पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि अमन जुआ नहीं खेलते थे। वह इलेक्ट्रीशियन थे और वही परिवार चलाते थे। बेटी अनाया का 28 अक्तूबर को चौथा जन्मदिन है। परिजनों के मुताबिक अमन को आपराधिक इतिहास भी नहीं है।

### माफी मांगने लगे पुलिसकर्मी

परिजनों ने बताया कि जब अमन की मौत हो गई, तब पुलिसवाले उनसे माफी मांग रहे थे। कह रहे थे कि उनसे गलती हो गई है। परिजनों का कहना है कि इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि पुलिसवालों ने अमन के साथ क्या बर्ताव किया होगा। आरोप लगाया कि शायद वसूली करने के लिए अमन को उठाया था।

# सात इलाकों में आज रहेगी बिजली का संकट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




राजधानी के सात इलाकों में सोमवार को बिजली सप्लाई बंद रहेगी। तकनीकी कामों के चलते यह निर्णय लिया गया है। फैजुल्लागंज की कृष्ण लोक कॉलोनी में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक कटौती की जाएगी। गोमतीनगर के विकासखंड-दो में सुबह 10 से दोपहर एक बजे और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। विरामखंड-एक में सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रहेगी। विश्वासखंड-तीन में सुबह 12 से दोपहर दो तक बिजली बंद रहेगी।

वृंदावन सेक्टर-सात में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली नहीं आएगी।

आईआईटी उपकेंद्र के विष्णुपुरी फीडर से सुबह 10 से शाम पांच बजे तक सप्लाई नहीं होगी। मुंशीपुलिया डिवीजन के अमराई गांव उपकेंद्र से सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली नहीं आएगी।

# हादसों में बुजुर्ग समाचार पत्र वितरक समेत चार की मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी के विभिन्न थानाक्षेत्रों में बीते दो दिनों में हुए सड़क हादसों में समाचार पत्र वितरक समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग जख्मी हो गए।

तेलीबाग के गांधीनगर निवासी समाचार पत्र वितरक कमलेश कुमार (63) शनिवार सुबह पांच बजे घर से साइकिल लेकर समाचार पत्र लेने निकले थे। उतरेठिया में डेंटल हॉस्पिटल के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से उनकी मौत हो गई। वृंदावन समाचार पत्र वितरक संगठन के अध्यक्ष रामस्वरूप कमलेश ने हादसे पर दुख जताया है।

निगोहां के मस्तीपुर निवासी सूरज ने बताया कि पिता बच्चन लाल कश्यप (45) शुक्रवार को नगराम के नवीनगर में मुंडन संस्कार में गए थे। रात करीब 10 बजे लौट रहे थे। गांव के बाहर बने हाईवे के कट से मुड़कर जाने लगे, तभी तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार रायबरेली के सचिन घायल हो गए। बच्चन लाल की मौत की खबर बिजनौर में उनकी सास राजेश्वरी को मिली तो हार्ट अटैक पड़ गया। उनकी भी मौत हो गई। परिवार में बेटा सूरज, पत्नी शर्मा देवी और तीन बेटियां हैं।

विकासनगर के बटहा सबौली का हिमांशु रावत (19) निजी स्कूल से हाईस्कूल का छात्र था। उनके मामा हनुमान ने बताया कि शुक्रवार रात भांजा दोस्त सनी के साथ स्कूटी से छठा मील के पास सेवा नवा खेड़ा में जागरण में गया था। वापसी में मड़ियांव स्थित खदरी पुल के पास तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में हिमांशु की मौत हो गई, जबकि सनी घायल हो गया। हिमांशु के पिता राजेश मजदूरी करते हैं। परिवार में मां गीता और तीन भाई हैं। इसके अलावा नगराम के दूल्हापुर हुसैनाबाद निवासी सलमान (20) बाइक से शुक्रवार शाम आठ बजे निगोहां से घर आ रहा था। वह हेलमेट नहीं लगाए था। रास्ते में सचिन राइस मिल के पास सलमान सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक लेकर पीछे से टकरा गया। सिर में गहरी चोट लगने से उनकी मौत हो गई। पिता साबिर ने ट्रक चालक पर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक कब्जे में ले लिया है। परिवार में मां सगीरा व चार भाई व पांच बहने हैं।

## समाजवादी विचारधारा का नाम है डा0 लोहिया: इं. वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय में डा0 राम मनोहर लोहिया की पुण्य तिथि मनायी गयी। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि डा0 राम मनोहर लोहिया एक नाम नहीं विचारधारा है। डा0 लोहिया ने सामाजिक बराबरी, राजनैतिक हिस्सेदारी एवं आर्थिक असमानता जैसे विषयों को लेकर अनवरत संघर्ष किया। डा0 लोहिया ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के साथ मिलकर पिछड़े वर्ग एवं दलित वर्ग को जोड़कर उनके हक दिलाने के लिए एक योजना बनाकर काम करने की रूपरेखा तैयार की, लेकिन असमय डा0 अम्बेडकर की मृत्यु हो जाने के कारण योजना आगे नहीं बढ़ सकी, उसी विचारधारा को पी.डी.ए. के रूप में लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगे बढ़ा रहे हैं। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि डा0 लोहिया ने पंडित नेहरू के खिलाफ फूलपुर से लोकसभा चुनाव लड़कर कांग्रेस की मजबूत किले में दरार डालने का काम किया।

### रायबरेली एम्स में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही

# एक पहिये पर मरीज को ले जाने का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें अपने-अपने स्वास्थ्य संस्थानों में लगातार प्रयासरत हैं। डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं होने की बात की जाती है, लेकिन इसके बावजूद रायबरेली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पटरी पर लौटने का नाम नहीं ले रही हैं

मरीज को ले जाने का वीडियो वायरल

हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है, जिसमें देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक महिला मरीज को व्हीलचेयर पर बिठाकर ले जा रहे हैं। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि उस व्हीलचेयर के केवल एक



पहिए लगा है, जिससे मरीज को ले जाने में काफी कठिनाई हो रही है। यह स्थिति एम्स प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है और दर्शाती है कि स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर नहीं हो पा रही हैं एम्स में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही

इस मामले पर रायबरेली एम्स के प्रवक्ता डॉक्टर सुयश सिंह ने कहा, ÷यह वीडियो मैंने देखा है। यह व्हीलचेयर सामाजिक संस्थाओं द्वारा दान की गई हैं। यदि व्हीलचेयर क्षतिग्रस्त अवस्था में है तो इसकी देखरेख करने की जिम्मेदारी दान देने वाली संस्था की है, न कि एम्स की।÷ उन्होंने यह भी बताया कि एम्स में मरीजों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है जिसके कारण संसाधनों की कमी महसूस हो रही है। उनका यह भी कहना था कि चूंकि एम्स अभी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, इसलिए सभी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं100 बेड वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का वर्चुअल उद्घाटन

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एम्स के लिए अरबों रुपये की सहायता देने का आश्वासन कई मंचों पर दिया है। हाल ही में उन्होंने 100 बेड वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का वर्चुअल उद्घाटन किया था, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी समय-समय पर एम्स का निरीक्षण कर यहां की सुविधाओं को लेकर संतोष व्यक्त करते हैं। लेकिन इस तरह के वीडियो और तस्वीरें एम्स की वास्तविकता को उजागर करती हैं और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।

## समाजवादी के पूर्व विधायक गजाधर सिंह का आकस्मिक निधन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** ऊंचाहार विधान सभा पूर्व में कहीं जाने वाली डलमऊ विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी से विधायक रह चुके गजाधर सिंह का उनके निवास सत्य नगर में हृदय गति रुकने से निधन हो गया पूर्व विधायक के निधन से जनपद में शोक की लहर दौड़ गई देखते ही देखते उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया पूर्व विधायक कई बार ब्लाक प्रमुख व जिला सहकारी बैंक के चेयर मैन भी रह चुके है वर्तमान में वह भाजपा के वरिष्ठ नेता थे मौजदा समय में उनका बेटा विवेक सिंह रायबरेली के जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष है पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव डीह के बाद अंतिम संस्कार के लिऐ गोकना घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा पूरे परिवार में इस दुखद घटना से सभी बहुत दुखी हैं।

## मोहल्ला दिल्ली दरवाजा में अवैध मदरसे के खिलाफ आवाज उठाई गई

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



धार्मिक नगरी अयोध्या के मोहल्ला दिल्ली दरवाजा में चल रहे अवैध मदरसे, अहले सुन्नत मिराजुल उलूम, पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। स्थानीय समाजसेवी जाहिद खान वारसी बाबा ने बताया कि यह मदरसा बिना किसी स्वामित्व और मानक के चल रहा है।श्री वारसी ने उच्च अधिकारियों को 22 बिंदुओं पर शिकायत करते हुए इस अवैध मदरसे की जांच करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मदरसे के पास न तो निजी भूमि है और न ही कोई मानक, फिर भी अल्पसंख्यक विभाग इस मामले में चुप है। वारसी का कहना है कि नजूल गाटा संख्या 465 पर मस्जिद, इमामबाड़ा और कब्र जैसी संपत्तियों का उल्लेख है, लेकिन मदरसा प्रबंधन ने नजूल अभिलेखों में छेड़छाड़ कर मदरसे का नाम जोड़ा है।

इस मामले में पूर्व रजिस्ट्रार प्रेमका अवस्थी और वर्तमान उपनिदेशक, बस्ती मंडल द्वारा 7 अक्टूबर 2024 को जांच की गई थी। वारसी ने कहा कि अगर प्रशासन इस अवैध मदरसे के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करता, तो वे न्यायालय का सहारा लेकर पीआईएल दाखिल करने की योजना बना रहे हैं।

वारसी का कहना है कि सभी संबंधित विभाग इस मामले से भलीभांति अवगत हैं, लेकिन अब यह देखना है कि प्रशासन इस अवैध मदरसे के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

# मुख्यालय आवागमन हेतु परिवहन सुविधाओं को तरस रहे जनपदवासी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद अमेठी को जिला बने चौदह वर्ष व्यतीत हो गए। लेकिन अभी तक जनपदवासियों को मुख्यालय गौरीगंज आने-जाने के लिए परिवहन सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।बताते चलें कि यूपी का 72वां जिला अमेठी जुलाई 2010 को बसपा शासनकाल में अस्तित्व में आया। तत्कालीन सुल्तानपुर जिले की तीन तहसीलों अमेठी गौरीगंज और मुसाफिरखाना तथा रायबरेली जिले की दो तहसीलों सलोन और तिलोई को मिलाकर बसपा सरकार के दौरान छत्रपति शाहूजी महाराज महाराज नगर नाम से जिला बना।

कालांतर में सरकार बदली।फिर से जिले का नाम अमेठी कर दिया गया। जिसका मुख्यालय गौरीगंज रखा गया। उस समय अमेठी के सांसद राहुल गांधी थे। और केंद्र में उनकी सरकार थी। वीआईपी क्षेत्र होने के बावजूद भी जनपदवासियों को जिला मुख्यालय के लिए आवागमन की कोई सुविधा नहीं उपलब्ध नहीं हो सकी। यहां तक कि तहसील मुख्यालयों से भी जिला मुख्यालय आने की आज तक कोई व्यवस्था नहीं बन पाई। 2019 में स्मृति ईरानी अमेठी की सांसद बनीं। और पुनः केंद्र में भाजपा की सरकार आई।परंतु उन्होंने भी इस समस्या का समाधान नहीं किया।

उनके कार्यकाल में भी मुख्यालय आने जाने के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं हो पाया।वर्तमान में कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा से जनता उम्मीद लगाए बैठी है।इस समय अमेठी जिले में चार विधान सभा सीटें हैं।

परंतु कोई भी विधायक अपने क्षेत्र की जनता के लिए मुख्यालय आने जाने के लिए नियमित रोडवेज बस की व्यवस्था नहीं कर पाया।जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र, जिसमें हलियापुर, शुकुल बाजार और जगदीशपुर जैसी बड़ी आबादी वाले क्षेत्र हैं।वहां से भी मुख्यालय जाने का कोई साधन नहीं है।

एक बार राधेश्याम कांग्रेस से विधायक और दो बार सुरेश पासी भाजपा से विधायक रहे, जो कि पूर्व मंत्री भी रहे हैं। लेकिन उन्होंने भी इस समस्या का समाधान नहीं किया। आज भी अमेठी की जनता गौरीगंज मुख्यालय आने जाने के लिए सरकारी साधन को तरस रही है। शुकुल बाजार, हलियापुर और मुसाफिरखाना तिलोई जैसे प्रमुख स्थानों से गौरीगंज मुख्यालय आने जाने के लिए जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारें है।बावजूद इसके जनपद में संसाधन उपलब्ध नहीं हो पाया है।

यहां तक कि गौरीगंज मुख्यालय पर रोडवेज बस अड्डे की कोई व्यवस्था नहीं है। यह स्थिति दर्शाती है कि किस प्रकार प्रशासनिक और राजनीतिक उदासीनता जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की अनदेखी करती है। सरकारें बदलती हैं, नेता बदलते हैं, पर जनता की समस्याएं वहीं की वहीं रहती हैं। जिले की जनता शासन और जनप्रतिनिधियों से मांग करती है, कि वे इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाएं। और अमेठी के विभिन्न क्षेत्रों से गौरीगंज मुख्यालय तक आने जाने हेतु नियमित रोडवेज बस सेवा शुरू की जाए।

# सरकारी स्कूल का इन्डिया मार्क टू रिबोर, फिर भी आ रही बालू

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के शिक्षा क्षेत्र भेटुआ के प्राथमिक विद्यालय पूरे छत्ता का पुरवा मजरे कनकसिहपुर मे अर्से से इन्डिया मार्क टू हैण्डपम्प बालू दे रहा था।मटमैला पानी नल दे रहा है। जिसका रिवोर माह भर पहले ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने करवाया था।लेकिन हैण्डपम्प से पानी के साथ बालू और मटमैला गन्दा जल उगाल रहा है।जिससे आसपास के लोग,स्कूल बच्चे, दोपहर का भोजन बनाने के लिए पानी की परेशानी चल रही है। दूर से स्वच्छ पेयजल लाना पडता है। मामले की शिकायत खण्ड बिकास अधिकारी भेटुआ दशरथ यादव से ग्राम पंचायत प्रधान उमेश कुमार यादव,प्रधानाचार्य पंकज



कुमार,राम अवध, सीमा,शकुन्तला आदि ने इण्डिया मार्क टू हैण्डपम्प पुन~ रिवोर करवाने के लिए एक माह पहले शिकायत की थी।लेकिन हैरत इस बात का है कि अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई।

## अतुल सिंह ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं, बोले–राहुल गांधी जनता की आवाज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ऊंचाहार कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के ब्लॉक जगतपुर के जगत कापुरवा, सिंघापुर भटौली, कल्याणपुर सुरजई, सिकंदरपुर आदि गांवों में चौपाल व जनसंपर्क कर लोगों की समस्याऐं सुनी एवं कॉग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को बताया। श्री सिंह ने कहा राहुल गांधी जी देश की एकता बनाए रखने के लिए लगातार लड़ाई लड़ रहे है।

गरीबो की आवाज हैं राहुल गांधी। सुदामापुर घटना में मृतक के पिता अपने पुत्र, बहू और नातिन की अंत्येष्टि में नहीं शामिल हो पाए, इसके लिए क्षेत्र विधायक जिम्मेदार है, क्षेत्रीय विधायक को ऊंचाहार की जनता इसके लिए माफ नहीं करेगी। मोदी सरकार में दलितों एवं पिछड़ों के



साथ अत्याचार हो रहा है।श्री सिंह ने कहा कि आज छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है। सरकार को इससे कोई लेना देना नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता आज भी अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामदत्त पांडे विनय सिंह, रामराज लोधी, अभिमन्यु यादव, दारा लोधी, सोनू गुप्ता, अनिल तिवारी, प्रेम नारायण पटेल, वासुदेव सोनी, इंद्रसेन सविता, रवि सिंह, सदाशिव लोधी, प्रेम शंकर लोधी, राजू पटेल, शिवराम पटेल, गंगा प्रसाद मौर्य, शारदा मौर्य, बिरजू सरोज, राकेश सरोज आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## रतन टाटा के निधन पर इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस ने जताया गहरा शोक

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस पत्रकार संगठन (ICPI) ने आज भारतीय उद्योग जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और समाजसेवी रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। रतन टाटा का बुधवार रात निधन हो गया, जिसके बाद देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन विश्वकर्मा ने कहा कि रतन टाटा का जाना न केवल उद्योग जगत बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा, **रतन टाटा अपने सादगीपूर्ण जीवन और समाज सेवा के कार्यों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने टाटा समूह को वैश्विक पहचान दिलाई और साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे।** कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रीय उप सचिव ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रतन टाटा ने भारतीय उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और समाज के विकास में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मांग की कि रतन टाटा को मरणोपरांत **भारत रत्न** से सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर एडवोकेट संतोष यादव, शिव मंगल सिंह, एडवोकेट अशोक तिवारी और कृपा शंकर तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और रतन टाटा के योगदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन पीयूष कुमार सिंह राजन द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं ने रतन टाटा की मानवता, सादगी और उद्योग के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। रतन टाटा के निधन पर देशभर में शोक की लहर है, और हर वर्ग से उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। ICPI ने उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। शोक संदेशों का सिलसिला जारी है और रतन टाटा के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

# योगी सरकार की बड़ी पहल, अयोध्या नगर निगम में लागू हुई ई–ऑफिस प्रणाली

- ई आफिस की सुविधा शुरू करने वाला प्रदेश का चौथा नगर निगम है अयोध्या नगर निगम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

योगी सरकार का जीरो टॉलरेंस अब तेजी से विभागों में लागू हो रहा है। इसी कड़ी में अयोध्या नगर निगम में ई-आफिस की प्रणाली शुरू की गई है। ये सुविधा लागू करने वाला अयोध्या प्रदेश का चौथा नगर निगम बन गया है। इस प्रक्रिया के लागू हो जाने के बाद अब फाइल क्लियरेंस में अड़चनें उत्पन्न करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों की खैर नहीं होगी क्योंकि अब सभी फाइलों पर डिजिटल हस्ताक्षर होंगे। शासन स्तर से भी इसकी लगातार मॉनिटरिंग होती रहेगी। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ही विभागों में कार्य शुरू हो रहा है। अयोध्या नगर निगम की अब सभी फाइलों को डिजिटाइजेशन के माध्यम से ऑनलाइन करने का कार्य किया जा रहा है। इससे न सिर्फ इधर-उधर बिखरी फाइलें न केवल सर्वर पर स्टोर हो सकेंगी, बल्कि इससे फाइलों को ढूंढने में लगने वाला कीमती वक्त बर्बाद नहीं होगा।

### अधिकारी–कर्मचारी समेत 70 लोगों के बने डिजिटल हस्ताक्षर

नगर निगम में ई–आफिस की व्यवस्था को शुरू करते ही अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर बनाये गए हैं। इन्हीं हस्ताक्षरों को कम्प्यूटर में लोड कर फाइलों में किया जाएगा।

### 15वें वित्त आयोग से लिये जाएंगे कम्प्यूटर

पूरी प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए 15 से 20 कंप्यूटर की आवश्यकता होगी। इसलिए 15वें वित्त आयोग की निधि से कंप्यूटर की खरीदारी की जाएगी। हर एक अधिकारियों के कक्ष में कम्प्यूटर होगा। उसके साथ एक ऑपरेटर मिलने की भी बात कही जा रही है।

### तीन दिन से ज्यादा नहीं रोक पायेगा कोई फाइल

नगर निगम की सभी फाइलों को ऑनलाइन करने का काम किया जा रहा है। अब तक सैकड़ों फाइल कम्प्यूटर पर चढ़ाई भी जा चुकी हैं। अन्य फाइलों को भी ऑनलाइन करने का काम किया जा रहा है। हर मामलों में अंतिम हस्ताक्षर नगर आयुक्त के ही होंगे। अगर फाइल में कोई गड़बड़ी हुई तो वे कार्रवाई के लिए भी प्रस्तावित करेंगे।

### सबसे पहले अलीगढ़ में शुरू हुई थी ई–ऑफिस की सुविधा

अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के मुताबिक अयोध्या ई–आफिस की सुविधा शुरू करने वाला प्रदेश का चौथा नगर निगम है। सबसे पहले अलीगढ़, लखनऊ उसके बाद बरेली ने ई–आफिस की सुविधा शुरू की थी।

## आरेडिका परिसर में किया गया रावण दहन एवं किया गया दुर्गा माता की मूर्ति का विसर्जन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आरेडिका आवासीय परिसर के सरस्वती आडिटोरियम के प्रांगण में रावण दहन किया गया। आरेडिका परिसर में तीन अक्टूबर से दुर्गा पूजा त्योहार की शुरुआत किया गया था। आज अन्तिम दिन सुबह दूर्गा माता की पूजा के उपरान्त हवन–यज्ञ करने के बाद, आरेडिका परिसर में निवास करने वाली बंगाली मां–बहनो द्वारा सिंदूर खेला होने के बाद, दूर्गा माता जी की प्रतिमा को आरेडिका के टाईप–4 मंदिर में स्थित तालाब में विसर्जित किया गया संध्या में मुख्य अतिथि एक्सियन श्री पंकज राय जी द्वारा सरस्वती आडिटोरियम के प्रांगण में दूर्गा पूजा कम्पटीशन में भाग लिए सभी बच्चो और आरेडिका के दस वर्ष तक सभी बच्चों को तथा कमेटी के सभी सदस्यों को भी पुरस्कृत किया गया इसके उपरांत एक्सियन श्री पंकज राय जी द्वारा रावण के पुतले में आग लगा कर। रावन दहन किया गया इस अवसर पर सरस्वती आडिटोरियम के प्रांगण में मेला का आयोजन किया गया था।

## धूमधाम से निकली मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जनपद में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा जीआईसी के मैदान से कड़ी सुरक्षा के बीच फतेहगंज, सुभाष नगर, बजाजा, चौक, रिकाबगंज और सिविल लाइन होते हुए गुप्तार घाट के निर्मली कुंड ।निर्मली कुंड में पानी कम होने के कारण जिला प्रशासन ने समीप एक बड़ा गड्ढा खोदवाया है, जहां मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के लिए दो प्लेटफार्म तैयार किए गए हैं, जहां श्रद्धालु ने प्रतिमाओं का विसर्जन किया। शहर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया, और श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई। महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में नाचते-गाते हुए यात्रा में शामिल हुए। पुलिस के साथ-साथ आरएएफ और पीएसी भी सुरक्षा के लिए तैनात हैं। शोभायात्रा में रथ पर सवार होकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## रक्तदान सबसे पुनीत कार्य: गरिमा सरोज अंश गुप्त के 9वें जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्त के पुत्र अंश गुप्त के 9 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य मे रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक मे किया गया। यह रक्तदान शिविर राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व महिला एवं बाल कल्याण सेवा समिति के संयुक्त बैनर तले आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे डूडा की शहरी मिशन प्रबंधक गरिमा सरोज उपस्थित रही जिन्होंने रिबन काट कर शिविर का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था उपाध्यक्ष विजय वर्मा,सचिव शशि रावत व इंद्र प्रीत सिंह वेदी व पूजा रावत ने स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेट कर किया व शिविर की अध्यक्षता समाजसेवी राजेश चौबे ने किया। मुख्य अतिथि गरिमा सरोज ने कहा कि रक्तदान सबसे पुनीत कार्य है यह प्रत्यक्ष जीवनदान है लिहाजा युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।इस मौके पर संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि लोगों मे रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है और संस्था रक्तदान के मामले पिछले चार वर्षो मे जिले मे प्रथम स्थान पर है। महिला एवं बाल विकास कल्याण समिति की अध्यक्ष शैल कुमारी ने कहा की रक्तदान अमृत तुल्य दान है जिससे किसी मरीज की जान बचती है वही रक्तदाता भी हार्ट, बीपी, शुगर व ब्लड से जुड़ी तमाम बीमारियों से सुरक्षित रहते है।रक्तदान करने वालों तरुण कुमार श्रीवास्तव, मनोज आहूजा, शुभम गुप्ता, राम कुमार मौर्या, प्रीती सिंह व अन्य रहें।सभी रक्तदाताओं को मुख्य अतिथि गरिमा सरोज व संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने प्रमाण पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## माँ भगवती की प्रतिमा के विसर्जन अवसर पर हुआ भव्य प्रसाद वितरण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** माँ भगवती माता दुर्गा के विसर्जन के अवसर पर अयोध्या धाम में समाज सेवियों द्वारा तुलसी उद्यान के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रमुख समाज सेवियों ने अयोध्या धाम में आने वाले राम भक्तों के साथ माता के भक्तो के लिए प्रसाद वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया द्य मुख्य रूप में सुल्तान अंसारी पार्षद अभिराम दास वार्ड, अनुज दास पार्षद देवकाली वार्ड, रिशु पाण्डेय पार्षद प्रतिनिधि मणिराम दास वार्ड द्वारा माता के भक्तों की जमकर सेवा की द्य इस अवसर पर सुल्तान अंसारी पार्षद अभिराम दास वार्ड ने कहा कि माँ भगवती माता दुर्गा के विसर्जन के अवसर पर अयोध्या धाम में जो अयोध्या में सेवा समर्पण और आस्था है।

# सद्गुरु कबीर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत: अरविंद

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

कबीर मठ जियनपुर महोबरा बाजार के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब एवं उदार साहेब की पुण्य स्मृति में चल रहे तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का रविवार को समापन हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने कहा कि हमें सद्गुरु कबीर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।




उनका उपदेश मानव-मानव एक समान का था। उन्होंने सद्भावना का संदेश दिया। कबीर का सांप्रदायिक सौहार्द देश-विदेश में एकता-अखंडता स्थापित कर रहा है। श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर कबीर मठ अयोध्या के कार्यवाहक अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास ने कहा कि कबीर मठ में तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का समापन किया गया। प्रतिदिन सुबह बीजक पाठ, उसके बाद विचार गोष्ठी और भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला सन् 2005 से मठ में चल रहा है। यह मेला का 19वां वर्ष रहा है। जो कबीर मठ के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब एवं उदार साहेब की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है।

कबीर मेले ने पूरे देश-दुनिया में सांप्रदायिक सौहार्द एवं एकता-अखंडता का संदेश दिया। गोष्ठी में नरसिंह साहेब, निर्भय दास, राधेश्याम दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर अयोध्या के कार्यवाहक मंत्री संत विवेक ब्रह्मचारी ने किया।इससे पहले मुख्य अतिथि समेत अन्य ने ब्रह्मलीन सदगुरु रामसूरत साहेब और उदार साहेब के चित्रपट पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कबीर मठ जियनपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास द्वारा माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। आकाशवाणी गोरखपुर के प्रख्यात भजन गायक रामप्रसाद साहेब ने अपने भजनों से सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला की महफिल सजा दी। इस अवसर कबीर मंदिर सूरत गुजरात के महंत देवेन्द्र साहेब, महंत रामप्रकाश दास, पूर्व डीसीएफ चेयरमैन बस्ती रामशंकर निराला, जिपं सदस्य बस्ती राजबहादुर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि एवं जनशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर इं. मनोज वर्मा, एडवोकेट वीरेंद्र यादव, डॉ. अजय कुमार, डॉ. दिलीप सिंह, साध्वी ज्योति पांडेय, जोखू यादव, रविंद्र दास, हेमंत दास, युवराज दास, रामलाल दास, भुवनेश्वर दास, राधेश्याम दास, नरसिंह दास, अजीत दास, भानुप्रताप वर्मा इंटर कालेज हनुमत नगर के प्राचार्य निर्मल वर्मा, अनूप जायसवाल, शिवदास पटेल, बृजेश वर्मा, विजय चौधरी, एडवोकेट सर्वेश सक्सेना व योगेंद्र वर्मा, पूर्व प्रधान गुरचरन यादव, शेषनाग, रामसजन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024



**असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक श्री राम...**

असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक श्री राम और रावण के युद्ध का मंचन मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर बाल कलाकारों द्वारा मंचित किया गया...

शेष पेज 07 पर...

# मकान ख़ाली करने के विवाद में पुलिस समेत कई लोगों पर किया गया पथराव, दरोगा-सिपाही समेत छह घायल



### आरोपी बोला, सुनवाई न हुई तो उठाया कदम

पुलिस कर्मियों व किराएदरों पर पथराव करने वाले आरोपी गौरव गुप्ता का कहना था कि किराएदारों से मकान खाली करने के लिए कई बार बोला। ग्वालटोली थाने गए। कई अधिकारियों के चक्कर काटे लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनीं। अंत में उसने खुद ही अपना घर किराएदारों से खाली कराने का फैसला कर लिया।

### मीडिया कर्मियों से भिड़े पुलिसकर्मी

पथराव की सूचना पर पहुंचे मीडिया कर्मियों को कई पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल पर समाचार संकलित करने मना करते हुए धमकी दी। इसके बाद घायल दरोगा व सिपाही को पुलिसकर्मी उर्सला लेकर गए, तो वहां भी मीडिया कर्मियों से पुलिस वालों ने बदसलूकी की और उनके कैमरे पकड़ते हुए कुछ भी बताने से मना कर दिया।



### केस दर्ज, जेल भेजा गया आरोपी

एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि आरोपी गौरव के बवाल व पथराव से दरोगा व सिपाही समेत छह लोग घायल हुए हैं। एसीपी नजीराबाद ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ की। एडीसीपी के मुताबिक आरोपी गौरव के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, पथराव, तोड़फोड़, व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### बिन बॉडी प्रोटेक्टर-हेलमेट पहुंचना पड़ा भारी

क्षेत्र के लोगों के बवाल व पथराव की सूचना पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच तो गए, लेकिन बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट नहीं पहने थे। यही वजह है कि जब गौरव को छत से पथराव किया तो पुलिसकर्मी उसकी चपेट में आकर घायल हो गए। यही नहीं अन्य पुलिस कर्मी गौरव के पास पहुंचने की बजाए दूर खड़े होकर तमाशा देखते रहे। बाद में पहुंचे दमकलकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आरोपी गौरव को दबोच लिया।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ग्वालटोली इलाके में शनिवार सुबह करीब सात बजे मकान खाली कराने को लेकर मकान मालिक के बेटे ओर किराएदारों के बीच विवाद हो गया। मकान मालिक के बेटे ने किराएदारों को घर से बाहर निकालकर भीतर से कुंडी बंद कर ली और उनके कमरों में घुसकर तोड़फोड़ की। किरायेदारों ने घर के बाहर से विरोध किया तो मकान मालिक के बेटे ने चौथी मंजिल से ही ईंट-पत्थर चला दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को पकड़ने की कोशिश की तो उसने आत्महत्या की धमकी दे दी। यही नहीं, पुलिस पर भी पथराव किया जिसमें एक दरोगा व सिपाही समेत छह लोग घायल हो गए।

चार घंटे तक चले बवाल के बाद आखिर में करीब साढ़े 11 बजे दमकलकर्मियों ने चौथी मंजिल से ऑपरेशन चलाकर आरोपी को दबोच दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। हालांकि आरोपी के परिजनों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है।

क्षेत्र की चूड़ी वाली गली में कोयला व्यापारी संजय गुप्ता का चार मंजिला घर है। उसमें अनिल, सूरजबली, मैकू, अलीशा समेत कई किराएदार 4500 रुपये किराए और बिजली का अलग बिल देकर 3-4 वर्ष से रह रहे हैं। किरायेदारों ने पुलिस को बताया कि मकान मालिक का बेटा गौरव गुप्ता उर्फ मालू पिछले कुछ समय से उन लोगों से घर खाली करने को लेकर कहा था। उन लोगों ने कमरा तलाशने में हो रही देरी पर कुछ समय मांगा था। किराएदारों का आरोप है कि शनिवार को दशहरा के दिन सुबह 7.00 बजे गौरव ने गालीगलौज करते हुए सभी किराएदारों को घर के बाहर निकल दिया और भीतर से कुंडी लगाकर चौथी मंजिल पर चढ़ गया।

इसके बाद किराएदारों की गृहस्थी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। यही नहीं, सामान भी नीचे फेंकने लगा। विरोध करने पर चौथी मंजिल से ही पथराव शुरू कर दिया। पथराव में अनिल, उसकी पत्नी अनीता, सूरज बली, मैकू घायल हो गए। इस बीच सूचना पाकर ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची तो गौरव ने उनपर भी पथराव किया।

इस दौरान दरोगा गौरव सोनकर और सिपाही चालक मिलन सिंह घायल हो गए। लोगों ने अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से पुलिस कर्मियों और अन्य घायलों को इलाज के लिए उर्सला अस्पताल भिजवाया।

पथराव के दौरान पीआरवी का शीशा भी टूट गया। पुलिसकर्मियों ने गौरव को समझाने की कोशिश की तो उसने हाथ में सिलिंडर का पाइप खोलकर आग लगाने और चाकू से आत्महत्या की धमकी दी। इस पर पुलिस कर्मी ठिठक गए।झ

इस बीच पुलिस ने दमकलकर्मियों को भी बुला लिया और पीछे के रास्ते सीढ़ी से चढ़कर गौरव को मकान की चौथी मंजिल से पकड़कर उतार लिया।

## धूमधाम से संपन्न हुई गोवर्धन पूजा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



श्री अनंतम अशोक विहार बैकुंठपुर बिठूर कानपुर में महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की पवन अध्यक्षता में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में प्रयागराज से पधारे कथा व्यास अप्रमेय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन धारण की कथा समस्त भक्तों को सुनाकर बताया कि कभी भी व्यक्ति को अभिमान नहीं करना चाहिए इंद्र ने अभियान किया इसलिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन धारण की लीला के माध्यम से इंद्र के गर्व को चूर-चूर किया इसलिए परमात्मा गर्वहारी भी है। महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण की मधुराति मधुर बाल लीला सभी श्रोताओं को श्रवण कराई तथा कालिया नाग पर ठाकुर जी ने शासन किया चीरह रण के माध्यम से गोपियों को शिक्षा दी यज्ञ पत्नियों पर भी ठाकुर जी ने कृपा की और अंत में परम पूज्य स्वामी जी महाराज का आशीर्वचन प्राप्त करते हुए एवं गोवर्धन उत्सव मनाते हुए सत्र को आरती कराकर विश्राम दिया गया। कथा 15 अक्टूबर तक चलेगी समय अपरान्ह 2 बजे से सांय 6 बजे तक संत महा सममेलन व महा प्रसाद भंडारा 16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा के दिन संपन्न होगा।

### शादी का झांसा देकर विश्वविद्यालय की छात्रा से दुष्कर्म



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की स्नातक की छात्रा से उसके साथ पढ़ने वाले छात्र ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। कल्याणपुर पुलिस ने पीड़ित छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी व उसकी मां की तलाश शुरू की है। स्वरूपनगर निवासी युवती ने बताया कि डेढ़ साल पहले विश्वविद्यालय के ही छात्र ऋतिक पटेल से उनके प्रेम संबंध बन गए। ऋतिक उसे अपने परिवार से मिलाने के लिए घर ले जाने लगा। छात्रा का आरोप है कि रितिक ने शादी का झांसा दिया और रावतपुर के एक होटल में ले जाकर कई बार दुष्कर्म किया। शादी के लिए कहा तो उसने और उसकी मां ने इन्कार कर दिया। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मां-बेटे की तलाश की जा रही है।

## टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट आज से





- 14 से 16 अक्टूबर तक 'द स्पोर्ट्स हब' में होगा टूर्नामेंट का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

द स्पोर्ट्स हब और कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज कल सोमवार 14 अक्टूबर से होगा। 16 अक्टूबर तक 'द स्पोर्ट्स हब', आर्यनगर में होने वाले इस टूर्नामेंट में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें कई नेशनल-इंटरनेशनल खिलाड़ी भी शामिल हैं।

टूर्नामेंट का उद्घाटन अपराह्न 12 बजे आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्रीराम बतौर मुख्य अतिथि करेंगें। यह जानकारी उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसियेशन के अध्यक्ष संजीव पाठक 'बॉबी', 'द स्पोर्ट्स हब' के डायरेक्टर ऑपरेशंस पी.के. श्रीवास्तव तथा डायरेक्टर स्पोर्ट्स आर.पी.सिंह ने दी।

श्री पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव और महिला वर्ग में गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को प्रथम वरीयता दी गई है। इसी क्रम में कानपुर अद्वित गुप्ता को पांचवी तथा सत्यम गिरी गुप्ता को आठवी वरीयता मिली है। उन्होंने बताया कि अलग अलग वर्गों में कानपुर के खिलाड़ियों को कई स्थानों पर वरीयता प्रदान की गई है। टूर्नामेंट में कुल 24 इवेंट होंगे, जिनमें पुरुष व महिला के अलावा बालक-बालिका अंडर- 11, 13, 15, 17 व 19 की एकल स्पर्धा तथा वेटरेंस में 39,49,59,64,69,74 आयु वर्ग के पुरुष और महिला वर्ग शामिल है।

## भारत में होगा चौथा उच्च शिक्षा फोरम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर का छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय व चीन के विश्वविद्यालय अनुसंधान के क्षेत्र में साथ मिलकर काम करेंगे। इससे दोनों देशों के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत स्टूडेंट्स ग्लोबल लेवल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। यह निर्णय तीसरे वैश्विक विश्वविद्यालय संघ उच्च शिक्षा फोरम (आईएफएचई) से पूर्व की बैठक में लिया गया।

वहीं, चीन उच्च शिक्षा संघ की ओर से 12-13 अक्टूबर को होने वाले तीसरे वैश्विक विश्वविद्यालय संघ उच्च शिक्षा फोरम (आईएफएचई) में हिस्सा लेने के लिए देश से सीएसजेएमयू के कुलपति एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक, महासचिव डॉ. पंकज मित्तल के साथ बीजिंग पहुंच चुके हैं।

## कानपुर बुंदेलखंड प्रभारी सदस्यता अभियान को बल देने के लिए हुआ शहर आगमन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एमएलसी व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता का बीते दिन सदस्यता महाअभियान को गति देने के लिए कानपुर उत्तर जिले में आए हुआ थे।अनूप गुप्ता आर्य नगर विधानसभा के जनरल गंज मंडल से सदस्यता महा अभियान का आरंभ सुबह 11 बजे किया।सबसे पहले लायिया बाजार के भगवान व्यंकटेश मंदिर में आरती से की।फिर दानाखोरी, हुलागंज, से गड़रिया मोहाल,से लखनऊ फाटक में दोपहर 2.30 पर समापन किया। अभियान के दौरान अनूप गुप्ता और जिला अध्यक्ष दीपू पांडे एक एक दुकानों में गए और सैकडो लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, सुरेश अवस्थी, जितेंद्र विश्वकर्मा राजू, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, मंडल अध्यक्ष योगेश पांडे, पार्षद आदर्श गुप्ता, अमित गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ के विनोद गुप्ता,मंजू त्रिपाठी, अमित दोसर आदि लोग उपस्थित रहे इसके बाद कलक्टर गंज मंडल में सदस्यता अभियान में अनूप गुप्ता और जिला अध्यक्ष दीपू पांडे गए और वहा की दलित बस्ती लक्ष्मी पुरवा कुम्हार वाली गली में घर घर कुंडी खड़का कर लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाई यहां पर मंडल अध्यक्ष रमा शंकर अगहरी, पूनम कपूर आदि लोग उपस्थित थे। फिर सीसामऊ विधान सभा के रायपुरवा मंडल में अनूप गुप्ता और दीपू पांडे के नेतृत्व में राखी मंडी, और कारवालो नगर में घर घर सदस्यता अभियान चलाया गया। यहां पर प्रमुख रूप मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे, पार्षद अंकित मिश्रा, राकेश तिवारी, अनंत मिश्रा, रोहित गिहार शिवा कुमार आदि लोग उपस्थित थे। इसके बाद अनूप गुप्ता और दीपू पांडे ने कौशलपुरी मंडल के गुमटी नंबर 5 बाजार से सदस्यता अभियान की शुरुआत की और दुकानों में सदस्यता करते हुए दर्शनपुरवा में अभियान का समापन किया। यहां विधायक नीलिमा कटियार जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना, मंडल प्रभारी आनंद मिश्रा अभिनव दीक्षित, गुरविंदर सिंह विक्की यशपाल सिंह, पवन प्रताप सिंह।विवेक पांडे, मनोज प्रधान, सुशील अवस्थी नितीन तिवारीकिरण तिवारी, अंकुर शर्मा, नीरज भट्ट, छोटू अग्रवालआदि लोग उपस्थित थे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान रिंद नदी में डूबा किशोर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर में भीतरगांव इलाके के देवपुरा रिंद नदी में फतेहपुर के जहानाबाद कस्बे से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए लोग आए थे। इन्हीं में शामिल एक किशोर रविवार दोपहर ढाई बजे रिंद नदी में डूब गया। सूचना पर सक्रिय हुई साढ़ पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड नरवल टीम ने नदी में स्थानीय गोताखोरों से तलाश शुरू करवाई। हालांकि, देर शाम लापता किशोर का पता नहीं चल सका।

घाट पर पुलिस के मौजूद न होने की बात पर साढ़ पुलिस ने पड़ोसी जिले से आकर मूर्ति विसर्जन करने की जानकारी न होने की बात कही। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। फतेहपुर के जहानाबाद कस्बे में नवरात्रि अवसर पर मां दुर्गा पूजा के लिए मूर्ति स्थापित की गई थी। सोमवार को मूर्ति विसर्जन यात्रा साढ़ इलाके के देवपुरा गांव किनारे से निकली रिंद नदी पुल पर पहुंची।

विसर्जन यात्रा में महोलिया गांव निवासी गल्ला व्यापारी विमल यादव का बेटा नितिन (17) भी घाट पर मौजूद था। मूर्ति विसर्जन के दौरान वह नदी में नहाने लगा। बहाव तेज होने पर वह गहराई में फंसकर डूबकर गुम हो गया। मौके पर पहुंची मां और बहनें दहाड़े मार कर रोने लगी, तो हर किसी की आंखे नम हो गई। साढ़ पुलिस के मुताविक सूचना मिलते ही स्थानीय नौका की मदद से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। नरवल से आए फायर ब्रिग्रेड पुलिसकर्मी भी खोजबीन में मदद कर रहे हैं।

### अब भाजपा के चेहरे पर निगाह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कानपुर के सीसामऊ उपचुनाव को लेकर सपा और बसपा के प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद अब सभी की निगाह भारतीय जनता पार्टी के संभावित चेहरे पर टिकी है। भाजपा की ओर से प्रस्तावित उम्मीदवारों को एक पैनल प्रदेश इकाई के जरिए दिल्ली भेजा जा चुका है। इसमें अभी यह तय नहीं हो पाया है कि पार्टी सीसामऊ में किस बिरादरी को मैदान में उतारेगी।

## बाइकों की सीधी भिड़ंत में तीन की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थरियांव थाना क्षेत्र में हाईवे पर बड़े पुल के पास दशहरे की शाम करीब रात आठ बाइकों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई। एक बाइक में सवार दो युवक गलत दिशा से जा रहे थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है। हादसे से परिजनों का हाल बेहाल है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मदारीपुर कला निवासी स्व. राजाराम लोधी का पुत्र राजेश लोधी (22) गांव के शेरसिंह यादव उर्फ अतर सिंह (33) पुत्र रामकिशोर यादव के साथ बाइक से बिलंदा कस्बा रावण जलाने के लिए पटाखा लेने जा रहे थे।

बड़े पुल के सामने शहर की ओर आ रहे बाइक सवार पिंटू (26) पुत्र गुलाब निवासी रेडुया आबूनगर सदर कोतवाली से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसा देखकर आसपास के लोगों ने परिजनों व पुलिस को खबर दी। एंबुलेंस से तीनों को जिला अस्साल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में शेर सिंह यादव की मौत हो गई।

डाक्टर ने घायल राजेश लोधी व पिंटू को कानपुर रेफर किया। उसकी सरसौल के पास सांसे थम गई। कानपुर हैलट में रात को ही पिंटू की इलाज दौरान सांसे थम गई। चौकी प्रभारी सुमित देव पांडेय ने बताया कि पिंटू की कानपुर में मौत होने का पता लगा है।

परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## एक्सप्रेस वे पर हादसे में मां-बेटे की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आगरा से बाइक से माधौगंज जा रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई और पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को यूपीडा कर्मियों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया और परिजनों को हादसे की जानकारी दी। हरदोई के माधौगंज थाना क्षेत्र के शेखनपुर गांव निवासी सतेंद्र सिंह पत्नी कंचन व बेटे खुनखुन और चुनमुन के साथ बाइक से आगरा गए थे। शुक्रवार को चारों लोग बाइक से घर आ रहे थे।

रात में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ठठिया क्षेत्र के 210 कट पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## नकली दवाएं बेच रहे मेडिकल स्टोर संचालक



### 12 तरह की दवाओं की रिपोर्ट आनी बाकी

काइमोरल फोर्ट के दो अलग-अलग बैच थे। इसमें सॉल्ट बिल्कुल भी पाया नहीं गया। वे इन दवाओं में खड़िया या चूने का इस्तेमाल कर रहे थे। 18 नमूनों में से छह की रिपोर्ट आ गई है। इस सभी नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। हाईपरटेंशन सहित अभी 12 तरह की दवाओं की रिपोर्ट आनी बाकी है।

### पैकेजिंग देख और बिल न दे पाने पर हुआ शक

ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने बताया कि बिरहाना रोड पर रुटीन जांच में मेडीलाइफ एजेंसी से मॉन्टेयर एलसी और ग्लिमस्टार जैसी दवाईयों की पैकेजिंग कुछ अलग सी लगी। दवाओं के बिल मांगे, तो उन्होंने निगम ब्रदर्स के यहां का सैंपल दे दिया। निगम ब्रदर्स दवाओं का बिल नहीं दे सके।

### इनके लाइसेंस किए जाएंगे निरस्त

तुरंत ही हमारी टीम ने दोनों जगहों से कुल 18 सैंपल इकट्ठे किए और लखनऊ प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे। इसमें छह की रिपोर्ट आ गई और सभी दवाइयां नकली मिली हैं। इसके अलावा कुछ दवाइयों की रिपोर्ट आनी बाकी है। अभी दोनों ही मेडिकल स्टोर की क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई है। इनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। जो लोग भी दवाई खरीदें पैकेजिंग अच्छे से देखने के साथ ही बिल जरूर लें।

### केपीएम अस्पताल से भी लिए सैंपल

ड्रग विभाग की ओर से केपीएम अस्पताल की दवाओं के नमूने लिए गए। अस्पताल से एंटीबायोटिक, गैस, वायरल आदि दवाओं के नमूने लेकर लखनऊ प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने बताया कि अस्पताल में 16-17 प्रकार के नमूने इकट्ठे किए गए हैं। रिपोर्ट 60 दिन के भीतर आएगी।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में कई मेडिकल स्टोर संचालक शुगर, बुखार, गैस की नकली दवाएं बेच रहे हैं। बिरहाना रोड स्थित निगम ब्रदर्स और मेडीलाइफ एजेंसी की दवाएं जांच में फेल हो गईं। इनमें सॉल्ट बिल्कुल नहीं पाया गया। एक दवा जीरोडॉल एसपी में सौ में सिर्फ सात प्रतिशत ही सॉल्ट मिला। सॉल्ट की जगह खड़िया और चूना पाया गया।

ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान ने बताया कि आठ अगस्त को बिरहाना रोड के ज्ञानवीर निगम ब्रदर्स के यहां 15 और रिजुल गुप्ता मेडीलाइफ एजेंसी के यहां तीन नमूने लिए गए थे, जिसमें छह नमूने फेल पाए गए। रिपोर्ट आते ही मेडिकल स्टोर के क्रय विक्रय पर रोक लगा दी गई है। अभी नौ नमूनों की रिपोर्ट आनी बाकी है।

वहीं, ड्रग विभाग ने केपीएम अस्पताल से भी 16-17 तरह के नमूने इकट्ठे किए गए हैं। उन्हें जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजा गया है। रेखा सचान ने बताया कि मॉन्टेयर एलसी एलर्जी, डायबिटीज ग्लिमस्टार, एसीलॉक आरडी गैस, काइमोरल फोर्ट टेबलेट, मोनटेर एफएक्स टेबलेट के सैंपल नकली मिले।

### प्रेमिका ने पर फोन नहीं उठाया तो युवक ने दी जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। प्रेमिका से मिलने के लिए चार दिन पहले पश्चिम बंगाल से आए युवक ने बाबूपुरवा के मुंशीपुरवा में किराए के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। शनिवार को उसने मिलने के लिए प्रेमिका को कई बार फोन किया, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। इससे दुखी युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## दुष्कर्म में फंसाया था युवक को अब युवती पर चलेगा मुकदमा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में भाई का उसके साले से झगड़ा होने के कारण भाई को जेल जाना पड़ा, तो बहन ने बदला लेने के लिए भाई के साले पर दुष्कर्म का झूठा आरोप मढ़ दिया। एक साल तक युवक को उस गुनाह के लिए जेल में रहना पड़ा, जो उसने किया ही नहीं। कोर्ट में पीड़िता, उसकी बहन और नानी बयान से मुकर गईं। अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट योगेश कुमार ने जहां अभियुक्त को दोषमुक्त करार दिया वहीं झूठी गवाही देने वाली पीड़िता और उसकी नानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के भी आदेश दिए हैं। पनकी थानान्तर्गत महामायापुरम निवासी किशोरी की नानी ने 28 अक्टूबर 2023 को पनकी थाने में मोहल्ले के रहने वाले गोविंद निषाद के खिलाफ दुष्कर्म, गाली-गलौज, छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि 26 अक्टूबर की रात पीड़िता अपनी बहन और नानी के साथ घर लौट रही थी।

### चाकू लहराते हुए भाग निकला था गोविंद

तभी अंधेरे में गोविंद पीड़िता का मुंह दबाकर घसीट ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़िता की चीख सुनकर उसकी बहन और नानी दौड़े, तो गोविंद चाकू लहराते हुए भाग निकला। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गोविंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अधिवक्ता सलीम ने बताया कि कोर्ट में पीड़िता ने बयान में कहा कि भाई-भाभी का प्रेम विवाह हुआ था।

### बयान में कहा- उसने गोविंद को कोई घटना करते नहीं देखा

गोविंद उसके भाई का साला है। गोविंद का उसके भाई से झगड़ा हो गया था जिस कारण भाई को जेल जाना पड़ा था। इसी रंजिश में उसने झूठा मुकदमा लिखा दिया। उसने गुस्से में आकर मजिस्ट्रेट को झूठा बयान देने की बात कही। घटना की चश्मदीद गवाह पीड़िता की बहन ने बयान में कहा कि उसने गोविंद को पीड़िता के साथ कोई घटना करते नहीं देखा और न ही बहन ने उसे कुछ बताया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली पीड़िता की नानी ने बयान में कहा कि वह पढ़ना-लिखना नहीं जानती। उसने थाने में बैठे आदमी से तहरीर लिखाई थी, जिस पर उसने हस्ताक्षर बना दिए।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कर पाएंगे प्रशांत किशोर?

**किसी भी नया काम करने वाले को समाज पहले हंसी उड़ाता है, इसके बावजूद अगर वह रूका नहीं तो उसे कुछ उपलब्धियां हासिल होने लगती हैं। इससे समाज के स्थापित प्रभु वर्ग को परेशानी होने लगती है। तो वह उन उपलब्धियों की अनदेखी करने लगता है। फिर भी व्यक्ति रूकता नहीं तो उसकी उपलब्धियों को वही समाज नोटिस लेने लगता है और आखिर में उसे सर आंखों पर बैठा लेता है। प्रशांत किशोर इस प्रक्रिया के दो चरणों को पार कर चुके हैं। अब उनकी उपलब्धियों का बिहारी राजनीतिक दल नोटिस लेने लगे हैं।**

*पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान तमाम रैलियों का गवाह रहा है, लेकिन इस मैदान में आधी सदी के अंतर पर हुई दो रैलियों में कम से कम बिहार की अवाम एक समानता देख रही है। पांच जून 1974 को 72 साल के बुजुर्ग जेपी ने संपूर्ण क्रांति का नारा देकर इंदिरा की सर्वशक्तिमान सत्ता को उखाड़ने की पूर्व पीठिका रच दी थी। इस बार इंदिरा की सत्ता उखाड़ने जैसा कोई लक्ष्य तो नहीं है, लेकिन गांधी जयंती के अगले दिन तीन अक्टूबर को 47 साल के प्रशांत किशोर से बड़ी उम्मीदें लगा रखी हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशांत किशोर अपनी पार्टी के जरिए जनसुराज की बयार बिहार की धरती पर बहा पाएंगे या फिर बदलाव की राजनीति का दावा करने वाले दूसरे लोगों की तरह वे भी पारंपरिक राजनीति का ही हिस्सा बन जाएंगे? वैसे बिहार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्हें ठीक उसी तरह प्रशांत किशोर से उम्मीद नहीं है, जैसी नाउम्मीदी पारंपरिक दलों से है। बिहार की राजनीति के संदर्भ में प्रशांत किशोर की राजनीतिक पारी की पड़ताल करने से पहले एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वे बिहार की राजनीति में तीसरा स्तंभ भी बन पाएंगे? बिहार में यूं तो छोटे-बड़े कई राजनीतिक दल हैं, लेकिन मोटे तौर पर राज्य की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाले गठबंधन में तमाम तरह की वैचारिकी वाले कई दल शामिल हैं, जिनमें देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी तो है ही, वामपंथी दल भी हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की अगुआई में नीतीश कुमार का जनता दल यू, जीतनराम मांझी की हम, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी शामिल है। इस दो खेमे की राजनीति के बीच में यह सवाल उठना वाजिब है कि क्या प्रशांत किशोर इन दोनों गठबंधनों के बीच अपनी तीसरी राह बना पाएंगे ? बिहार की राजनीति का जब भी संदर्भ आता है, गर्व भाव से उसे याद किया जाता है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में बिहार के बेटे ने कुंवर सिंह ने जहां देश को नई दिशा दिखाई, स्वाधीनता संग्राम में जयप्रकाश नारायण ने भी नौजवानों को उसी अंदाज में जगा दिया था। इन्हीं जयप्रकाश को दूसरी आजादी का नायक का भी सम्मान हासिल है। बिहार की राजनीति का जब भी बखान होता है, तब इन ऐतिहासिक चरित्रों के हवाले से यह दावा जरूर किया जाता है कि बिहार की राजनीति भविष्य की राजनीति को प्रभावित करती है। इसे उलटबांसी ही कहा जा सकता है कि जिस बिहार की धरती का गौरवबोध वैशाली के गणतंत्र से भर उठता है, जिसे बुद्ध और महावीर की धरती का गौरव हासिल है, उसी बिहार की धरती आज के दौर में जातिवादी राजनीति में ही अपना आज का गौरव ढूंढने में गर्व महसूस करती है। दिलचस्प यह है कि बिहार की राजनीति को लेकर गर्वबोध से भरा रहने वाला समाज भी अपनी धरातली सोच में जातिवादी बोध को अलग नहीं कर पाता। फिर भी बिहार में एक वर्ग ऐसा भी है, जो बिहार के मौजूदा पिछड़ेपन से चिंतित रहता है। जिसे इस यह बात सालती है कि उसके राज्य के हर गांव की जवान आबादी का बड़ा हिस्सा दुनियाभर में दिहाड़ी मजदूर बनने को मजबूर है। इसी वर्ग की उम्मीद बनकर प्रशांत किशोर उभरे हैं। प्रशांत किशोर से आस लगाए वर्ग को बिहार की दरिद्रता, बिहारी लोगों का राज्य के बाहर मिलने वाला अपमान सालता है। इसलिए वे चाहते हैं कि प्रशांत किशोर उभरें और राज्य की जाति-धर्म वाली राजनीति को बदलें।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पाकिस्तान में कठमुल्ला खुले तौर पर भारत का विरोध करते हैं, जबकि सेना नेपथ्य में रहकर। पाकिस्तान के यह सभी कठमुल्ले पंजाबी मूल के हैं। पाकिस्तान में भारत के मित्रों के लिए स्पेस खत्म हो चुका है। पाकिस्तान में निर्वाचित सरकार पर कठमुल्लों और सेना का दबाव अपने आप में गंभीर मसला है। आपके पड़ोस में अराजकता का होना सही नहीं माना जा सकता। इससे आप भी परेशान ही होते हैं। भारत का यह दुर्भाग्य ही है कि पाकिस्तान जैसा घटिया देश उसका पड़ोसी है। इससे तमाम मोर्चो पर डील करना चुनौती तो होती ही है। दरअसल पाकिस्तान जनता का दुर्भाग्य है कि उन्हें बेहद गैर-जिम्मेदार नेता और गैर-जिम्मेदार सरकार मिलते रहे हैं।**

# क्यों नहीं थम रहे पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले


डॉ0 आर.के. सिन्हा

**पिछले साल पाकिस्तान बाढ़ से तबाह हो गया था। तब पाकिस्तान कटोरा लेकर दुनिया से मदद की गुहार लगा रहा था। दूसरी तरफ वह हथियारों का सौदा भी कर रहा था। बाढ़ के कारण देशभर में 800 से अधिक लोगों के मारे गए थे और लाखों लोग बेघर हो गये थे। फिलहाल पाकिस्तान कठमुल्लों के आगे बेबस है। चीनियों पर लगातार हो रहे हमले इस बात की गवाही हैं।**

पाकिस्तान में बीते रविवार को कराची हवाई अड्डे के पास आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिक मारे गए और कम से कम 10 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। विस्फोट सिंध प्रांत में बिजली परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले पर निशाना साध कर हुआ था। पृथकतावादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने हाल के वर्षों में पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं में शामिल चीनी नागरिकों पर बार-बार हमले किए हैं, ने सार्वजनिक घोषणा करके कहा है कि उसके संगठन ने ही हमला किया है। इसने कहा कि उसने कराची हवाई अड्डे से आ रहे ÷चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के एक काफिले÷ को ÷निशाना बनाया÷। यह हमला उस वक्त हुआ है जब पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इसमें भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भी भाग लेना है। यह भी याद रखा जाए कि चीनियों पर हमला उस वक्त हुआ है जब वहां इंग्लैंड की क्रिकेट टीम टेस्ट मैच खेल रही है। जाहिर है, आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान का यह दावा तार-तार हो गया है कि वहां हालात सामान्य हैं। दरअसल पाकिस्तान में चीन के सहयोग से बन रही बहुत सारी विद्युत और अन्य विकास परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी इंजीनियरों पर लगातार हो रहे हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कुछ महीने पहले पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया है। ये परियोजनाए हैं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे हैं। चीनियों पर हमले बलूचिस्तान और सिंध में भी हो रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सटे हुए अफगानिस्तान से। पाकिस्तान के मीडिया में छपी खबरों पर यकीन करें तो इस साल के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। कराची में धमाके पर चीनी दूतावास ने कहा कि उनके इंजीनियर चीनी-वित्तपोषित उद्यम पोर्ट क़ासिम पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड का हिस्सा थे, जिसका लक्ष्य कराची के पास पोर्ट क़ासिम में दो कोयला ऊर्जा संयंत्र बनाना थे। पाकिस्तान में हज़ारों चीनी नागरिक विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे हैं, उनमें से कई बीजिंग की अरबों डॉलर की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में दोनों देशों के बीच एक आर्थिक गलियारा बनाने में शामिल हैं। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का



**पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। चीन भी अपने नागरिकों की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहा है। हालांकि चीनियों पर हमले थम नहीं रहे हैं। चीनी नागरिकों पर हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जाता है।**

दोहन हो रहा हैं, पर स्थानीय लोगों को कुछ नहीं मिल रहा है। कराची में विस्फोट के बाद पाकिस्तान ने रस्मी अंदाज में कह दिया कि पाकिस्तान सरकार चीनी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। खबरों के मुताबिक, विस्फोट होते ही कराची के बहुत बड़े भाग के आसमान में घना धुआं छा गया। सारे कराची में दहशत का माहौल व्याप्त है। पाकिस्तान से आने वाली खबरों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। चीन भी अपने नागरिकों की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहा है। हालांकि चीनियों पर हमले थम नहीं रहे हैं। चीनी नागरिकों पर हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जाता है। यह तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। टीटीपी भी चीनियों के पीछे हाथ धोकर पड़ा है। हालांकि यह सच है कि चीनी नागरिकों पर होने वाले हमलों की बीएलए ने सबसे अधिक बार जिम्मेदारी ली है, जिसमें बीते मार्च में ग्वादर बंदरगाह के पास एक पाकिस्तानी नौसैनिक हवाई अड्डे पर हमला भी शामिल है। बीएलए ने अप्रैल 2022 में कराची विश्वविद्यालय के कन्फ्यूशियस संस्थान के पास आत्मघाती हमले में तीन चीनी ट्यूटर और एक पाकिस्तानी ड्राइवर की हत्या कर दी थी। पाकिस्तान का आतंकवाद का शिकार होना दुखद तो है, पर इसने आतंकवाद को भरपूर खाद-पानी भी दिया है। क्या यह बात सारी दुनिया को नहीं पता। कौन नहीं जानता कि मौलाना अजहर और उनके संगठन जैश ए मोहम्मद को पाक सेना के इशारों पर काम करने वाली खुफिया एजेंसी आईएसआई से मदद मिलती है। जैश भारत का जानी दुश्मन रहा है। जैश सरीखे संगठनों को हमारे पंजाब में आतंकवाद के दौर के बचे हुए गुटों को फिर से खड़ा करने का जिम्मा सौंपा गया है। जैश ए मोहम्मद लश्कर ए तैयबा से ज्यादा खतरनाक और जिद्दी संगठन है। इसका एकमात्र मकसद भारत को हर लिहाज से नुकसान पहुंचाना है। पाकिस्तान में कठमुल्ला खुले तौर पर भारत का विरोध करते हैं, जबकि सेना नेपथ्य में रहकर। पाकिस्तान के यह सभी कठमुल्ले पंजाबी मूल के हैं। पाकिस्तान में भारत के मित्रों के लिए स्पेस खत्म हो चुका है। पाकिस्तान में निर्वाचित सरकार पर कठमुल्लों और सेना का दबाव अपने आप में गंभीर मसला है। आपके पड़ोस में अराजकता का होना सही नहीं माना जा सकता। इससे आप भी परेशान ही होते हैं। भारत का यह दुर्भाग्य ही है कि पाकिस्तान जैसा घटिया देश उसका पड़ोसी है। इससे तमाम मोर्चो पर डील करना चुनौती तो होती ही है। दरअसल पाकिस्तान जनता का दुर्भाग्य है कि उन्हें बेहद गैर-जिम्मेदार नेता और गैर-जिम्मेदार सरकार मिलते रहे हैं। ऊपर से करप्ट सेना ने पाकिस्तान को कहीं का नहीं रहने दिया। पिछले साल पाकिस्तान बाढ़ से तबाह हो गया था। तब पाकिस्तान कटोरा लेकर दुनिया से मदद की गुहार लगा रहा था। दूसरी तरफ वह हथियारों का सौदा भी कर रहा था। बाढ़ के कारण देशभर में 800 से अधिक लोगों के मारे गए थे और लाखों लोग बेघर हो गये थे। फिलहाल पाकिस्तान कठमुल्लों के आगे बेबस है। चीनियों पर लगातार हो रहे हमले इस बात की गवाही हैं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 06:41 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 24:31 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | गांदा, 17:53 |
| सूर्योदयः | 06:25 |
| सूर्यास्तः | 17:48 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 07:50-09:16 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44 -12:29 |

## जन एक्सप्रेस

### लगे खेलने खेल !

*है अभी शुरुआत ये ।*
*लगे खेलने खेल ।।*
*रहा यही यदि हाल ।*
*होगा कैसे मेल ?*
*सारे चतुर खिलाड़ी ।*
*रहे हैं पासा फेंक ।।*
*है गद्दी का मामला ।*
*मतभेद भी अनेक ।।*
*होंगे कैसे एकजुट ?*
*है वही सवाल ।।*
*हो रही ना शांति ।*
*बस केवल बवाल ।।*
*एकता की बात थी ।*
*होते दरकिनार ।।*
*झलक रहा है बहुत कुछ ।*
*करते जो व्यवहार ।।*


- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मंजिष्ठा की चाय पीने से शरीर को मिलते हैं कई फायदे

**हमारी** प्रकृति ने हमें कई जड़ी-बूटियां तोहफे में दी हैं। ये जड़ी-बूटियां कई स्वास्थ्य समस्याओं में रामबाण का काम करती हैं। इसी तरह मंजिष्ठा भी असरदार जड़ी-बूटी मानी जाती है। कई आयुर्वेदिक दवाएं बनाने के लिए इस जड़ी-बूटी को इस्तेमाल किया जाता है। मंजिष्ठा के सेवन से कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलती है। इसकी चाय बनाकर पीने से त्वचा से जुड़ी समस्याएं भी ठीक होती हैं। ये हर्ब हार्मोन्स को बैलेंस करने में भी मददगार है। लेकिन क्या आप जानते हैं इससे क्या फायदे मिलते हैं?



**बॉडी डिटॉक्स करें:** मंजिष्ठा की चाय पीने से शरीर से टॉक्सिन बाहर आते हैं। यह चाय बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करती है। इसके सेवन से खून साफ होता है और खून में मौजूद टॉक्सिन भी बाहर आते हैं। इसके सेवन से पूरे शरीर को फायदा मिलते हैं।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण:** शरीर में सूजन कम करने के लिए भी मंजिष्ठा की चाय फायदेमंद होती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो इंफ्लामेशन कम करने में मदद करते हैं। इसके सेवन से त्वचा की सूजन भी कम होती है।

**एंटीऑक्सीडेंट:** एंटीऑक्सीडेंट हमारी शरीर के लिए जरूरी होते हैं। यह स्किन को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं और हेल्दी रहने में मदद करते हैं। मंजिष्ठा की चाय में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जिससे यह डेली डोज के लिए अच्छा विकल्प है।

**स्किन हेल्थ:** मंजिष्ठा की चाय पीने से त्वचा को कई फायदे मिलते हैं। इसके सेवन से एक्ने, एक्जिमा और सोराइसिस जैसी त्वचा संबंधित समस्याएं ठीक होती हैं। इसके सेवन से स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है।

**डाइजेस्टिव हेल्थ:** अगर आपको पाचन संबंधित समस्याएं रहती हैं, तो मंजिष्ठा की चाय से बेहतर आपके लिए क्या ही होगा। मंजिष्ठा की चाय में मौजूद नेचुरल गुण पाचन संबंधित समस्याओं से राहत देते हैं। इसके सेवन से आपको अपच, एसिडिटी और पेट फूलने जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।


**वजाइनल हेल्थ के लिए फायदेमंद:** मंजिष्ठा की चाय पीने से हेल्दी पीरियड्स में मदद मिलती है। यह ब्लीडिंग को नॉर्मल बनाने और पेट दर्द से राहत देने में मददगार है। इसके सेवन से वजाइना हेल्दी रहती है। मंजिष्ठा की चाय में एंटी-माइक्रोबियल गुण भी होते हैं जिससे यूटीआई की समस्या ठीक होती है।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद:** हार्ट को हेल्दी रखने के लिए भी मंजिष्ठा की चाय फायदेमंद है। इसके सेवन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और ब्लड प्रेशर मेंटेन रहता है। यह हार्ट ब्लॉकेज खोलने में भी फायदेमंद है। इसके सेवन से हार्ट हेल्थ को फायदा होता है।

**मंजिष्ठा की चाय बनाने का तरीका:** मंजिष्ठा की चाय बनाने के लिए एक कप पानी गर्म करें। इसमें मंजिष्ठा की एक स्टिक डालें और पकने दें। पानी आधा रह जाने तक पकाएं और छान लें। इसे आप दिन में एक बार कभी भी पी सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि आप इसका सेवन खाली पेट न करें। ध्यान रखें कि आप दिन में एक बार से ज्यादा इसका सेवन न करें। अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या की दवा लेते हैं, तो आपको डॉक्टर की सलाह पर ही इसका सेवन करना चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए सुधारें जीवन शैली


गिरीश्वर मिश्र

**बाज़ार और विज्ञापन ने सुख को उपभोग से जोड़ कर आग में घी काम किया और अब हम अपनी 'सफलता' और विकास अधिकाधिक उपभोग में देखने के आदी होते गए हैं परंतु तनाव, चिंता, दबाव, अकेलापन, व्यसन या लत, असंतुष्टि, कुंठा जैसे अनुभव सामान्य हैं।**

**कहते हैं हमारा मन ही बांधता है और मुक्त भी करता है। हम सामान्यतः जीवन की स्थितियों को चुनते हैं, यह अलग बात है कि हमारा चयन कैसा है। कई बार स्थितियाँ हमारे न चाहने पर भी आरोपित हो जाती हैं। आज तेज रफ़्तार ज़िंदगी में गति, मात्रा और तीव्रता के पैमाने तेज़ी से बदल रहे हैं। इच्छाओं की पूर्ति होना प्रीतिकर है और हम पूर्णता का अनुभव करते हैं।**

**स्वस्थ** रहना, यानी अपने आप में (आत्मस्थ!) रहना हमारी स्वाभाविक स्थिति होनी चाहिए पर समकालीन परिवेश में यह संभव नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य में थोड़ा बहुत उतार-चढ़ाव तो ठीक होता है और वह जल्दी ही संभल भी जाता है पर ज़्यादा विचलन होने पर वह असह्य हो जाता है और तब व्यक्ति को 'बीमार' या 'रोगी' कहा जाता है। तब मन बेचैन रहता है, शरीर में ताक़त नहीं रहती और दैनिक कार्य और व्यवसाय आदि के दायित्व निभाना कठिन हो जाता है, जीवन जोखिम में पड़ता-सा लगता है और उचित उपचार के बाद ही स्वास्थ्य की वापसी होती है। किसी स्वस्थ आदमी का अस्वस्थ होना व्यक्ति, उसके परिवार, सगे-सम्बन्धी और परिजन और मित्र सभी के लिए पीड़ादायी होता है और जीवन की स्वाभाविक गति में व्यवधान उपस्थित हो जाता है। रोग की तीव्रता के अनुसार उसका असर कम या ज्यादा अवधि तक बना रह सकता है। रोग होने का मुख्य कारण व्यक्ति की आनुवंशिक पृष्ठभूमि के साथ, उसकी जीवन शैली और वे भौतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियाँ भी होती हैं जिनमें हम जीवन यापन करते हैं। तीव्र सामाजिक परिवर्तन के दौर में लगातार बदलाव आ रहे हैं। गौरतलब है कि अक्सर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच भेद किया जाता है हालाँकि यह सोच ठीक नहीं है। मानसिक परेशानी के चलते शारीरिक बीमारियाँ और शारीरिक रोग से मानसिक रुग्णता होना एक आम बात है। शरीर और मन को अलग रखना ग़लत है क्योंकि स्वास्थ्य और अस्वास्थ्य दोनों ही स्थितियों में ये एक संयुक्त इकाई के रूप में ही काम करते हैं। हम रोग का अनुभव भी करते हैं और उससे निपटने की कोशिश भी करते हैं। जब जीवन की घटनाएँ ख़ास तौर पर त्रासद (ट्रमेटिक) होने लगती हैं तो मानसिक की आहट मिलने लगती है। इस दृष्टि से बेरोज़गारी, सामाजिक अन्याय, पारिवारिक विघटन, जीवन-हानि, और ग़रीबी जैसी स्थितियाँ आम आदमी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। कम्प्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धि जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों के चलते काम-काज अधिकाधिक स्वचालित होते जा रहे हैं। इससे न केवल कर्मियों की ज़रूरत घटती जा रही है बल्कि कार्य की प्रकृति भी बदल रही है। स्मार्टफ़ोन और टेबलेट जैसे सूचना और संचार के उपकरणों के नए-नए माडल शान-शौक़त का प्रतीक भी बनते जा रहे हैं। सोशल मीडिया की लत भयानक साबित हो रही है। लोग 'लाइक' और 'सब्सक्राइब' करने के अनुरोध से आजिज़ आने लगे हैं। ऐसे उपकरणों के न होने पर आदमी की हैसियत कम आंकी जाती है जो मानसिक अस्वस्थ्यता का कारण बनती है। साथ ही शारीरिक श्रम से बचने और फ़ास्ट और जंक फ़ूड खाने से शरीर बेडौल हो रहा है और लोग क़िस्म-क़िस्म के रोगों के भी शिकार हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हुए स्वास्थ्य-सर्वेक्षणों में दुश्चिंता, ओसीडी, पीटीएसडी, फोबिया, बाई पोलर डिसऑर्डर आदि मनोरोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। लोग मादक द्रव्य, तम्बाकू, मद्यपान और विभिन्न ड्रग्स का सेवन भी तेज़ी से कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपटें इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य का भयावह चित्रण कर रही हैं। स्थिति की भयावहता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अकेले उत्तरी अमेरिका में सन 2022 में 326 बिलियन डालर अवसाद (डिप्रेशन) के उपचार में खर्च हुआ था। दस वर्ष पहले 2010 में यह खर्च 210.5 बिलियन डालर का था। प्रौढ़ जनसंख्या में एक तिहाई लोग अनिद्रा रोग से ग्रस्त है। गौरतलब है कि 1999 के बाद आत्महत्या के मामलों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत में 2017 में हुए सर्वेक्षण में हर सात भारतीयों में से एक किसी न किसी मनोरोग से ग्रस्त होता पाया गया। आज अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं और आर्थिक संसाधन बढ़ने के साथ जीवन-विस्तार यानी शरीर की आयु तो बढ़ गई पर आदमी का मन कमजोर होने लगा। अल्ज़ाइमर और डेमेंशिया के रोगी प्रौढ़ होते लोगों में तेज़ी से बढ़ रही हैं। इस बीच वृद्ध जनों को लेकर पारम्परिक सामाजिक-सामुदायिक समर्थन भी कमजोर हुआ है। अस्तित्व का व्यापकीकरण, नई प्रौद्योगिकी, पारिवारिक विघटन, और समाज के ताने-बाने में आ रहे बदलाव अवसाद को तेज़ी बढ़ा रहे हैं। अवसाद, मद्य निर्भरता, बाईपोलर डिसऑर्डर और शीजोफ़्रेनिया आज एक महामारी के रूप में उभर रही है। दुश्चिंता (ऐंगजाइटी), जिसमें जीवन के भविष्य को लेकर भय और जोखिम की चिंता, पेशीय तनाव आदि शामिल होता है।

# असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक श्री राम और रावण युद्ध हुआ

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक श्री राम और रावण के युद्ध का मंचन मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर बाल कलाकारों द्वारा मंचित किया गया। रामलीला के अंतिम दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। मंच पर रावण को परास्त करने के पश्चात राम व लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकार ने परिसर में मौजूद विशालकाय रावण और कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया। रावण दहन देखने के लिये क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रतिवर्ष विजयादशमी के उपलक्ष्य में हुई रामलीला के दौरान पारंपरिक रावण कुम्भकर्ण के पुतलों के दहन का दहन शनिवार की शाम को संपन्न हुआ। संकटा देवी धाम के सास्कृतिक मंच पर चल रही तीन दिवसीय रामलीला के तीसरे दिन लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध में लक्ष्मण के घायल होने पर लंका के वैद्यराज सुषेन द्वारा बताई गई दवा संजीवनी को लाने की चुनौती हनुमान ने स्वीकार की और उसे खोजकर लाने का दृश्य देखकर दर्शक काफी प्रभावित हुए। रामलीला के दौरान राम द्वारा चलाये जा रहे शक्तिशाली बाणों का असर रावण पर न होने पर रावण के भाई विभीषण द्वारा रावण के नाभि में अमृत होने की जानकारी पाकर राम ने जब रावण की नाभि पर प्रहार किया तब जाकर कहीं रावण पर विजयी प्राप्त कर पाना संभव हो सका। राम-रावण युद्ध का दृश्य काफी रोमांचक था। राम ने रावण के पुतलों के पास पहुंचकर उन्हें अग्निबाणों से जलाया इसे देखकर दर्शक काफी रोमंचित हो उठे। रावण के जलने के बाद उस ढांचे की लकड़ियां घर ले जाने की होड़ देखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग रावण दहन देखने के लिए उमड़े। रावण दहन के समय कोतवाल अनिल सिंह कस्बा इंचार्ज संतोष राय ने पुलिस कर्मियों व पीएससी के जवानों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान सम्हाली। मौके पर दमकल विभाग के लोग भी मोजूद रहे। संपन्न हुई रामलीला व रावण दहन कार्यक्रम में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, सुरेंद्र शास्त्री, लालता प्रसाद जयसवाल, शिवदास पुरवार, अशोक नाग, कौशल गुप्त, रमा कश्यप, अशोक नाग, राजकुमार वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सीपी तिवारी, केके सिंह, गौरव मिश्र, दक्ष पांडेय सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# लखीमपुर में अजब आर्यावर्त बैंक का गजब कारनामा

- 3 लाख का केसीसी लोन, 3 साल पहले मर चुके व्यक्ति का बैंक ने कर दिया

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**




**लखीमपुर खीरी।** जनपद में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है,जहां एक मृतक किसान के नाम पर फर्जी कागजात बनाकर किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट) लोन लेने का आरोप लगा है। इस भ्रष्टाचार में बैंक कर्मियों और बिचौलियों की मिलीभगत बताई जा रही है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।क्या है पूरा मामला?मामला है पढुआ थाना क्षेत्र के रमिया बेहड़ का, जहां आर्यावर्त बैंक की सुजानपुर शाखा में करीब 30 साल पहले मर चुके एक किसान के नाम पर तीन लाख रुपए का चष्टष्ट लोन निकाला गया। पीड़ित परिवार को जब इस धोखाधड़ी की भनक लगी, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित आफिसर पुत्र इब्राहिम ने बताया कि उनके बाबा, सैफू पुत्र प्यारे, की तीन एकड़ कृषि योग्य जमीन थी। दशकों पहले घाघरा नदी के कटान में ये जमीन नदी में समा गई थी। सैफू की मृत्यु हुए भी 30 साल हो चुके हैं। अब जब जमीन फिर से खेती के लायक हुई और परिवार ने दाखिल-खारिज के कागजात निकलवाने की कोशिश की, तो पता चला कि जमीन पहले ही बंधक रखी जा चुकी है।

आर्यावर्त बैंक के मैनेजर और कुछ बिचौलियों ने सैफू के नाम पर फर्जी कागजात तैयार कर तीन लाख रुपए का लोन निकाल लिया। इसमें बैंक के कर्मचारी रमेश उर्फ लालू, बिचौलिया जिबरान और अन्य लोग शामिल बताए जा रहे हैं।

पीड़ित ने इस मामले की शिकायत पढुआ थाने में दी है। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि तहरीर मिल गई है और जल्द ही मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित आफिसर और उनके परिवार का कहना है कि उनकी पुश्तैनी जमीन के साथ हुआ ये धोखा बेहद शर्मनाक है।

अब वे न्याय के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# दशहरा मेले को लेकर ट्रस्ट और नगर पालिका आमने-सामने

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

दशहरा मेला को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब दुकानदारों से दोहरी रसीद काटे जाने का मामला सामने आया है। रविवार की दोपहर नगर पालिका और ट्रस्ट के लोग आमने- सामने आ गए और जमकर हंगामा हुआ। मौके पर एसडीएम और कोतवाली पुलिस पहुंची है। दरअसल रावण वध के तुरंत बाद लखीमपुर में दशहरा मेला की शुरुआत हो जाती है। करीब 160 साल पुराने इस मेले में इस बार विवाद की छाया है। शुरुआत में मथुरा भवन ट्रस्ट ने मेला कराया जाने की बात कही और दुकानदारों से दुकान लगाने के लिए रसीद कटवा ली। इसके बाद प्रशासन की सहमति से नगर पालिका को दोबारा मेल करने का जिम्मा मिल गया तो नगर पालिका अपनी रसीद कटने लगी। इसका दुकानदारों ने विरोध कर दिया। उनका कहना है की एक ही मेले के लिए दो अलग-अलग रसीद काटना कहां का न्याय है? इसी को लेकर रविवार दोपहर हंगामा हो गया।

# शारदीय नवरात्र के मौके पर क्षेत्रभर में 160 से अधिक स्थानों पर निकली दुर्गा प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



शारदीय नवरात्र के मौके पर क्षेत्रभर में 160 से अधिक स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्राएं विभिन्न स्थलों से गाजे-बाजे और बैंड-बाजों की धुन पर थिरकते, नाचते गाते, गुलाल उड़ाते, मां के गगनभेदी जयकारे लगाते महिला, पुरुषों, युवाओं और बच्चों की भारी भीड़ पवित्र चौका नदी के चंदौली घाट पहुंची। घाट पर श्रद्धा, भक्ति, उत्साह और विश्वास की भक्तिरूपी त्रिवेणी में जनसमूह हिलोरें मारने लगा।

नवरात्र पर महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पुरवार वैश्य धर्मशाला, रमुवापुर, बेहटा छावनी, शहजानी, सरैंया, चांदपुर, रामपुर मथुरा, बांसुरा, जयरामपुर, गोंडा देवरिया, सेमरी चौराहा, गोडैचा, पैंतेपुर आदि 160 से अधिक स्थानों पर भक्तों ने देवी प्रतिमाओं की स्थापना कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ कवि सम्मेलन, जवाबी कीर्तन, भावनृत्य प्रतियोगिताएं, देवी जागरण आदि आयोजित करने के साथ वातारण भक्तिमय बना दिया था। भक्तों ने स्थापित प्रतिमाओं की महाआरती करके गाजे-बाजे के साथ सुमली नदी, शारदा नहर, केवनी व पवित्र चौका नदी में श्रद्धा के साथ विसर्जित किया। चंदौली घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से नावें व भारी संख्या में गोताखोर, पुलिस व पीएसी बल लगाया गया था। कस्बे से निकलने वाली प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए एसडीएम शिखा शुक्ला, सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह, कस्बा इंचार्ज संतोष रायग् अपने मातहतों के साथ मूर्तियों को शहर की सीमा से सुरक्षा के साथ बाहर निकलवाया।

# दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



शनिवार की रात सीतापुर फोरलेन पर चोरों ने एक देशी शराब समेत दो दुकानों का ताला तोड़ दिया। चोर शराब की दुकान से नगदी, सीसीटीवी कैमरे और पास की सरिया सीमेंट की दुकान से करीब पांच हजार रुपये चोरी कर ले गए। दोनों घटनाओं की तहरीर पुलिस को दी गई है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी मंजीत सिंह सलूजा की सीतापुर फोरलोन पर एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र में गांव मुड़िया खेड़ा के पास देशी शराब की दुकान है। पास में एक अन्य सरिया सीमेंट की दुकान हैं। फोरलेन पर पूरी रात वाहनों का आना-जाना रहता है। पुलिस पिकेट, हाईवे पैट्रोलिंग भी रहती है। पुलिस से बेखौफ चोरों ने शनिवार की रात देशी शराबा और सरिया सीमेंट की दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ दिया और अंदप घुस गए। देशी शराब की दुकान के मालिक मंजीत सिंह सलूजा ने बताया कि चोर उनकी दुकान से करीब 10 हजार रुपये की नगदी, सीसीटीवी कैमरे आदि चोरी कर ले गए। पड़ोस की दुकान से करीब पांच हजार रुपये की नगदी ले जाने में सफल रहा। सुबह लोगों ने ताले टूटे देखे तो घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी फुटेज खंगाल रही है। दोनों वारदातों की तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन सदर कोतवाली पुलिस ने जांच की बात कहकर अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# तीन माह बाद मैलानी नानपारा के बीच ट्रेन ने भरी रफ्तार तो खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

रविवार से मैलानी नानपारा के बीच ट्रेन संचालन फिर से शुरू हो गया। तीन माह बाद स्टेशन पर नानपारा की ओर जाने के लिए आई ट्रेन देखकर कस्बावासियों से लेकर यात्रियों में चेहरों पर खुशी छा गई। बता दें कि बाढ़ आने की वजह से जुलाई माह के पहले सप्ताह में पलिया -भीरा के बीच प्रेम नगर के पास रेलवे ट्रैक कट गया था। तब से इस रूट पर ट्रेनों का संचालन बंद था।

मैलानी से नानपारा जा रही पैसेंजर ट्रेन रविवार सुबह 10-25 पर पलिया स्टेशन पहुंची। इससे बेलरायां, तिकुनियां, बिछिया, मिहींपुरवा, नानपारा की ओर जाने वाले यात्रियों से लेकर रेलवे स्टेशन चौराहे पर स्थित दुकानदार खुश हो गए।सहायक स्टेशन मास्टर अजीत कुमार ने ट्रेन पहुंने पर लोको पायलट का स्वागत किया।पहले दिन पलिया से नानपारा की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या 15 से 20 रही।स्टेशन के बाहर स्थित होटल संचालक पप्पू सहित उत्तम नाग,पान वाले संजय चौरसिया,पूड़ी वाले पवन,चाय वाले वीरेंद्र नाग आदि ने बताया कि ट्रेन न चलने से कामधाम काफी प्रभावित था। मगर, अब यात्रियों की आवाजाही होने से कामधाम को गति मिलने के साथ चौराहे की रौनक भी बढ़ेगी।

# शारदीय नवरात्र पर विशाल कन्या भोज का हुआ आयोजन






**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

शारदीय नवरात्रि के अवसर परमां जगत जननीकी चरणों में समर्पित विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया।

जिसमें नगर के कई विद्यालयों से 751 कन्याओं भोज में शामिल हुई।नगर की मिल रोड स्थित श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कन्या भोज में कृषक समाज इंटर कॉलेज एवं स्वामीववेकानंद महर्षि विद्यापीठ. एवं श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज सहित 751छात्राओं ने हिस्सा लिया आयोजन में छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सभी विद्यालयों की शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीकृषक समाज इंटर कॉलेज के जीव विज्ञान के प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार, भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक पारस प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने स्वयं पंडित और शास्त्री के रूप में पूजा पाठ कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विशाल कन्या भोज प्रारंभ कराया।

कार्यक्रम के इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र पाल गौतम नायब तहसीलदार सर्वेश यादव कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सिह पंज्योति प्रसाद तिवारी, हरिओम भसीन, तनुज भसीन, श्यामसुंदर जयसवाल, कैलाश चंद्र गुप्ता, नानक चंद वर्मा जिलाअध्यक्ष व्यापार मंडल, आशीष अवस्थी सभासद, प्रदीप जायसवाल, संजय अवस्थी, जितेंद्र गट्टानी, गोपाल कृष्ण शुक्ला, पंकज यादव, बालकृष्ण गुप्ता, गौरव मिश्रा, दिलीप कुमार जायसवाल, विजय सिंह चौहान सहित समस्त सहयोगी गण उपस्थित रहे।

# नहीं मिली उधार शराब तो शख्स ने फूंक दी दुकान

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



सदर कोतवाली के अंतर्गत मिश्रण चौकी क्षेत्र में सेठ घाट रोड पर एक देशी शराब की दुकान में अराजक तत्वों ने उधारी शराब न मिलने पर आगजनी की।पहले तो उपद्रवियों ने एक शराब की बोतल खरीदी और फिर उसी को दुकान पर छिड़ककर आग लगा दी।घटना के दौरान दुकान के सेल्समैन अंदर मौजूद था, लेकिन दुकान में मौजूद लोगों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उपद्रवी आग लगाते हुए दिख रहे है।

# नवरात्र के बाद माता की मूर्ति विसर्जन यात्रा



**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्ण नाथ खीरी**

छोटी काशी में माता रानी का वैष्णो दरवार कई वर्षों से दुर्गा पूजा समिति की ओर सजाया जाता हैद्य इसके बाद बड़े ही धूमधाम से मुहूर्त का विसर्जन किया जाता है और इसके साथ ही नगर में अन्य कई स्थानों पर भी माता रानी की स्थापना की जाती है। नवरात्रि के समापन के बाद आज विसर्जन के लिए भव्य झाकियों के साथ यात्रा निकाली गई।

जिसका नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपने सभासदों व पालिका कर्मचारियों के साथ पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, रज्जन खान, रियाजुद्दीन, सुशील कश्यप, आशीष अवस्थी, इजरान, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार, वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता, सुनील मिश्रा, लवकुश अवस्थी, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, प्रदीप खतौलिया, मोहित अवस्थी, अवधेश कुमार, टीटू पाठक, रवि, मनोज राठौर, संजय कुमार, राजेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी**

नगर पंचायत के मैरिज हाल में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पचायत के अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने किया रविवार को नगर पंचायत के मैरिज हाल में सीतापुर अस्पताल की ओर से निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 250 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। इस दौरान अस्पताल डॉक्टर निधि सिंह ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने बताया कि नेत्र जांच में अधिकतर मरीजों को मोतियाबिंद तथा दूरदृष्टि की बीमारी का प्रकोप देखा गया है। यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधापन से बचा जा सकता है। इसलिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे 50 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर अस्पताल लेकर रवाना हुए। इस मौके पर लिपिक अखिलेश अवस्थी आरिफा बुशरा, शैलेन्द्र शुक्ला, मिथलेश, खुशी, नसीम, रोहित, गोविंद तानिया मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति-पुत्र घायल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



पत्नी और बेटे के साथ जा रहे बाइक सवार को पीछे से कार ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि पति और पुत्र घायल हो गए। चालक कार मौके पर छोड़कर भाग निकला। सहोरा निवासी अरुण कुमार श्रीवास्तव (40) अपनी पत्नी अरुणा देवी (38) और पुत्र आदर्श (15) के साथ बाइक से जमालपुर जा रहे थे। गांव से बाहर निकलकर वह सड़क पर आए ही थे कि पाली की तरफ से आ रही कार ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती और पुत्र सड़क पर गिर गए। बाइक कार में फंस गई और 200 मीटर तक घिसटती चली गई। इसके बाद कार कंडे की बठिया में टकराकर सड़क किनारे खाई में लटक गई। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया। यहां अरुणा को मृत घोषित कर दिया गया, पति और पुत्र को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि कार कब्जे में ले ली है। पंजीकरण नंबर के आधार पर मालिक की तलाश की जा रही है।

# भाजपा नेता सहित बेटे और भतीजे पर फायरिंग

- गोली लगने से बेटा घायल सदस्यता अभियान से लौट रहे थे

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**



उत्तर प्रदेश के मथुरा में रविवार की शाम आरोपियों ने भाजपा नेता और उनके बेटे व भतीजों पर फायरिंग झोंक दी। गोली लगने से बेटा घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना बलदेव थाना क्षेत्र के नगला अर्जुन गांव की है। गांव निवासी भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी डॉ एनपी सिंह भरंगर व उनके पुत्र और भतीजों पर नामजद युवकों ने फायरिंग झोंक दी। इसमें डॉ एनपी सिंह व भतीजे राहुल व प्रशांत बाल-बाल बच गए। उनके पुत्र पुष्पेंद्र के दाहिने हाथ में गोली लगी है। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना से मौके पर भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपियों ने पांच-छह फायर झोंके। भाजपा नेता डॉ एनपी सिंह भरंगर ने बताया कि भाजपा सदस्यता अभियान से दोपहर को वापस लौट रहे थे। आरोपी मनीष, बबलू व इनके पिता वीरेंद्र सिंह ने सड़क पर बाजरे की साफ-सफाई कर रहे थे।


हम किसी तरह गाड़ी निकालकर आए। इस पर आरोपी मनीष व बबलू ने धमकी दी। कहा तुमको देख लेंगे। इसके बाद बेटे, भतीजे और मुझ पर तमंचा से हमला बोल दिया। मैं नीचे बैठ गया, भतीजों ने बंबा में कूदकर जान बचाई। पुत्र पुष्पेंद्र को गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल बेटे को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।

यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। थानाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वृंदावन के होटलों में सस्ता कैमरा देने के नाम पर ठग रहे शातिर

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**



मथुरा के चर्चित गेस्ट हाउस की मिलती-जुलती फेक ई-मेल आईडी बनाकर जालसाजों ने सस्ते दामों में किराये पर कमरा बुकिंग का झांसा देकर कई पर्यटकों से हजारों रुपये ठग लिए। बुकिंग के बाद गेस्ट हाउस के पते पर पहुंचे पर्यटकों से मामला पकड़ में आ गया। वृंदावन के इस्कॉन गेस्ट हाउस के संचालक ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। साइबर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। इस्कॉन गेस्ट हाउस के प्रबंधक रवि लोचन दास ने साइबर थाने में दी तहरीर में बताया है वृंदावन में इस्कॉन मंदिर है। उसी परिसर में पर्यटकों की ठहरने की व्यवस्था के लिए इस्कॉन गेस्ट हाउस भी है। गेस्ट हाउस के कमरे ऑनलाइन माध्यम से भी बुक किए जाते हैं। उन्होंने बताया है 3 अक्तूबर को दलजीत घाई ने गेस्ट हाउस की वेबसाइट से ऑनलाइन कमरा बुक किया था। उन्होंने तीन बार में 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे। ऐसे ही अलग-अलग तारीखों में संजय अरोरा, पूजा पटनायक और सतीश ने भी कमरा की ऑनलाइन बुकिंग की थी। तीनों ने किराये के लिए करीब 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इस बीच बारी-बारी से पर्यटक गेस्ट हाउस के पते पर वृंदावन पहुंचे तो गेस्ट हाउस संचालक ने उनके नाम से कमरा बुक होने से इन्कार कर दिया। पर्यटकों ने संचालक को ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाए तो मामला पकड़ में आय गया। आरोप है साइबर अपराधियों ने उनके गेस्ट हाउस की फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर सस्ते दामों में किराये पर कमरा देने का झांसा देकर चार पर्यटकों से 30 हजार रुपये ठग लिए। साइबर पुलिस आरोपियों की कुंडली खंगालने में जुटी है।

## विजय दशमी पर झंडी राज महल में मनाया गया शस्त्र पूजन का कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी।** विजय दशमी के उपलक्ष्य पर झंडी राज महल में हमेशा की तरह इस बार भी शस्त्र पूजन व भोज का आयोजन किया गया। झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने राज परिवार के साथ सर्वप्रथम पारंपरिक पूजा अर्चना के बाद शस्त्रों का पूजन किया। जिसके बाद गीतकारों द्वारा आए हुए क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को दशहरा गीत सुनाए गए ।राजा राजेश्वर सिंह ने बताया की पूर्वजों के जमाने से विजय दशमी के दिन महल में शस्त्रों की पूजा अर्चना के साथ भव्य कार्यक्रम मनाया जाता रहा है। उसी क्रम को बढ़ाते हुए इस बार भी विजय दशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम मनाया गया ।कार्यक्रम में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, आरएसएस के जिला प्रचारक अविनाश जी, एसडीएम राजीव निगम,सीओ महक शर्मा, इंस्पेक्टर महेश चंद्र के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## साड़ी फैक्टरी की मशीन में आया करंट, मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस । मथुरा।** मथुरा के हाईवे नगर थाना क्षेत्र स्थित मसानी बाईपास लिंक रोड पर शुक्रवार की सुबह साड़ी फैक्टरी में करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई। मृतक अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। बेटे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। चामुंडा कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय सनी माहौर पुत्र गौरीशंकर मसानी बाईपास लिंक रोड स्थित एक साड़ी फैक्टरी में काम करता था। शुक्रवार की सुबह वह रोजाना की तरह काम पर आया और साड़ियों में कलर करने के लिए मशीन पर काम करने लगा। सुबह 11 बजे के करीब मशीन में अचानक करंट आ गया और सनी उसकी चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। साथियों ने जब उसे करंट लगते देखा तो किसी तरह मशीन से हटाया, तुरंत ही साथी उसे अस्पताल लेकर दौड़े, यहां से चिकित्सकों ने उसे सिटी हास्पीटल के लिए रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के मौसी के लड़के दीपक ने बताया कि इससे पूर्व कई मजदूरों को मशीन के कारण करंट लग चुका है। सनी को भी पूर्व में कई बार करंट लगा। इसकी शिकायत भी उन्होंने फैक्टरी स्वामी से की। इस पर इलेक्ट्रिशियन टीम ने तारों पर टेप लगाकर छोड़ दिया, लेकिन मशीन में करंट न लगे इसका कोई पक्का इंतजाम नहीं किया।

# संगठित रहकर ही कर पाएंगे खुद की और देश की सुरक्षा : मुख्यमंत्री

■ मानसरोवर रामलीला मैदान में प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह में बोले मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम संगठित रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। छुआछूत, अश्पृश्यता को दूर कर एकजुट रहेंगे खुद की और राष्ट्र की भी सुरक्षा कर सकेंगे। हमें उन पाखंडों से दूरी बनाकर रहना है जिससे चलते गुलामी का दंश झेलना पड़ा और आक्रांताओं को हमारे धर्म स्थलों को खंडित करने तथा सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने का मौका मिला।

सीएम योगी विजयादशमी की शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठित न रहने के कारण ही गुलामी के अलग अलग कालखंड में कभी काशी में विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में राम मंदिर और मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर को अपवित्र करने दुस्साहस आक्रांताओं ने किया। हम परतंत्र होंगे तो फिर ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वतंत्रता सिर्फ राजनीतिक ही नहीं होती। बल्कि वह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्वतंत्रता की वाहक भी होती है। इसलिए हमें संगठित होकर स्वतंत्रता दिलाने वाले अनेकानेक बलिदानियों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है।



### सामाजिक एकता भारत की विरासत का हिस्सा

मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठित रहने के लिए, संगठन की ताकत दिखाने के लिए आवश्यक है कि हम जाति, मत, संप्रदाय, भाषा, छुआछूत जैसे भेदभाव से दूर रहें। इसी संदेश से लोगों को जोड़ने के लिए अयोध्या में जहां 500 वर्षों के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना है तो वहीं श्रीराम की कथा को देने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या के एयरपोर्ट का नामकरण किया गया है। अयोध्या में रसोईगृह माता शबरी के नाम पर बनी है तो यात्री विश्रामालय भगवान राम के अभिन्न सखा निषादराज के नाम पर। यह सामाजिक एकता भारत की विरासत का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रृंगवेरपुर में भगवान राम और निषादराज की गले मिलती प्रतिमा का निर्माण सरकार करवा चुकी है। वर्ष 2025 में प्रयागराज में भव्य और दिव्य कुम्भ का आयोजन भी विरासत के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन होगा।

### मानवता के खिलाफ काम करने वाला, चाहे वह कोई हो उसका रावण की भांति जलेगा पुतला

सीएम योगी ने कहा कि विजयादशमी पर एक तरफ जहां श्रीराम का राज्याभिषेक होता है, उनकी आरती उतारी जाती है तो वहीं दूसरी तरफ इस अवसर पर रावण का पुतला दहन भी होता है। इसमें यह संदेश निहित है कि जो भी मानवता के खिलाफ काम करेगा, अत्याचार करेगा, अधर्म और असत्य के मार्ग पर चलेगा उसका ऐसे ही पुतला जलेगा, चाहे वह कोई भी हो। और जो धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए मानवता का कल्याण करेगा, विरासत और विकास में सहभागी बनेगा उसकी, श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण और रामभक्त हनुमान के रूप में उसकी पूजा होती रहेगी, अभिनंदन होता रहेगा। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, अयोध्या से आए धर्मदास, काशी से आए संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, पूर्व महापौर सीताराम जायसवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, शोभित मोहनदास, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, लोक गायक राकेश श्रीवास्तव, रामलीला समिति के अध्यक्ष रेवती रमन दास, महामंत्री पुष्पदंत जैन, मनीष अग्रवाल, दीप अग्रवाल, राजीव रंजन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### मजबूती से आगे बढ़ी है विरासत के संरक्षण, विकास की यात्रा

सीएम योगी ने कहा कि विरासत के संरक्षण और विकास की यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ी है। देश और दुनिया में रहने वाले सनातनियों, भारतीयों को इस पर गर्व होता है। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले कौन मानता था कि अयोध्या में जन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो पाएगा। तब हमारे जैसे कुछ सनातनी ही दृढ़ विश्वास से कहते थे कि श्रीराम मंदिर अवश्य बनेगा। और, आज मंदिर निर्माण का संकल्प साकार हो गया है। काशी में भव्य विश्वनाथ धाम की परिकल्पना साकार हो गई है। विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी धाम का भव्य स्वरूप साकार हो रहा है। चित्रकूट रामराज्य की परिकल्पना के साकार होने का साक्षी बन रहा है। पांच हजार वर्ष पूर्व जिस शुक्रतीर्थ में पहली बार भगवत कथा हुई थी, उसका गौरव पुनर्स्थापित हो रहा है। नैमिषारण्य को पौराणिक और वैदिक काल के स्वरूप से नई काया में प्रस्तुत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मानसरोवर मंदिर के पास जहां यह रामलीला हो रही है वहां मंदिर के दर्शन कम भैंस के दर्शन अधिक होते थे। जबकि आज यूपी में मानसरोवर मंदिर सहित एक हजार से अधिक स्थानों का पुनरोद्धार हो चुका है।

### धर्म की स्थापना, संतों के उद्धार और मानवता के कल्याण के लिए हुआ श्रीराम का अवतरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विजयादशमी के पावन पर्व पर हम अपनी हजारों वर्ष की विरासत को अपने इष्ट के श्रीचरणों में समर्पित कर राज्याभिषेक के रूप में मनाते हैं। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने जब अधर्म, असत्य, अन्याय और अत्याचार के पर्याय रावण का वध किया होगा तो संभवतः इसी तरह सायंकाल रहा होगा। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरव की अनुभूति है कि उन्हें भारत की विरासत से जुड़ी विजयादशमी पर गोरक्षपीठ की तरफ से प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का अवसर प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हजारों वर्षों पूर्व विष्णु भगवान ही धर्म की स्थापना, संतों के उद्धार और मानवता के कल्याण के लिए श्रीराम के रूप में अवतरित हुए थे। जो दुख, कष्ट, षडयंत्र आपके जीवन में रहते हैं, वही श्रीराम के साथ ही होते रहे। पर, जीवन पर्यंत वह धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग से विचलित नहीं हुए। जीवन के प्रत्येक पक्ष में मर्यादा का पालन करते हुए उन्होंने रामराज का आधार खड़ा किया।

## एक्सप्रेस खबरें...




### सर्वजन आवाज पार्टी का अनिश्चितकालीन प्रदर्शन जारी

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** रविवार को बहादुरपुर से कुरी बाजार तथा शंकरपुर से कमरिया घाट तक मार्ग की मरम्मत की मांग को लेकर के शंकरपुर बाजार में सर्वजन आवाज पार्टी के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के धरना स्थल बीसवे दिन लोगों ने अपने सर पर काली पट्टी बांधकर के प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे हुए लोग प्रतिदिन अलग अलग तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं। धरने को संबोधित करते हुए सर्वजन आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय कर्नल राजेंद्र यादव जी ने कहा कि उपरोक्त रोड की इस दुर्दशा के जिम्मेदार चीफ इंजीनियर राकेश वर्मा गोरखपुर और पीडब्ल्यूडी प्रमुख सचिव अजय चौहान हैं इन लोगों को इस सड़क से चार पांच जनपद से प्रतिदिन लगभग पांच लाख लोगों के आवागमन करने वालों के ऊपर अन्याय अत्याचार करने का पाप लगेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों को पूरी नहीं करती है तो 16 अक्टूबर से निरंतर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष गिरिजेश मिश्र ब्यास मुनि यादव मनोहर जायसवाल संजय यादव उदय प्रताप सिंह फूल बदन आदित्य पटेल अशोक कुमार यादव सुनील यादव आदित्य पटेल ई अजय कुमार यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव पर किया शस्त्र पूजन

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न बाजारों, चौराहों पर विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में दुदही नगर पंचायत के सुराजी बाजार मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता अमर हिंदुस्तानी ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, संघ पूरे वर्ष अपने पंच प्रण पर कार्य करेगा जिसमें स्व जागरण अर्थात स्वदेशी, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता कुटुम्ब प्रबोधन मुख्य कार्य रहेगा, संघ के स्वयंसेवक शाखा लगाने के साथ साथ पंच परिवर्तन पर भी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 99 वर्ष के राष्ट्र कार्य मे समर्पण,त्याग, राष्ट्र निर्माण, अनुशासन साहस के बल में 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा। शस्त्र पूजन का महत्व वैदिक एवं पौराणिक है जिसमे वर्ष में एक बार धर्म एवं राष्ट्र रक्षा के लिए अपने शस्त्रों का पूजन करते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह ब्यास नारायण, खण्ड संघचालक नरेंद्र मिश्र, खण्ड कार्यवाह दिग्विजय नाथ सह खंड कार्यवाह गोपीचंद गुप्ता हरेंद्र गॉड, शारीरिक शिक्षण प्रमुख राहुल कुमार, कमलेश पाल, डॉक्टर राजन सिंह, अमरनाथ सिंह कुशवाहा, प्रवीण राय, हरेंद्र पाल, बीकू खरवार, जितेंद्र खरवार संजय शर्मा, बबलू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है सरकार

**सीएम योगी ने जनता दर्शन में 300 लोगों की सुनीं समस्याएं , संतुष्टिपरक निराकरण के दिए निर्देश**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी।

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।



### राजस्व व पुलिस संबंधित मामलों में निष्पक्षता व पारदर्शिता बरतने का दिया निर्देश

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

# सिर पर रख चार किलोमीटर पैदल चल मां दुर्गा की प्रतिमा को झरही में किया विसर्जित



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जनपद के ग्रामीण इलाकों में दुर्गा पंडाल में स्थापित प्रतिमाओं का शनिवार को खिरकिया घाट झरही नदी में विसर्जित किया गया। इसके पूर्व पंडाल में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा की महिलाओं ने खोइछा भराई की रस्म पूरी की।

दुर्गा पूजा सेवा समिति के आयोजकों ने देवी मां के प्रतिमा को चार किलोमीटर माथे पर सिर पर रखकर पैदल ही झरई नदी पहुंचे। जहां मां दुर्गा लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

इस दौरान सिधुआं बाजार दुर्गा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की छोटी प्रतिमा को आयोजक समिति के तरफ से पंडाल से लेकर खिरकिया घाट झरही नदी तक पैदल लेकर पहुंचे भक्तों ने मां दुर्गा का विसर्जन किया। इस दौरान संतोष गुप्ता साधु बाबा, आनंद वर्मा, राजू कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, जितेंद्र वर्मा, सुदर्शन मद्धेशिया, गुड्डू वर्मा, अजय कुशवाहा, आनंद वर्मा, राजू कुशवाहा, मनोज वर्मा, जितेंद्र बर्मा, हरि कुशवाहा, अमरजीत कुशवाहा, सुरेश दास, मुन्ना भारती, सुरुज गुप्ता आदी लोग मौजूद रहे।



### बिजली विभाग ने बिल भुगतान को लेकर रैली निकाल उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** बकाया बिजली बिल के भुगतान के लिए रविवार को बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने सड़कों पर जागरूकता रैली निकाली। बैनर और पोस्टर लेकर कर्मचारी बिजली बिलों का भुगतान करने की अपील कर रहे थे। बिजली बिल का बकाया होने पर कनेक्शन काटे जा रहे थे। विद्युत वितरण खंड पडरौना के अधिशासी अभियंता संजय सागर के नेतृत्व में डिवीजन कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें अधिशासी अभियंता स्वयं चल रहे थे उनके साथ विभाग के उपखंड अधिकारी शशिकांत गुप्ता अवर अभियंता सर्वेश कुमार दुबे, दीपक कुमार, राकेश और अन्य कर्मचारी बैनर लेकर चल रहे थे। अधिकारी लोगों से बिजली बिल जमा करने की बात कह रहे थे अधिशासी अभियंता ने कहा कि जिस भी उपभोक्ता के दस हजार रूपए का बकाया है विशेष चेकिंग एवं राजस्व वसूली अभियान में उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा 10 हजार रूपए के ऊपर के बकायेदार जल्द से जल्द बिल का भुगतान करें। नेवर पेड उपभोक्ता अपना बकाया विद्युत बिल तत्काल जमा करें नहीं तो लाइन काट दी जाएगी एवं पीडी की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी तथा बकाया राजस्व वसूली के लिए जिला प्रशासन को आरसी प्रेषित कर दी जाएगी। चोरी से बिजली ना जलाएं पकड़े जाने पर जुर्माना तथा एफआईआर दर्ज होगा। रैली द्वारा कठकुईया मोड़ से सुभाष चौक,आवास विकास होते हुए बावली चौक,तिलक चौक आदि जगहों पर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया।

### घायलावस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान हुई मौत, पिता ने की कार्रवाई की मांग



**जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा।** जनपद के झंगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवाबारी पलिपा के टोला तिवारी जोत के निकट, कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के पिपरही निवासी वर्षीय अरविंद घायल अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि कुछ युवकों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद उसकी जमकर पिटाई की गई, जिसके कारण वह बुरी तरह घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घायल अवस्था में अरविंद को जिस स्थान पर पाया गया, वहां से 100 मीटर की दूरी पर उसकी बहन का घर बताया जा रहा है। मृतक की बहन के ससुर रामाज्ञा ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। रात लगभग 11 बजे कुछ लोग आए और बताया कि एक युवक घायल है, जो खुद को उनका रिश्तेदार बता रहा है। जब उन्होंने वहां जाकर देखा, तो अरविंद घायल पड़ा था। इसके बाद पुलिस आई और अरविंद को ब्रहमपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सदर अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।अरविंद के पिता पारस ने कहा कि उनका बेटा अपनी बहन के घर जाने के लिए निकला था, और पुलिस द्वारा उन्हें सूचना दी गई कि उनका लड़का घायल है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# फर्जी दस्तावेजों से नलकूप चालक की हथियाई नौकरी

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

फर्जी अधिवास प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी कर रहे नलकूल संचालक लें रहा 65 हजार वेतन, हुई विभागीय कार्रवाई, जांच टीम गठित। बताते चलें कि जनपद के फरेंदा तहसील क्षेत्रांतर्गत बृजमनगंज क्षेत्र के ग्राम सभा मैनहवॉ टोला रसूलपुर निवासी मुबारक अली पुत्र मोहम्मद जहूर ग्राम सभा धरैचा नौवाडीह खुर्द में नलकूप चालक पद के पर कार्यरत है।

बता दें कि भर्ती प्रक्रिया के समय प्रकाशन नोटिस में स्पष्ट रुप से वर्णित था कि जिस ग्राम सभा में नलकूप स्थापित है उसी गांव का निवासी होना अनिवार्य हैं ।चूंकि मुबारक अली तहसील के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को गुमराह कर ग्राम सभा धरैचा नौवाडीह खुर्द के नाम पर अधिवास प्रमाण पत्र बनवा कर किसी तरह नौकरी को पाने में सफल रहा ।फर्जी अधिवास प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी करना व दस्तावेज फर्जी लगाना अपराध के श्रेणी में आता है।

मिली शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम ने जांच का आदेश दिया तो हुई जांच में खुलासा हुआ कि नलकूप चालक मुबारक अली ग्राम सभा मैनहवॉ टोला रसूलपुर के स्थाई निवासी हैं और वर्तमान में भी निवास करता हैं।

जब मामला जिलाधिकारी के पास पहुंचा तो जिलाधिकारी ने श्रम रोजगार कार्यालय से जांच कराया तो यह खुलासा हुआ कि नलकूप चालक मुबारक ग्राम सभा मैनहवॉ टोला रसूलपुर का स्थाई निवासी हैं। जबकि नलकूप विभाग के जिम्मेदार मामला संज्ञान में होने के बाद भी निलंबन की कार्रवाई पर टाल मटोल हो रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बर्खास्तगी की कार्रवाई हो चुकी हैं। वहीं फरेंदा अधिशासी अभियंता एन के श्रीवास्तव ने बताया कि विभागीय कार्रवाई चल रही है जो भी होगा जल्द सामने आएगा।




# धूमधाम से मनाया गया चक्रवर्ती सम्राट अशोक धम्म विजय दशमी उत्सव

**जन एक्सप्रेस । रामकोला कुशीनगर**

विकास खंड के चंदर पुर के मलगहा पोखरा पर सम्राट अशोक धम्म विजय दशमी महापर्व का सफल आयोजन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के प्रसिद्ध जादूगर व समाज सुधारक स्वर्गीय सियाराम महतो रहे। कार्यक्रम में सम्राट अशोक एवं बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया उसके बाद वक्ताओ ने सम्राट अशोक के जीवन के बारे में बताए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वर्गीय सियाराम महतो ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए जीवन में जादू और चमत्कार के प्रभाव के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा लोगो को इससे सतर्क रहने की सलाह दी और जादू दिखा कर लोगो का मनोरंजन भी किया तथा जादू से कैसे चमत्कार होता है इसका प्रमाण दिखा कर पर्दाफाश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दल सिंगार कुशवाहा एवं संचालन रामाशंकर कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रवि कुमार यादव, राधेश्याम, रामाशंकर यादव, कैलाश बौद्ध, तूफानी प्रसाद, रामाश्रय पासवान, धनपाल, श्रीनावास, रजनीश गौतम, ब्यास कुशवाहा, प्रभुनाथ कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, भगवंत कुशवाहा, श्रीकांत गोंड, ओमप्रकाश कुशवाहा, कलावती देवी, सुनीता पासवान सहित सैकड़ों स्त्री पुरुष उपस्थित रहे।



# जंगली जानवर के हमले से अधेड़ महिला की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । पनियरा (महराजगंज)**



स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा तेन्दुअहिया टोला झुलनीपुर बलुअहिया के बामंत माता के स्थान के समीप जंगल किनारे रविवार को मिला 55 वर्षीय अधेड़ महिला का शव मिला। मृतक के पति ध्रुव नारायण चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को शांम करीब पांच बजे उनकी पत्नी द्रौपदी देवी उम्र 55 वर्ष अपने खेत में गयी थी ।महिला को अकेला देखकर किसी जंगली जानवर ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। परिवार के लोग पूरी रात खोजते रहे परन्तु महिला का पता नहीं चला। रविवार को सुबह खेत में काम करने वाले लोगों ने देखा और शोर मचाया।शोर सुनकर अगल बगल के काफी लोग इकट्ठा हो गये। पनियरा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लाश को पीएम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले भी जानवर ने दो लोगों को घायल कर चुका है। मृतका की एक बेटी और एक बेटा है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बाई पास सड़क निर्माण को लेकर किसानों ने आंदोलन तेज करने की बनाई रणनीति

■ अधिगृहीत भूमि के मुआवजे में की जा रही कटौती से किसानों में भारी आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

भारत सरकार द्वारा जनपद में प्रस्तावित बाईं पास सड़क एनएच 727ए, एनएच 727बी से प्रभावित किसानों की जमीनों का 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत सभी गावों के किसानों को 2024 का सर्किल रेट या वर्तमान बाजार मूल्य में जो अधिकतम हो उसका चार गुना मुआवजा बिना किसी कटौती के दिलाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन, भूमि बचाओ संघर्ष समिति व किसान बचाओ संघर्ष समिति सलेमपुर नवलपुर की संयुक्त बैठक शहर के टाउन हॉल पर भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि किसानों द्वारा सत्ता पक्ष व विपक्ष के सभी जनप्रतिनिधियों के दरबार में ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया गया मगर विपक्षी दल के जनप्रतिनिधि सांसद सलेमपुर को छोड़कर कोई भी जनप्रतिनिधि ने आज तक कोई पहल नहीं किया जिससे किसानों में बहुत ही आक्रोश है। किसान नेता श्री सैंथवार ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में जिले की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी, मोदी,योगी बैसाखी के सहारे चुनावी वैतरणी पार कर सत्ता के अंहकार में डूबे जनपद के जनप्रतिनिधियों को 2027 और 2029 के चुनावों में जनता सबक सिखाएगी।

भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि सरकार के फैसले से किसानों में आक्रोश है जिसको लेकर किसान आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। श्री शाही ने कहा कि बैठक में शामिल किसानों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दोनो बाईपास को लेकर जिले के चार स्थानों पर 22 अक्टूबर 2024, दिन मंगलवार से धरना/क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। भाकियू के पूर्वी उत्तर प्रदेश के सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि देवरिया बाईपास से जुड़े किसान द्वारा 22 अक्टूबर से पहला प्वाइंट पड़री रेलवे ट्रैक के बगल में पड़री चौराहे पर, एवं दूसरा प्वाइंट बैतालपुर बरारी चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना/क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि किसानों की इस लड़ाई में एनएच 727बी सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की 20 अक्टूबर 2024, दिन रविवार को सिसवा पांडेय में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है जिसमे दो प्वाइंट पर 22 अक्टूबर से धरना/क्रमिक अनशन शुरू करने की घोषणा की जाएगी। किसान बचाओ संघर्ष समिति सलेमपुर के अध्यक्ष प्रेमचन्द यादव ने कहा कि किसानों की जमीनों को बाईपास बनाए जाने एवं फोर लेन की सड़क बनाने के नाम पर भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार औने पौने दामों पर लूटना चाहती हैं लेकिन वे अपने मिशन में कामयाब नही हो पाएंगे। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के प्रभारी अध्यक्ष सुग्रीव मिश्रा ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन किसानों की 11 सूत्रीय मांग पत्र को सिरे नकार कर बहुत बड़ी भूल कर रही है। किसान इसका मुंहतोड़ जवाब आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव में देंगे।

बैठक में भाकियू जिला सलाहकार मदन चौहान, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह,भाकियू के वरिष्ठ नेता एस एस अंसारी,विशाल मणि त्रिपाठी, कृष्ण कांत त्रिपाठी, सचिन यादव, भरत मणि त्रिपाठी,लाल प्रताप सिंह, अरविन्द उपाध्याय, मुन्ना सिंह, सुधीर चौहान, शिवाजी चौहान, जमाल हुसैन खान, नूर आलम खान, अजय राय, ललन यादव, विवेक सोनी, शेष नाथ तिवारी, बृजेश सिंह, राजन कुमार, संजय सिंह, बृजेश कुमार मल्ल, जय प्रकाश सिंह, जलालुद्दीन, मदन मिश्रा, विनोद कुमार यादव, विनोद मणि त्रिपाठी सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।



# धू-धू कर जला बुराई का प्रतीक रावण

■ श्रीरामलीला मैदान पर मां काली के प्रदर्शन को देख अभिभूत हो उठे श्रद्धालू

जन एक्सप्रेस । खुर्जा





श्रीराम लीला कमैटी के तत्वाधान में शनिवार की देर शाम श्रीराम लीला मैदान पर मां काली के प्रकट होने, श्रीराम रावण युद्ध व रावण का वध, विभीषण का राज तिलक, माता सीता आगमन व अग्नि परीक्षा और श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के अयोध्या प्रस्थान की लीला का बड़ा ही जीवट मंचन किया गया। धू-धू कर जलते अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले को देखने का गवाह बना खुर्जा क्षेत्र का लक्खी मेला असत्य पर सत्य की विजय होती देख पुलकित हो उठा। श्रीरामलीला मैदान पर चैतरफा भगवान श्रीराम की जय जयकार होने लगी। माता महाकाली का प्रदर्शन देख श्रद्धालु अभिभूत हो गए।

श्रीरामलीला कमैटी के तत्वाधान में देर शाम श्रीरामलीला मैदान पर मां काली के प्रकट होने, श्रीराम रावण युद्ध व रावण का वध, विभीषण का राज तिलक, माता सीता आगमन व अग्नि परीक्षा, श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के अयोध्या प्रस्थान की लीला का जीवट मंचन किया गया। श्रीरामलीला मर्मज्ञ आचार्य वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि कुंभकरण और मेघनाथ समेत सभी भाई-बंधुओं के मारे जाने के बाद रावण व्याकुल हो उठता है। वह स्वयं रणभूमि में उतर कर श्रीराम से युद्ध करने लगता है। श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध होता है। बार-बार सिर और भुजाओं के कटने के बाद जब रावण के अंग पुनः आ जाते हैं, तो श्रीराम चकित हो उठते हैं। इस पर विभीषण श्रीराम को रावण की नाभि में अमृत होंने की जानकारी देते हैं। इसके बाद श्रीराम एक साथ इकत्तीस बाणों के प्रहार से रावण को धरासाई कर देते हैं। रावण के मारे जाने पर रामादल गदगद हो उठता है तो लंका गहरे शोक में डूब जाती है। इस प्रकार रावण के मारे जाने पर श्रीराम लीला मैदान पर आया लक्खी मेला हर्षित हो उठता है। श्रीरामलीला मैदान पर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले को धू-धू कर जलता देख रावण वध की लीला देखने उमड़ा जन सैलाब भगवान श्रीराम की जय जयकार करने लगता है। इसके बाद श्रीराम विभीषण का राजतिलक कर उन्हें लंका का राजपाट सौंप देते हैं।

विभीषण सम्मान सहित माता जानकी को श्रीराम को सौंप देते हैं। अग्नि परीक्षा के बाद श्रीराम लक्ष्मण, माता सीता और अपने योद्धाओं के साथ अयोध्या को प्रस्थान कर देते हैं। इधर श्रीराम लीला मैदान और जंक्शन रोड पर माता महाकाली का प्रदर्शन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बन गया। महाकाली के दर्शन पाकर लोग अभिभूत हो उठते हैं। श्रीरामलीला मैदान पर लक्खी मेला देख दुकानदारों और खोमचे वालों के चेहरे चहक उठे। लोगों ने मेला में जमकर खरीदारी की और चाट, पकौड़ी, गोलगप्पे, रसगुल्ले, चाऊमीन और पाव रोटी का आनंद लिया। बच्चों ने खिलोंने खरीदे और झूलों का आनंद लिया। आज की व्यवस्था में श्रीराम लीला कमैटी के प्रधान पुनीत साहनी, महामंत्री संचित गोविल, कोषाध्यक्ष सचिन बंसल, जनरल मैनेजर पूर्व पालिकाध्यक्ष दीपक गर्ग, हरजीत सिंह टीटू, मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश तायल, शोसल मीडिया प्रभारी विनीत आर्य, सर्वेश गुप्ता भोला, राजीव वार्ष्णेय, मां काली शोभा यात्रा इंचार्ज वासुदेव शर्मा, ब्रजेश प्रजापति, रमाकांत शर्मा, अशोक पालीवाल, आशीष गोयल, अरुण गर्ग, अंकित गर्ग, शुभम गुप्ता, उमा शंकर अग्रवाल बिंदा वाले, रामेश्वर गुरु, अंकित गुप्ता नवीन कुमार एडवोकेट, प्रेम प्रकाश अरोरा, मैनेजर प्रमोद वर्मा, विकास वर्मा, भाजपा नेता डीसी गुप्ता, डीसी अग्रवाल, अजय शर्मा, महेश भार्गव और पालिका सभासद अभिषेक गोस्वामी और चैतन्य शमा का सहयोग सराहनीय रहा।

# संत निवास पर निशुल्क बांटी गईं दमा व सांस की दवाएं

■ मानव कल्याण और जनसेवार्थ वितरित आयुर्वेदिक दवाओं से 125 रोगी हुए लाभान्वित

जन एक्सप्रेस । खुर्जा



श्रीगोपाल संकीर्तन मंडल और दिव्य जीवन संघ की खुर्जा शाखा के तत्वाधान में रविवार को पीली कोठी स्थित संत निवास पर दमा, सांस और एलर्जी की आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। नगर और क्षेत्र के 125 रोंगियों को दवाएं बांटी गई। नगर की सेवा भावी संस्था श्रीगोपाल संकीर्तन मंडल और दिव्य जीवन संघ की खुर्जा शाखा के तत्वाधान में रविवार की सुबह पीली कोठी स्थित संत निवास पर दमा, सांस और एलर्जी की आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। विनय शर्मा, जगमोहन लाल, निरंजन लाल, डॉ. आरसी वर्मा ने दवाओं से होने वाले लाभ और अपने अनुभव साझा किए। जितेन्द्र एडवोकेट, विनोद सिंघल, जगदीश चंद, महेन्द्र पाल, राजपाल शर्मा, दिनेश प्रदीप राम भरोसे लाल सिंघल, जय भगवान अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, रेखा रानी, शुकुंतला और अनिल कुमार समेत 125 रोगियों को यह दवा निशुल्क बांटी गई। श्रीगोपाल संकीर्तन मंडल के सचिव रमेश कुमार बंसल ने बताया कि यह दवा त्रिचा आयुर्वेद विवेक विहार शाहदरा के सेठ रोशन लाल अग्रवाल के पुत्र संदीप अग्रवाल द्वारा मंडल के डॉ. आरसी वर्मा को प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि यह दवाएं वर्ष में दो बार ग्रीष्म और शरद ऋतु में श्रीगोपाल संकीर्तन मंडल द्वारा संत निवास पर संचालित धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालय में रोगियों को निशुल्क बांटी जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस औषधालय में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों रोगी प्रतिदिन दवाएं प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं। मंडल के संरक्षक ठाकुर दुष्यंत सिंह, अध्यक्ष दिनेश प्रदीप, सचिव रमेश कुमार बंसल और राम भरोसे लाल सिंघल द्वारा रोगियों को दवाएं बांटी गईं। मंडल के सदस्य जयभगवान अग्रवाल ने दवाओं के खाने की विधि, समय, और परहेज के बारे में बताया। उन्होने यह भी बताया कि इन दवाओं का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। मंडल के संरक्षक ठाकुर दुष्यंत सिंह और सचिव रमेश कुमार बंसल ने ईश्वर से सभी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# डीएपी के लिए भटक रहे किसानों को मिली खाद

जन एक्सप्रेस । आगरा



कस्बा किरावली क्षेत्र में आलू और सरसों की बुबाई के लिए भटक रहे किसानों को डीएपी के 500 कट्टे वितरण किये गए। रविवार को कस्बा स्थित मां गंगा कृषि सेवा केंद्र पर सरकारी कीमत पर डीएपी वितरण की सूचना पर किसानों का हुजूम उमड़ पड़ा। दुकानदार पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि आईपीएल के 500 कट्टे मिले थे। जिनको नजदीक ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को 4 और 5 कट्टे के हिसाब से वितरण किया गया है। अभुआपुरा के किसान लोकमन सिंह ने बताया कि किसान को इस समय फसल बुबाई के लिए अधिक डीएपी की आवश्यकता है लेकिन 4 और 5 कट्टे से किसानों की आवश्यकता पूर्ति होती नहीं दिख रही है।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान खारी नदी में डूबे लापता युवकों के शव मिले

जन एक्सप्रेस । आगरा



थाना किरावली के अंतर्गत गांव सिंगारपुर के समीप खारी नदी में शनिवार को अपरान्ह 4 बजे देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में फिसली दो किशोरी रिंकी व सरस्वती को बचाने में दो युवक युवक डूब गए थे। शनिवार को देर रात 15 पीएसी की एक कम्पनी ने पहुंचकर स्टीमर से रात भर जनरेटर की बिजली में शवों की खोजबीन की लेकिन सफलता नहीं मिली। तब प्रशासन द्वारा बुलाए गए राज्य आपदा मोचन बल के जवानों ने रविवार सुबह सात बजे पहुंच खारी नदी में स्टीमर और कांटा की सहायता से शवों की खोजबीन की।


शाम 3 बजे से एसडीआरएफ के गोताखोर ने सिलेंडर और मास्क लगाकर घटनास्थल से 200 मीटर दूर 3ऱ50 पर 26 वर्षीय अनिल और 4:25 पर 19 वर्षीय सौरव के शव को ढूंढ निकाला। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए आगरा स्थित मोर्चरी भिजवाया है। घटनास्थल पर एसडीएम राजेश कुमार, एसीपी अछ्नेरा शेषमणि उपाध्याय, नायव तहसीलदार एचएल चौधरी, थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह, थाना प्रभारी फतेहपुर-सीकरी धर्मेंद्र दहिया, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश सागर, उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह एवं अन्य पुलिस और पीएसी बल तथा भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री मोहन सिंह चाहर और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दोनों मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा कोष से आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

रविवार को अपरान्ह 3:50 पर एसडीआरएफ की टीम एक शव को खारी नदी से बाहर लेकर पहुंची। शव को देखते ही ऊंदेरा निबासी पूर्व प्रधान हरिश्चंद्र दहाड़ मार कर रोने लगे।

मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने पिता को चुप कराने की नाकाम कोशिश की। लेकिन पिता का सब्र जबाब दे गया। और बताया कि बेटे को गहरे पानी से दूर रहने की सलाह दी थी। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। क्षेत्रीय विधायक चौ.बाबूलाल ने प्रशासन से दोनों मृतकों के आश्रितों को अधिक से अधिक सहायता राशि देने की मांग की है। और बताया कि गरीबों को जल्द सहायता राशि दिलवाई जाए।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मात्र से ही व्यथा दूर हो जाती है: संत राम प्रपन्नाचार्य महाराज

जन एक्सप्रेस । आगरा



बालाजीपुरम स्थित चिरंजीव सेवा सदन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, सती चरित्र, कुंती चरित्र, भीष्म चरित्र, सुखदेव चरित्र, कपिल अवतार आदि कथाओं के प्रसंग सुनाते हुए व्यासपीठ से पूज्य संत रामप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा कल्पतरू है। इसके श्रवण मात्र से व्यथा दूर हो जाती है। क्योंकि धर्म से जीवन में वृत्ति आती है।और वृत्ति से भक्ति आती है। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। कथा में श्री भानुदेवाचार्य,के के भारद्वाज, महावीर सिंह चाहर, मुन्नालाल कुलश्रेष्ठ, राम प्रकाश शर्मा, एस डी दीक्षित, अर्जुनदास भक्तमाली, किशन स्वरूप लवानिया, यादराम, ईश्वरी प्रसाद आदि प्रमुख सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में धूमधाम से मनाया गया दशहरा

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के एनटीपीसी टांडा आवासीय परिसर में दशहरा दुर्गापूजा एवं रामलीला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने पधार कर इन उत्सवों का सपरिवार आनंद उठाया। इसके साथ ही रामलीला परिसर में 12 अक्टूबर को रावण वध का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने बाण चलाया और रावण के पुतले का दहन कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर चट्टोपाध्याय ने दशहरा पर्व पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होने कहा कि असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक का यह पर्व विजयदशमी का त्योहार आपके जीवन मे प्रसन्नता लेकर आए, ऐसी शुभकामनाएं हैं। उन्होने श्री रामलीला मंचन समिति एवं कलाकारों की प्रशंसा की और सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती कृष्णा चट्टोपाध्याय एवं सदस्याएं तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान भव्य आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला।

साथ ही आवासीय परिसर प्रांगण में ही दुर्गा पूजा का भी भव्य आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भजन संध्या एवं महिलाओं के लिए अल्पना, रंगोली, पेंटिंग, गरबा, डांडिया, धुनची नृत्य संबंधी अनेक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इसके अलावा दुर्गापूजा महानवमी के अवसर पर महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों एवं कर्मचारीगणों ने सपरिवार सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

एनटीपीसी टांडा में आयोजित इन सफल कार्यक्रमों में पूजा समिति के अध्यक्ष तथा महासचिव के साथ-साथ सभी सदस्यों ने इस उत्सव को सफल बनाने में महती भूमिका का निवर्हन किया।

## निशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर लगाया

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** रोटरी क्लब ने पत्थर का घोड़ा स्थित एम. आर. पब्लिक स्कूल, सिकंदरा में निशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 80 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श प्राप्त किया। महिलाओं की समस्याओं के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता राघव उपस्थित रहीं, जबकि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गौरव गंगवार ने मौसमी बुखार सहित अन्य सामान्य रोगों की जाँच की। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जयंत चौधरी ने बच्चों समेत सभी मरीजों के दांतों की जाँच की। शिविर में आए सभी मरीजों को क्लब द्वारा मुफ्त डेंटल किट भी वितरित की गई।

रोटरी क्लब की अध्यक्ष नम्रता पणिकर ने बताया कि क्लब का उद्देश्य हर महीने एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों तक वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त सेवाएं पहुँचाना है। शिविर के संयोजक डॉ. आलोक मित्तल ने सभी चिकित्सकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कोषाध्यक्ष रोटेरियन सी.ए. उदित बंसल ने विद्यालय को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आशीर्वाद मेडिकल सेंटर में जनजागरूकता संगोष्ठी का हुआ अयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के आशीर्वाद फाउंडेशन ने मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम सुंदर साधु वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ एस के वर्मा उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं समाज सेवी अंशु बग्गा रहे।

इस अवसर पर आशीर्वाद मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर डॉ जे के वर्मा ने मानसिक रोगों एवं उनसे बचने के उपायों के बारे में चर्चा की। मुख्य अतिथि ने समाज में मानसिक रोगों से होने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर आशीर्वाद मेडिकल सेंटर में दो सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। डायरेक्टर डॉ जेके वर्मा ने बताया किऑटिज्म एवं एडीएचडी जैसी बच्चों की मानसिक समस्याओं के अर्ली इंटरवेंशन सेंटर का उद्घाटन किया गया जिसका संचालन लखनऊ से आई हुई साइकोलॉजिस्ट सुश्री मनमीत कौर देवगन द्वारा किया जायेगा। एवं आत्महत्या रोकथाम हेल्पलाइन का उद्घाटन भी किया गया है इसके लिए आशीर्वाद फाउंडेशन द्वारा एक मोबाइल नंबर जारी किया गया। इस नंबर 7347711313 पर कोई भी व्यक्ति जिसके मन में आत्महत्या के विचार आ रहे हैं, कभी भी फोन कर सकता है। यह नंबर चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगा।

उक्त कार्यक्रम में डॉ बीडी वर्मा, डॉ आशुतोष शुक्ला, डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ राजेश गुप्ता सहित मीडिया जगत एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति तथा मरीज व उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने किया। डॉ जे के वर्मा ने बताया कि आशीर्वाद मेडिकल सेंटर उपरोक्त् दोनों सुविधाएं प्रदान करने वाला पूर्वी उत्तर प्रदेश का एकमात्र चिकित्सा संस्थान है।

## बाजरा निकलते समय थ्रेसर मशीन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** अकोला ब्लॉक व थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला दलसहाय में शनिवार को बाजरा निकालते समय किसान थ्रेसर की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। शनिवार को शाम चार बजे 45 वर्षीय किसान हम्बीर सिंह अपने बाजरा को थ्रेसर से निकलवा रहा था। किसान हम्बीर सिंह थ्रेसर मशीन के ऊपर चढ़ गया। उसी समय पल्ली से बाजरा मशीन में देते पल्ली थ्रेसर में आ गई और पल्ली में फंसे किसान के पैर चलती थ्रेसर में घुस गए। आनन फानन में ट्रैक्टर को बन्द कर ट्रैक्टर चालक और मजदूरों ने घायल किसान को थ्रेसर से बाहर निकाला। किसान के नाभि तक नीचे का हिस्सा थ्रेसर की चपेट के आकर छत विछत हो गया था। गंभीर रूप से घायल किसान को परिजन आगरा स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों में मृत घोषित कर दिया। किसान की म्रत्यु की सूचना पर पत्नी रामवीरी और अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक पर दो शादीशुदा बेटी एवं एक बेटा रामखिलोना सिंह एयरफोर्स में तैनात है।

## 22 लाख की लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना जगनेर के चंदसोरा गांव में पेट्रोल पंप पर पुलिस को 22 लाख की लूट की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की तो मामला मारपीट का निकला। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही करेगी। शनिवार को करीब 8 बजे पेट्रोल भरवाने आए युवक और सेल्समैन में विवाद हो गया। इसके बाद पेट्रोल पंप मैनेजर दिनेश ने 112 पर पुलिस को सूचना दी कि लूट हो गई है। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस पेट्रोल पंप पर पहुंची तो मामला मारपीट का निकला।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **02.11.2024** को **13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 10302024 दिनांक 11.10.2024 | | |
| निविदा सं. | 33-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 | | |
| कार्य का नाम | महाकुम्भ–2025 के दौरान मेला कर्मचारियों के लिए अस्थायी रहने की व्यवस्था का प्रावधान का कार्य (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | | |
| अनुमानित लागत | ₹5,28,20,650/- | धरोहर राशि | ₹4,14,100/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 02 माह | | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 19.10.2024 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 02.11.2024 को 13:30 बजे | | |


निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3168/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ कर असली मालिकों को जमीन से बेदखल करने की करी जा रही है कोशिश

## सिकंदरा क्षेत्र में क्रॉस रॉड मॉल के सामने की जमीन को हड़पने के लिए भूमाफियाओं ने तैयार किए फर्जी दस्तावेज

जन एक्सप्रेस । आगरा



सिकंदरा क्षेत्र में क्रॉस रॉड मॉल के सामने की जमीन की रजिस्ट्री की मूल कॉपी और साथ में फर्जी कॉपी, जिसे पीले कलर से हाइलाइट किया गया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बेसकीमती जमीन पर कब्जा करने की नीयत से भूमाफियाओं द्वारा जमीन की मूल रजिस्ट्री कॉपी में छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज तैयार की कोशिश की जा रही है। उक्त मामले को लेकर भूमाफियाओं के खिलाफ सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने को लेकर फर्जीवाड़े का मुकदमा भी दर्ज किया गया। बता दें कि सिकंदरा क्षेत्र में क्रॉस रॉड मॉल के सामने बेसकीमती जमीन पर भूमाफियों की नजर पड़ गई है। भूमाफियों द्वारा उक्त जमीन के तहसील अभिलेखों में भूमाफिया अवधेश कुमार द्वारा छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने परिवारजनों अजय कुमार एवं अन्य बारह बैनामे कर दिए गए। जबकि जिस बैनामे के आधार पर पावर ऑफ आर्टनी अवधेश कुमार ने करायी उस बैनामे के खिलाफ सब रजिस्टार सदर प्रथम नीतू गोला जी द्वारा दिनांक 14/07/2022 को शाहगंज थाने में अपराध संख्या 368/22 मूल अभिलेखों में छेड़छाड़ की धाराओ में सुशील गोयल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। उक्त मुकदमे में शाहगंज पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में उक्त बैनामे को फर्जी पाते हुए सुशील गोयल के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया। जब प्रशासन ने अपनी जाँच रिपोर्ट में सुशील गोयल के बैनामे को फर्जी पाकर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया तो उसके द्वारा की गई उक्त जमीन की पॉवर ओफ अटॉर्नी एवं उस आधार पर किए 12 बैनामे भी निराधार है। उसके उपरांत भी भूमाफिया अवधेश कुमार व अजय कुमार व 12 अन्य साथियों द्वारा प्रशासन को गुमराह कर जमीन के मूल मालिकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा उनकों जमीन से बेकदखल करने की कोशिश की जा रही है।

# 3 दिन तक घर में पड़ी रही शिक्षिका की लाश

जन एक्सप्रेस । आगरा

आवास विकास सेक्टर 16 में सेवानिवृत्त शिक्षिका का शव 3 दिन तक घर में पड़ा रहा। आस-पड़ोस के लोगों तक को इसकी जानकारी नहीं हुई। मैनपुरी से मिलने आए रिश्तेदार द्वारा दरवाजा खटखटाए जाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो अनहोनी की आशंका हुआ। पुलिस की मदद से दरवाजा खुलवाया तो सबके होश उड़ गए। शिक्षिका बेड पर मृत पड़ी थी।

मृतका 65 वर्षीय विमलेश पाठक पिछले 16 साल से वह आवास विकास सेक्टर 16 में अकेली रह रही थी। पति से शादी के एक साल बाद ही तलाक हो गया था। तब से वह अकेली ही रह रही थीं। आस-पड़ोस के लोगों से भी ज्यादा मिलना-जुलना नहीं था।

इसलिए किसी को पता नहीं कि विमलेश पाठक जिंदा है या फिर मृत। शनिवार शाम को मैनपुरी निवासी उनका रिश्तेदार गोपाल कृष्ण पाठक उनसे मिलने आया। उसने डोर बेल बजाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद उसने विमलेश पाठक के मोबाइल नंबर पर कॉल की, फिर कोई भी रेस्पॉस नहीं मिला। किसी अनहोनी की आशंका में गोपाल कृष्ण पाठक ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस की मदद से घर का दरवाजा खोला गया। देखा तो विमलेश पाठक बेड पर मृत पड़ी थीं। थाना सिकंदरा के इंस्पेक्टर नीरज शर्मा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षिका की मौत हार्टअटैक से हुई है।

# रावण का वध हुआ, सत्य की जीत

- नरांतक वध, अहिरावण वध व रावण वध एवं पुतला हुआ दहन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत







रविवार को स्थानीय रामलीला मैदान में नरांतक वध, अहिरावण वध व रावण वध लीला के साथ असत्य पर सत्य की विजय दशहरा संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार राज्यमंत्री गन्ना एवं चीनी मिल्स उत्तर प्रदेश शासन तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रभु राम का विजय तिलक कर भोग आरती की और प्रसाद ग्रहण किया।

मेघनाद वध के पश्चात आज देवांतक, नरान्तक, त्रिशिरा और अतिकाय युद्ध में पहुंचे और वानर सेना को हताहत करने लगे। तब लक्ष्मण, अंगद, हनुमान, नल नील ने भयंकर युद्ध कर उनका प्राणांत कर दिया। तब अहिरावण विभीषण का भेष बनाकर राम लक्ष्मण का हरण कर ले गया। तब हनुमान उसका वध कर प्रभु राम लक्ष्मण को लाए। तब क्रुद्ध हो रावण युद्ध मैदान में पहुंचा और वानर सेना को हताहत करने लगा। तब विभीषण बोले हे कृपासिंधु आपके पास रथ नहीं है आप कैसे युद्ध करेंगे। तब प्रभु राम बोले हे सखे जिससे जय होती है वह रथ दूसरा ही है। शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिए, सत्य और शील उसकी मजबूत ध्वजा और पताका है। बल, विवेक, दम और परोपकार ये चार उसके घोड़े जो क्षमा, दया और समतारूपी डोरी से रथ में जोड़े हुए हैं। ईश्वर भजन - चतुर सारथि, वैराग्य - ढाल, संतोष - तलवार, दान - फरसा, बुद्धि - प्रचंड शक्ति, श्रेष्ठ विद्वान - कठिन धनुष, निर्मल और अचल मन - तरकस, राम, यम और नियम ये बहुत से बाण हैं। ब्राह्मणों और गुरु का पूजन - अभेद्य कवच है। इसके समान विजय का कोई दूसरा उपाय नहीं है। ऐसा धर्ममय रथ जिसके पास हो उसके लिए जीतने का कोई शत्रु ही नहीं है।

प्रभु के वचन सुन विभीषण ने उनके चरण पकड़ लिए और बोले हे रघुनाथ इसी बहाने मुझे आपसे उपदेश मिल गया। तब भक्त हनुमान ने प्रभु राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बिठाकर रावण से युद्ध करने लगे। दोनों ओर से भयंकर युद्ध होने लगा। राम ने तीक्ष्ण बाणों से रावण के रथ के पहिए काट दिए। इसके साथ ही अनेकों बाणों का संधान कर उस पर छोड़े जिससे उसके दसों सिर और बीसों भुजाएं कर गईं। परंतु क्षण भर में ही पुन~ नई हो गईं। तब रावण ने वीरघातीनी शक्ति का प्रयोग विभीषण पर किया। यह देख प्रभु राम ने विभीषण को अपने पीछे कर प्रहार स्वयं पर लिया। तब विभीषण बोले हे कृपासिंधु रावण की नाभि में अमृत का वास है जिस कारण वह मृत्यु को प्राप्त नहीं हो रहा। तब प्रभु राम ने अगस्त्य ऋषि द्वारा प्राप्त अग्नि बाण को सूर्य सहस्त्र नाम से अभिमंत्रित कर इकतीस बाणों का संधान कर रावण पर प्रहार किया। जिससे बीस बाणों ने बीस भुजाएं दस से दसों सिर और अग्नि बाण ने उसके नाभी कुंड के अमृत को सोख लिया। चारों ओर प्रभु राम की जय जयकार होने लगी। देवगण पुष्पवर्षा करने लगे। सभी भक्तगण प्रभु की जय जयकार करने लगे और प्रफुल्लित हो उठे। विभीषण ने सीता माता को लाकर प्रभु को सौंपा। सभी सीता राम की जय जयकार करने लगे। रावण का पुतला धूं धूं कर जल उठा। इससे पूर्व दसों सिरों के प्रतीक गुब्बारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रशासनिक अधिकारियों तथा मेला पदाधिकारियों द्वारा छोड़े गए और भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम देख सभी भक्तगण हर्षोल्लित हो उठे। इसी के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा संपन्न हुआ। आज दोपहर से ही गांवों और शहर से भक्तगण ट्रैक्टर ट्रालियों, मोटरसाइकिलों से पहुंचना प्रारंभ हो गए थे। विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने भी मेला व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान किया और कैम्प लगाए। आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, अंकुर गुप्ता, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, रमाकांत पांडेय, संजीव शर्मा, अवनीश शर्मा, संजीव मोहन अग्रवाल, अंशुमान मिश्र, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, ध्रुव गौड़, सुधीर पाल सिंह, महेंद्र गुप्ता, निरंजन शर्मा, धीरेंद्र मिश्रा, नीरज गोयल, त्रिलोकी नाथ शर्मा, महेंद्र गुप्ता, शैली अग्रवाल, अम्बरीष मिश्र, प्रतीक अग्रवाल, नितिन मिश्रा, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा, नितिन शर्मा आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के बाद शादी से मुकर गया युवक, आहत युवती ने खाया जहर

- युवक पर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप
- पीड़ित युवती की मां ने युवक सहित तीन के विरुद्ध पुलिस से की शिकायत

> युवती ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। मामले की जानकारी मिली थी। पुलिस को युवती के घर भेजा गया था। जांच कर की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> अचल कुमार, थानाध्यक्ष माधोटांडा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर एक साल तक दुष्कर्म किया।आरोप है कि शादी की बात पर मुकर गया। प्रेमी की बेवफाई से आहत युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया। कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

मधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि रिश्तेदारी का एक युवक महिला के घर आता जाता था। इसी दौरान युवक के महिला की पुत्री से संबंध हो गए। आरोप है कि युवक ने पुत्री को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। एक माह पूर्व गोमती उद्गम स्थल पर शादी कर ली।

जिसके बाद लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

29 सितंबर को युवक ने महिला के घर पहुंच कर युवती से शारीरिक संबंध बनाएं। सुबह घर से निकलने के दौरान महिला ने पुत्री के साथ शादी की बात कही। आरोप है कि युवक ने शादी से मना कर दिया।

महिला ने मामले की जानकारी युवक के पिता बहन और भाभी को देकर शादी की बात कही। युवक के स्वजनों ने दहेज में दो लाख रुपए की मांग की।गाली गलौज और मारपीट कर घर से भगा दिया।आरोप है कि युवक ने युवती के पास फोन कर शादी से मना कर जहर खाकर आत्महत्या के लिए प्रेरित किया। शुक्रवार युवक की बेवफाई से आहत युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

युवती को गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। पीड़ित युवती की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## असम हाईवे पर हादसे के बाद धू-धू कर जली कारें, आधा दर्जन घायल

- घटनास्थल पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू
- हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम, पुलिस ने शुरू कराया यातायात

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



तड़के आसाम हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त भिडंत हो गई। हादसे के बाद दोनों कारें धूं-धूं कर जलने लगी। कार सवार लोगों ने बमुश्किल बाहर निकलकर जान बचाई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गंभीर घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसा रविवार सुबह साढ़े छह बजे पूरनपुर आसाम हाईवे पर लक्ष्य डिग्री कालेज के पास हुआ। बरखेडा निवासी कार सवार पूरनपुर की तरफ से पीलीभीत की तरफ जा रहे थे। उत्तराखंड के पंतनगर निवासी कार सवार तीन लोग पीलीभीत की ओर से खुटार की तरफ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक को छपकी आने से दोनों कारों की आमने-सामने जबरदस्त भिडंत हो गई। हादसे में कारों के परखच्चे उड़ गए। तेज धमाके की आवाज के साथ कारों में आग लग गई।कार सवारों ने बमुश्किल बाहर निकलकर जान बचाई। हादसे में कार सवार योग्यता, शिवम, शालिनी निवासी बरखेडा, रामेश्वर दयाल, कल्लू, ओमप्रकाश निवासी पंतनगर गोलगेट उत्तराखंड गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। गंभीर घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बीच हाईवे पर दोनों कारें धूं-धूं कर जलने लगी।तड़के हुए सड़क हादसे से खलबली मच गई। हादसे के बाद हाईवे के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और दमकल की टीम को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कारों को हटवाकर यातायात शुरू कराया। प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस को भेजा गया था। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांस शारदा क्षेत्र में गाजे बाजे-गाजे के साथ मूर्तियों का हुआ विसर्जन





जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हजारा। शारदीय नवरात्र के समापन के उपरांत शनिवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाजे-गाजे के साथ दुर्गा माता के मूर्तियों का विसर्जन किया गया है। शारदीय नवरात्र के समापन के उपरांत शनिवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र में स्थापित दुर्गा माता की मूर्तियों का विधि-विधान से हवन पूजन के बाद शारदा नदी में गाजे-बाजे के साथ शारदा नदी के तट पर पहुंचकर विधि-विधान के साथ शारदा के पवित्र जल में विसर्जित कर दिया है। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर में सजे दुर्गा माता की मूर्तियों का शनिवार को शारदा नदी के पवित्र जल में विसर्जित कर दिया गया। इसके साथ ही हजारा थाना क्षेत्र के अन्य गांवों के अलावा पड़ोसी जिला लखीमपुर-खीरी के थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के मूर्तियों का भी विसर्जन शनिवार को ही कर दिया गया है। उधर मुरैना गांधीनगर तिराहे पर शारदीय नवरात्र के समापन के उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर माता के दरबार मे चल रहे भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया है।

इस मौके पर दर्जनों युवा कारसेवा में जुटे रहे। मूर्ति विसर्जन के दौरान हजारा थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहे।

### माता के जगराते में झूम उठे भक्त

शारदीय नवरात्र के महानवमीं पर ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर व मुरैना गांधीनगर में माता रानी के जगराते में गायकों ने माता रानी के सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए और मनमोहक झांकियां भी निकाली गई माता रानी के भजनों पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे।क्षेत्र में जहां जहां माता रानी के पंडाल व मूर्तियां सजीं थीं वहां वहां कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया और विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया है।

### दशहरे की शाम बनी मौत की शाम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में दम्पति समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। शनिवार की देर शाम दशहरा मेला देख कर घर जा रहें अरंद गांव निवासी 19 वर्षीय शोले पुत्र जगजीवन अपने साथियों 18 वर्षीय मनीष पुत्र चंद्रेश व 20 वर्षीय नीतीश पुत्र शिवप्रसाद के साथ मेला देख बाइक से घर लौट रहे थे। जौनपुर मुख्य मार्ग के आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप एक होटल के समीप तेज रफ्तार बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें सबरहद गांव निवासी 28 वर्षीय ममता राजभर व पति 32 वर्षीय अरविन्द राजभर भी घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया कान्हा गौशाला का लोकार्पण



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज रविवार को नगर पंचायत नगमा पकड़िया में नवनिर्मित कान्हा गौशाला का लोकार्पण किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है उन्होंने कहा कि गाय की सेवा जहां सबसे बड़ी सेवा है वहीं इसका वैज्ञानिक आधार भी हैं। उन्होंने बताया कि गाय के ऊपर हाथ फेरने से बीपी और हार्ड जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है उन्होंने लोगों से अपील की की अपने घरों में पालतू गाय भैंसों के लिए चार लाते हैं उसमें से कुछ चार गौशाला में गायों के लिए दान करें राज्य मंत्री श्री गंगवार ने यह भी कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासद अपना और अपने बच्चों का जन्मदिन गौशाला में ही मनाएं इससे क्षेत्र के लोगों में एक बेहतर संदेश जाएगा और गायों की सेवा के अवसर भी बढ़ेंगे इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप कौर संधू ने कहा कि गायों की सेवा के लिए कान्हा गौशाला का क्षेत्र में निर्माण किया गया है उन्होंने लोगों से गौ सेवा में आगे आने की अपील की हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप कौर संधू के पति संतोष सिंह संधू, बांकेलाल, अनुज गंगवार, अनूप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों ने राज्य मंत्री श्री गंगवार का माल्या अर्पण कर उनका स्वागत किया।

## विराट दशहरा मेले का राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मझोला में विराट दशहरा मेला के प्रथम दिन का मेले का शुभारंभ राज्यमंत्री संजय सिंह ने किया उनके साथ अतिविशिष्ट अतिथि खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी और विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अजय मौर्या रहे। मेले के प्रथम दिन रंगोली प्रतियोगिता, आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, रामायण पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इसके अतिरिक्त नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसके फाइनलिस्ट का चयन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिल्ली से आए जादूगर अंकुर का शो रहा जिन्होंने करीब 2 घंटे के शो में सारे दर्शकों को विभिन्न प्रकार के जादू दिखाकर मंत्र मुक्त कर दिया उन्होंने मुख्य अतिथि और अति विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार और विधायक भुवन कापड़ी दोनों को अपने जादू के माध्यम से फूल मालाएं भेंट कर उनका स्वागत किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार और खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने संयुक्त रूप से मां भारती और भगवान रामचंद्र के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। मझोला के प्रथम सिविल इंजीनियर अजय सिंह को मझोला नगर का सम्मान बढ़ाने पर मझोला रत्न के सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी जी तहसीलदार अमरिया का सदर विधि भूषण मौर्य और थाना अध्यक्ष न्यूरिया के साथ पूरा पुलिस बल एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त पूरे मेला ग्राउंड में पूरे क्षेत्रवासियों से हजारों की संख्या में लोग आए और उन्होंने कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खाने-पीने के स्टॉल अलग-अलग प्रकार के झूले आदि लगे हुए हैं। सोनी टीवी में सुपरस्टार के फाइनलिस्ट क्षितिज सक्सैना और उत्तराखंड से बालकवि, जो अन्तर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों में भागीदारी करती रहती हैं काव्या जैन तथा सुरेंद्र जैन और हास्य कवि इनका विराट कवि सम्मेलन होगा इसके अतिरिक्त ग्रुप डांस और जो कल के विजयी प्रतिभागी हैं उनको पुरस्कार दिया जाएगा और डांस प्रतियोगिता का फाइनल आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पीलीभीत और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दुष्यंत सिंह चौहान इनके अतिरिक्त मंत्री के अनुज विजय गंगवार खटीमा ब्लॉक प्रमुख राम रंजीत सिंह नामधारी समेत पूरे यूपी और उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र के राजनीतिक दिग्गज मौजूद रहेंगे। कपिल अग्रवाल जिला प्रतिनिधि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार और मेला कमेटी के संयोजक चरणजीत सिंह मझोला के पूर्व अध्यक्ष मेला कमेटी के अध्यक्ष अजय गोयल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, पंकज शर्मा समेत समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में रूबी अग्रवाल प्रथम आई तथा खुशी और सिया अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रही इसके अतिरिक्त सौम्या अग्रवाल तृतीय रही आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूबी अग्रवाल को मिला तो वही अथर्व और सिया अग्रवाल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ इस प्रतियोगिता में तन्वी गोयल और परी सिंह तृतीय स्थान पर रही गायन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में रमेश सिंह प्रथम रहे और आर्यन अग्रवाल द्वितीय रहे अनमोल सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ गायन प्रतियोगिता गायन प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम रही अनुराग सिंह द्वितीय रहे और उत्कर्ष तृतीय स्थान पर रहे फाइनलिस्ट डांस नृत्य प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में पहुंचने वाले जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों में आरोही अग्रवाल निया एंजेल और सनाया गर्ग रही वहीं सीनियर वर्ग में फाइनल राउंड में पहुंचने वाले प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

इन सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जाएगा तथा डांस प्रतियोगिता का फाइनल राउंड आयोजित किया जाएगा और क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए हुए विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा अलग-अलग प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### खेत में कब्जा करने का विरोध करने पर मारपीट

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। खेत में अवैध कब्जा करने का विरोध करना एक ग्रामीण को मंहगा पड़ा। दबंगों ने युवक को मार-पीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव बसई पुरैना निवासी रमेश पाल सिंह पुत्र सोम कीर्ति सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह पीलीभीत में रहते हैं। कभी कभार अपनी जमीन देखने के लिए गांव आते हैं। उनकी जमीन गांव के किनारे है। जहां पर गांव के ही वीरपाल पुत्र भंगड़ी, जीतन प्रसाद पुत्र वीरपाल, जागन लाल पुत्र नन्हें लाल ने अपनी ट्रैक्टर ट्राली खेत में खड़ी कर रहे हैं। जब पीड़ित अपने गांव आया और खेत में ट्रैक्टर ट्राली खड़ी देखी तो उन लोगों से कहा कि अपने ट्रैक्टर ट्राली हटा लो। खेत की जुताई कराएंगे। जिस पर तीनों दबंग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जीतन प्रसाद, वीरपाल, जागन लाल निवासी बसई पुरैना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि खेत में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली हटाने को लेकर विवाद हुआ है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल एसएसबी ट्रक से जा टकराई हादसे में एक की मौत एक घायल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। रविवार को जिले के जहानाबाद क्षेत्र के ललौरी खेड़ा में एसएसबी कैंप के सामने एक सड़क हादसा हुआ जहां तेज रफ्तार मोटरसाइकिल एसएसबी ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चला रहे युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस तथा एसएसबी के जवान मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को उपचार हेतु तुरंत जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों में 24 वर्षीय नवाब हुसैन को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मृतक का का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिवार जनों को हादसे की सूचना दी। दरअसल रामपुर जिले के मिलक मिर्जा गांव के निवासी नवाब हुसैन अपने चेहरे भाई गुलाम नबी के साथ मोटरसाइकिल पर लखीमपुर से लकड़ी देखने जा रहे थे। उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल जैसे ही ललौरी खेड़ा के एसएसबी कैंप के पहुंची अचानक से सामने आए एसएसबी ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल चला रहे नवाब हुसैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा पीछे बैठा गुलाम नबी गंभीर रूप से घायल हो गया। जहानाबाद थाना प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया की यह आशा उसे वक्त हुआ जब मोटरसाइकिल एसएसबी ट्रक से टकरा गई हादसे में युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया घटना की जांच की जा रही है और ट्रक चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### आलू व्यवसायी से लूट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 24 घंटे के अंदर लूट की घटना का अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से लूट का 10300 रूपये तथा 6 देसी बम बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के बबुरा गाँव निवासी राजकुमार गुप्ता ने दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को बदलापुर पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह आलू बेचकर अपने घर जा रहा था। अभी बबुरा अंडरपास पुल के नीचे तीन युवकों ने उनसे करीब 30 बोरी आलू के नगदी रूपये और मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए।

### बन्द घर को चोरों ने खंगाल कर पुलिस को दी चुनौती

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खेतासराय। इन दिनों खेतासराय में चोरी की घटना से क्षेत्र में बाढ़ सी आई है इस क्रम में चोरों ने क्षेत्र के पोरई कलाँ गाँव में आनंद कुमार सिंह के बंद घर को निशाना बना दिया यहाँ कमरों का ताला तोड़कर लगभग पचास हज़ार रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ़ कर दिया। उक्त गाँव निवासी आनंद सिंह निजी काम से दो सप्ताह के लिए मुम्बई चले गए थे। इसी दौरान घर में ताला बंद था जिससे चोरों ने मौका देख इसे निशाना बनाते हुए बन्द घर को खंगाल डाला। भुक्तभोगी जब शनिवार की रात्रि अपने घर पहुँचा तो घर के टूटे ताले और खुले दरवाज़े देख स्तब्ध रह गया।पीड़ित के अनुसार घर में लगभग तीस किलो चावल, चार गद्दा, रजाई, पीतल का एक कलश, चार परात और थार,दो बड़ा सिलेंडर,एक मेट्रोमैक्स कुछ नये कपड़े,एक बड़ा ब्रीफ़केस आदि उठा ले गए जिसकी कीतम लगभग 50 हज़ार के अंदर बताई जा रही है। घटना के सम्बंध में भुक्तभोगी ने पुलिस को सूचना दे दी है मौके पर पहुँची पुलिस मामले की छानबीन कर वापस लौट गई है।

## गौशाला की अव्यवस्था देख नाराज हुए डी.एम, सुधार का निर्देश

- निजामुद्दीनपुर गौशाला का विजय दशमी के दिन किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मछलीशहर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा बृहद गो संरक्षण केन्द्र निजामुद्दीनपुर वि0खं0 मडियाहूँ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान अव्यवस्था देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और सुधार करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा बृहद गो संरक्षण केन्द्र निजामुद्दीनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया।गो संरक्षण केन्द्र में कुल 335 गोवंश संरक्षित पायें गये। जिलाधिकारी ने विजयदशमी के पावन पर्व पर गो संरक्षण केन्द्र में संरक्षित गोवंशो को गुड़, चना एवं केला खिलाया। गौशाला में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण हेतु हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था नहीं मिली। हरे चारे की व्यवस्था हेतु नैपियर घास की बुवाई करने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देश दिये। गौशाला परिसर में वृक्षारोपण नही होने पर अत्यधिक नाराजगी व्यक्त की। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जौनपुर को पौधरोपण कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पौधरोपण हेतु लगभग 2 फीट का गड्?ढा व उसमें जैविक खाद इत्यादि डालकर पौधरोपण किये जाय। इस कार्य के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया। गौशाला में छत का शेड और टूटकर गिर जाने से बरसात में भूसा भींग रहा है उसको सुरक्षित करने के लिए। कार्यदायी संस्था को नोटिस निर्गत किये जाने हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी जौनपुर को निर्देश दिया। गोसंरक्षण केन्द्र में सभी गोवंशों की टैगिंग के नही पाई गई। इस सम्बन्ध में उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी मड़ियाहूँ द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 15 नये गोवंश संरक्षित किये गये है जिनकी टैगिंग नही हो पाई है।उनकी टैगिंग तत्काल किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने रोष प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि नये संरक्षित गोवंशो में टैगिंग की व्यवस्था की जाय।

# तिर्वा कोतवाल और व्यापारी संगठन आमने-सामने



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले की तिर्वा कोतवाली के निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा भाजपा नेता सौरभ गुप्ता के साथ की गई कथित अभद्रता का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा हैं।

तिर्वा नगर पंचायत के सभी सभासदों के साथ साथ व्यापारी संगठन ने भी कोतवाली निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

### व्यापारी संगठन ने की कार्रवाई की मांग

व्यापारी संगठन ने जहां बैठक कर प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ विरोध प्रकट किया वही तिर्वा नगर पंचायत के सभी सभासदों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर तिर्वा कोतवाली निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह पर कार्यवाही की मांग की है।

### भाजपा नेता के परिजनों से हुई अभद्रता

घटना की सूचना मिलते ही चेयरमैन प्रतिनिधि और भाजपा नेता सौरभ गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि कोतवाल ने उनके पिता और बाबा के साथ अभद्रता की है। इसको लेकर कोतवाल और सौरभ गुप्ता के बीच तीखी झड़प हो गई।

### मामला अतिक्रमण हटाने से शुरू हुआ

तिर्वा नगर में दुर्गा शोभायात्रा की तैयारी के चलते नगर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में तिर्वा कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप अपने दल-बल के साथ रोडवेज बस स्टॉप के पास पहुंचे, जहां एक मिठाई की दुकान के बाहर अतिक्रमण था। पुलिस ने जब दुकानदार से अतिक्रमण हटाने को कहा, तो विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि यह मिठाई की दुकान तिर्वा नगर पंचायत अध्यक्ष मिताली गुप्ता के पिता की है। उस समय उनके पिता और बाबा दुकान पर मौजूद थे। पुलिस और दुकानदार के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया।

### एसपी को दी शिकायत

शिकायती पत्र में सभासदों ने लिखा है कि तिर्वा कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह जिनका नगर के आम नागरिकों के प्रति व्यवहार बहुत कठोर होने के कारण नगर के दुकानदार व नागरिक आए दिन शिकवा शिकायत करते रहते हैं। जिससे नगर की थाना पुलिस के प्रति लोगों का नजरिया अच्छा नहीं है। कल शाम को नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई व उनके प्रतिनिधि के साथ कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने अभद्रता की सारी हद्द पार करने वाली घटना कर दी। ऐसे निरंकुश अधिकारियों के रहते नगर में नागरिकों की गरिमा सदैव
धूमिल होने की पूर्ण संभावना के साथ-साथ सरकार विरोधी भी साबित होगी। ऐसी स्थिति में उक्त प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही किया जाना बेहद जरूरी हो गया है।
नगर में अतिक्रमण हटाने को लेकर भाजपा नेता और कोतवाल के बीच देर रात झड़प हो गई थी। इस विवाद को सुलझाने के लिए पार्टी जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया और अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अजय कुमार मौके पर पहुंचे थे। दोनों के हस्तक्षेप से विवाद को शांत किया जा सका था।

# विजय दशमी के दृष्टिगत एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



विजय दशमी पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा रावण दहन स्थल एवं मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने रावण दहन स्थलों और मूर्ति पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके तथा भीड़-नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए । साथ ही, रावण दहन के समय अग्निशमन दल को भी तैनात रखने के निर्देश दिए गए।
मूर्ति विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के लिए स्थानीय गोताखोरों को भी तैयार रखने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।
पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि विजय दशमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और प्रशासन के साथ सहयोग करें। पुलिस पूरे जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सदैव तत्पर है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।
यातायत प्रभारी को रावण दहन और मूर्ति विसर्जन स्थलों पर यातायात व्यवस्था सुरक्षा बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया जिससे जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नवल कोल्ड स्टोर की दीवार गिरी, मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के अरौल थाना अंतर्गत बकोठी गांव के सामने जीटी रोड किनारे नवल कोल्ड स्टोर की दीवार अचानक गिर जाने से मजदूर की दब कर मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया बकोठी गांव के सामने स्थित नवल कोल्ड स्टोर में बाउंड्री की पुरानी दीवार गिर जाने से लेबर विक्रम खामचा पुत्र बहादुर खमचा निवासी सलूमा रानी गाउ पालिका नेपाल उम्र करीब 26 वर्ष की मृत्यु हो गई है मौके पे मृतक का भाई थम्मन खामचा मौजूदगी में पंचायत नामा भरकर शॉप पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया है।
थाना प्रभारी जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है प्रार्थना पत्र के आधार पर विधि कार्रवाई की जाएगी।

# मेडिकल कालेज में फिर जूनियर डाक्टरों ने की मारपीट



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक बच्ची का इलाज कराने पहुंचे पिता के साथ डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने मारपीट की। इससे पिता घायल हो गया। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और पीड़ित को बाहर जाकर इलाज कराने की सलाह देकर मामला टाल दिया।

### डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की

- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टेक्नीशियन के पद पर तैनात अनीस की 10 महीने की बेटी छत से गिरकर घायल हो गई थी। अनीस अपनी बच्ची और पत्नी को लेकर तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे।
- वहां इलाज करने की बजाय डॉक्टर उन्हें एक-दूसरे के पास भेजते रहे। जब अनीस ने इलाज के लिए डॉक्टर से समय पूछा, तो डॉक्टर नाराज हो गए और अनीस के साथ मारपीट की। इसके बाद कुछ जूनियर डॉक्टर भी आ गए और उन्होंने भी अनीस को पीट दिया, जिससे उनके सिर और चेहरे पर चोटें आईं।
- इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन उन्होंने भी डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने पीड़ित अनीस को बच्ची का इलाज किसी प्राइवेट अस्पताल में कराने की सलाह दी।

### परिजनों का अक्सर होता अपमान

चार दिनों में मारपीट की यह दूसरी घटना थी। इससे पहले 7 अक्टूबर की रात एक पिता और उसकी पत्नी के साथ भी डॉक्टरों ने मारपीट की थी। तब भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी।
मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरी की पढ़ाई करने वाले छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा है। जिनसे मुकाबला करना आम लोगों के लिए मुश्किल होता है। पुलिस भी इन छात्रों की एकता के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई करने से बचती है। यही कारण है कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों और उनके परिजनों को अक्सर अपमान का सामना करना पड़ता है।

# सपाइयों ने मनाई लोहिया जयंती




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज डॉ0 राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि कार्यक्रम जिलाध्यक्ष कलीम खां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद डॉक्टर राममनोहर लोहिया के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष कलीम खान एवं पूर्व विधायक अरविन्द यादव ने कहा कि डॉ लोहिया भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी और समाजवादी राजनीतिज्ञ थे, पक्के समाजवादी और देश भक्ति का जज्बा जैसा राम मनोहर लोहिया में था वैसा अब किसी मे नहीं है। इसके बाद सभी राजनीतिक साथी समाजवादी लोग तिर्वा क्रासिंग पहुंचे तथा डा0 राममनोहर लोहिया की प्रतिभा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी समाजवादी लोहिया पार्क गये वहाँ भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, रजनीकांत यादव पूर्व प्रमुख, हसीब हसन प्रदेश उपाध्यक्ष सयुस, पी0पी सिंह बधेल विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह यादव अंशू पाल जिलाध्यक्ष सलोवा, पिन्टू यादव विधान सभा महासचिव आनन्द बाबू यादव, नाजिम खान, मुकीम खाँ, डा0 सुनील दिवाकर, कौसर खाँ, मुस्ते हसन, शकील अहमद कोटेदार, राकेश कटियार, शशिमा दोहरे, हुकुम सिंह यादव, भानू गुप्ता, इन्द्रेश यादव, अनुराग, रजनीकांत पाल, राजू यादव, तौसीफ कुरैशी, शमीम एडवोकेट, वीरेन्द्र करिमार, शिल्पी यादव, सतेन्द्र दोहरे, संजीव यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### उपभोक्ताओं की समस्याएं प्राथमिकता पर हल करें

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। बांगरमऊ। मुख्य अभियंता रायबरेली परिक्षेत्र ने शुक्रवार को बांगरमऊ विद्युत वितरण खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक करके सीडीएफ आदि का जल्द संशोधन करके उपभोक्ताओं को सही बिल देने के निर्देश दिए। रायबरेली परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता रामप्रीत प्रसाद शुक्रवार को बांगरमऊ कस्बे में संचालित वितरण खंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बिलिंग संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। पावर ट्रांसफार्मर का जायजा लिया और लोड आदि की जानकारी ली। अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की जो समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। बिल की त्रुटियों में जल्द सुधार करें।

# अरौल पुलिस ने नाबालिक के साथ हैवानियत करने वाले को 24 घंटे में गिरफ्तार किया

- थाना प्रभारी की कार्य शैली पर जनता ने की तारीफ

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत आकिन गांव में एक दिन पहले नाबालिक बच्ची को रू20 का लालच देकर अपने पास बुलाकर हैवानियत करने वाले युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है थाना प्रभारी जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ घेराबंदी शुरू कर दी बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भिजवाया सर्विलांस टीम और मुखबिर की सूचना पर काजीगंज हसौली अंडरपास के समीप तिवारी ढाबे के पास किसी वाहन का इंतजार करते हुए आरोपित मिला पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस ने दौड़कर उसको गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार युवक राजकुमार उर्फ पुताई निवासी आंकिन से पूछताछ की जा रही है प्रार्थना पत्र पूछताछ और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर विधि कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# बदला जाएगा कंडक्टर, शहर में दो दिन रहेगा बिजली संकट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

कंडक्टर बदलने के कार्य के चलते दो दिन शहर में बिजली संकट रहेगा। दो दिनों तक सुबह से शाम तक आठ घंटे बिजली बंद रहेगी।
सरोजनी नगर से कुंदन रोड को 132केवी लाइन आई है। इस लाइन के पैंथर कंडक्टर को बदलने का काम चल रहा है। 13 व 14 अक्तूबर को शहरी क्षेत्र में काम किया जाएगा। जिस कारण इसके नीचे से निकली 33 केवी कासिम नगर, 11 केवी पीडी नगर प्रथम व द्वितीय, 11 केवी कासिम नगर, हुसैन नगर, इब्राहिम बाग, एलटी लाइन कुंदन रोड, एलटी लाइन पीडी व कासिम नगर से जुड़े क्षेत्रों में दो दिन सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक शटडाउन रहेगा। विद्युत पारेषण खंड के अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि 132 मेन लाइन का कंडक्टर बदला जाना है। इसके चलते शहर के फीडर दो दिन तक आठ घंटे शटडाउन में रहेंगे।

# चर्चित सर्राफ डकैती काण्ड का आखिरी आरोपी भी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

एक इत्र कारोबारी के घर डकैती करने वाले बदमाश को पुलिस ने एसटीएफ की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। इस बदमाश को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया। उस पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित था।
29 जून 2023 को सदर कोतवाली के मकरन्दनगर चौकी क्षेत्र में स्थित काली दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले इत्र कारोबारी विमलेश चन्द्र तिवारी उर्फ विम्मू के घर बदमाशों ने डकैती डाली थी। बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर सोने-चांदी के जेवर, 7 लाख रुपये से ज्यादा नगद और लाइसेंसी रिवॉल्वर लूट ली थी।

### सभी बदमाशों को जेल भेजा जा चुका है

इस मामले में शामिल अधिकांश बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन मध्यप्रदेश के गुना जिले का रहने वाला नासिर पारदी फरार था। जिस पर 1 लाख का इनाम था। कन्नौज पुलिस ने एसटीएफ की मदद से नासिर पारदी को मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के रामपुर खदान गांव से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से डकैती से जुड़ी एक पासबुक और 330 रुपये मिले। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि डकैती के मामले में अब तक सभी बदमाशों को जेल भेजा जा चुका है। नासिर पारदी की गिरफ्तारी के बाद केस पूरी तरह से सुलझ गया है।

# अक्षय ओयो सेंटर संचालक और ब्यूटी पार्लर संचालिका में भिड़ंत, पुलिस बनी तमाशबीन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर कस्बे के नगर पालिका चौराहे पर बीते दिनों रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर बढ़े विवाद में पहले तू तू मैं फिर मारपीट हो गई। ब्यूटी पार्लर संचालिका ममता ने बताया अपनी गाड़ी से दुल्हन को लेकर जा रही थी रास्ते में अक्षय पैलेस /ओयो केंद्र संचालकों सागर व अजय कटियार ने गाड़ी रास्ते में लगा दी जब गाड़ी हटाने के लिए कहा तो भद्दी भद्दी गालियां देते हुए गाड़ी से उतरकर मारपीट करने लगे इस बीच मेरी गाड़ी में बैठी दुल्हन व परिजन भयभीत होकर रेलवे लाइन की तरफ पैदल चलीं गईं उस समय चौराहे पर पुलिस मौजूद थी लेकिन कोई भी बीच बचाव करने नहीं आया वह काफी देर तक गुंडई करते रहे किसी तरह से वह निकल कर पति रिंकू सहित अपने घर पहुंची और प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है दबंग खुलेआम घूम रहे हैं बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है जांच कराई गई है उसमें पता चला है गाड़ी को आगे पीछे खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ जांच में कोई दोषी पाया जाएगा तो कार्रवाई जरूर होगी।

# दशहरा मेला देखने के लिए निकला युवक सुबह पेड़ से लटका मिला शव

- मानसिक तनाव के चलते युवक ने लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपूरा चौकी के बदननिवादा निवासी सरमन घर से मेला देखने के लिए निकला देर रात तक जब घर नहीं पहुंचा मेला देखकर तो परिजनों ने सोचा शायद दोस्तों की वजह से कहीं रुक गया होगा सुबह होते ही पारिवारीलनो ने खोजबीन जारी की और गांव के लोगों उनसे पूछताछ की जो लोग दशहरा मेला उत्तरीपुरा देखने गए हुए थे किसी ने कोई जवाब नहीं दिया सुबह लगभग छः बजे लोग खेतों की तरफ फसल देखने गए तो खेरे के पास गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर एक पकड़ी के पेड़ से रस्सी से लटककर सरमन पुत्र विक्रम उम्र 22 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जैसे ही परिजनों को सूचना मिली चीख-पुकार मच गई परिजनों ने बताया कि मानसिक रूप से बीमारी की दवाइयां चल रही थी सूचना पर पहुंचे उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह संजय सिंह दिवान राजेन्द्र सिंह फौजी रवि दिवान मदन ने विधिक कार्रवाई करते हुए पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है आते ही विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित शातिर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना अंतर्गत नदिया पुलिस चौकी पुलिस टीम वाहन चेकिंग के दौरान एक आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर नदिया चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार, युग उप निरीक्षक यूटी प्रदीप कुमार, प्रवीण राय, हेड कांस्टेबल संजय कुमार सिंह, कांस्टेबल मनोज कुमार बन चेकिंग के लिए वाहनों की चेकिंग करने में बेस्ट है इस समय मोटरसाइकिल यूपी 78 डीजे 9172 चालक करण पुत्र राम नरेश निवासी चकत्ता पुरवा थाना बिल्हौर कानपुर नगर तेजी से आ रहा था पुलिस ने रोकने का इशारा किया और तेज भागकर नीचे से निकलने लगा आगे से वहांन आने पर मजबूरी में गाड़ी छोड़कर भागने का प्रयास किया दौड़कर उसको पकड़ लिया और गाड़ी कागज देखने पर उसने बताया कि 3100 देकर गाड़ी छुड़ाने का प्रयास किया पुलिस ने जब उसके बारे में गहन छानबीन की तो पता चला गाड़ी चोरी की निकली और उस पर कई थानों में मुकदमा पंजीकृत है ककवन थाने में दो, बिल्हौर थाने में तीन और तिर्वा थाने में एक मुकदमा पंजीकृत है। ककवन थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया नदिहा चौकी पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# टीम ने बिलिंग रजिस्टर और ऑनलाइन जनरेट बिल जांचें

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

ज्यादा बिल आने के बाद कुशलपुर के शुभम के आत्महत्या करने के मामले में तीन सदस्यीय टीम ने जांच शुरू कर दी है। गुरुवार दोपहर में जांच संबंधी पत्र मिलने के बाद एक्सईएन के नेतृत्व में टीम ने विद्युत वितरण खंड द्वितीय कार्यालय गोकुलबाबा में जाकर बिलिंग रजिस्टर देखा। साथ ही ऑनलाइन जनरेट होने वाले बिल भी जांचें।
मामले के तूल पकड़ने के बाद मुख्य अभियंता रामप्रीत प्रसाद ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की थी। टीम में एक्सईएन प्रथम हेमेंद्र सिंह, एसडीओ बांगरमऊ राम इकबाल व लेखाकार सौरभ साहू शामिल हैं। मुख्य अभियंता ने अधिकारियों को दो दिन में बिल में त्रुटियों के संबंध में जांच करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे। टीम ने जल्द रिपोर्ट देने के लिए गुरुवार को ही जांच शुरू कर दी थी। एक्सईएन, एसडीओ व लेखाकार के साथ गोकुलबाबा स्थित विद्युत वितरण खंड द्वितीय कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बिल संबंधी रजिस्टर देखे थे। इसके बाद ऑनलाइन ही बिलिंग का डेटा चेक किया था।

### गंगा एक्सप्रेसवे में काम कर रहे श्रमिक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। चकलवंशी। निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे में काम कर रहे श्रमिक की हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। प्लांट पर शव रखकर परिजनो ने मुआवजे की मांग कर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें शांत कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयगति रुकने से मौत की पुष्टि हुई है। आसीवन थानाक्षेत्र के नौहाईखुर्द निवासी महावीर रावत (20) मजदूरी करता था। 15 दिन पहले गांव के आनंद, अजय सिंह, सलोने, नीरज और सज्जन के साथ गंगा एक्सप्रेसवे में मजदूरी करने गया था। साथी श्रमिक आनंद ने बताया कि गुरुवार रात महावीर के पेट में दर्द हुआ। हालत बिगडने पर कंपनी के वाहन से मियागंज सीएचसी लाया गया।

# सीएमओ को सीएचसी प्रभारी सहित चार डॉक्टर नहीं मिले, रोका वेतन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सीएमओ ने नवाबगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें सीएचसी प्रभारी सहित चार डॉक्टर अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण मांगा है। सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश शुक्रवार दोपहर 12 बजे नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले उपस्थित रजिस्टर की जांच की तो सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश, डॉ. अखिलेश विक्रम व आयुष चिकित्सक डॉ. रविशेष और डॉ. शैलेंद्र अस्थाना अनुपस्थिति मिले। इस पर सीएमओ ने अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद सीएमओ ने महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एक प्रसूता के बेड पर सरसों के तेल की शीशी देख स्टाफ नर्स को लापरवाही पर फटकार लगाई। सीएचसी में पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने पर चौबीस घंटे में सुधार के निर्देश दिए।

# सराफा बाजार में रौनक, ज्यादा कारोबार की उम्मीद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

त्योहार पर बाजार में रौनक आ गई है। करवाचौथ, धनतेरस और दिवाली पर्व पर अच्छी बिक्री होने की उम्मीद से दुकानदारों ने स्टॉक लगाया है। खरीदार भी धनतेरस के लिए अभी से अपनी पसंद के जेवर बुक कराने लगे हैं। सराफा बाजार में खरीदारी शुरू हो गई है। महिलाएं अपने बजट के अनुसार हल्की और भारी जेवर पसंद करके धनतेरस पर ले जाने के लिए बुकिंग करा रही हैं। पायल, बिछिया, डिजाइनर चेन, अंगूठी, झुमकी, नाथ आदि की खरीदारी ज्यादा हो रही है। सहालग में दाम बढ़ने की संभावना को देखते हुए जिनके यहां आने वाले दिनों में शादी या अन्य मांगलिक कार्यक्रम हैं उसके लिए भी खरीदारी करने लगे हैं। शहर की कचौड़ी, वीडी मार्केट, धवन रोड की सराफा दुकानों में भीड़ हो रही है। कारोबारियों के अनुसार इस बार अधिक कारोबार की उम्मीद है।

### क्या कहते हैं दुकनादार

सराफा कारोबारी सत्यार्थ सोनी ने बताया कि इस बार महिलाओं को लाइट ज्वैलरी की पसंद आ रही हैं। इसमें नाक की नथनी, मांग मेंहदी, छल्ले, अंगूठी, डिजाइनर चेन आदि की मांग अधिक है। सराफा व्यापारी मनु ने बताया

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद विपक्ष ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

# दोषियों को बख्शेंगे नहीं: सीएम शिंदे

■ विभिन्न राजनीतिक दलों ने बाबा सिद्दीकी के निधन पर शोक जताया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

एनसीपी अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद विपक्ष ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दोषियों को नहीं बख्शने की बात कही है। दूसरी ओर बाबा सिद्दीकी मौत के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों ने उनके निधन पर शोक जताया है।



### यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और मैंने डॉक्टरों और पुलिस से बात की है। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीसरा आरोपी फरार है। आरोपित यूपी और हरियाणा के हैं। हमने मुंबई पुलिस को निर्देश दिए हैं कि कानून-व्यवस्था को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यकीन है कि मुंबई पुलिस जल्द ही तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लेगी। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मैं इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करता हूं: अजित

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि एनसीपी नेता, पूर्व मंत्री और लंबे समय से विधानमंडल में मेरे सहयोगी बाबा सिद्दीकी पर गोलीबारी की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और दर्दनाक है। मुझे यह जानकर झटका लगा कि इस घटना में उनका निधन हो गया है। मैंने अपना अच्छा सहयोगी और दोस्त खो दिया है। मैं इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं बाबा सिद्दीकी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

**'आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए'**

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि बाबा सिद्दीकी पर फायरिंग की घटना की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अभी अस्पताल से आया हूं। मैंने उनके परिवार से मुलाकात की। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**'राज्य की ध्वस्त कानून व्यवस्था चिंता का विषय'**

एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने एक्स पर कहा, राज्य की ध्वस्त कानून व्यवस्था चिंता का विषय है। मुंबई में पूर्व राज्य मंत्री बाबा सिद्दीकी पर गोलीबारी दुखद है... इसकी न केवल जांच होनी चाहिए बल्कि जिम्मेदारी स्वीकार कर सरकार के पद से हटना भी चाहिए। बाबा सिद्दीकी को भावभीनी श्रद्धांजलि। उनके परिवार के प्रति संवेदना।

**बाबा को भूलना आसान नहीं होगा: संजय निरुपम**

वहीं, संजय निरुपम ने बाबा सिद्दीकी को याद करते हुए कहा, बेफ़िक्री फितरत के धनी। मेरा अच्छा दोस्त। बाबा को भूलना आसान नहीं होगा। विनम्र श्रद्धांजलि बाबा भाई। याद आते रहोगे।

**सिद्दीकी जी के निधन से कांग्रेस को गहरा दुख हुआ**

मुंबई कांग्रेस ने एक्स पर कहा, बाबा सिद्दीकी जी के निधन से मुंबई कांग्रेस को गहरा दुख हुआ है। लोगों के प्रति उनकी अथक सेवा और समुदाय के प्रति उनके समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं।

## बाबा सिद्दीकी की मौत पर राहुल गांधी ने सरकार को कोसा

# 'महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था तबाह है'

■ सिद्दीकी एनसीपी में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जारी किया। राहुल गांधी ने इस हत्याकांड को लेकर महाराष्ट्र सरकार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। सिद्दीकी एनसीपी में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे।



### राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किया पोस्ट

महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीती रात बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी को आज रात साढ़े आठ बजे मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि बाबा सिद्दीकी के दुखद निधन से हैरान और दुखी हूं। इस मुश्किल वक्त में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के प्रति हैं। इस भयावह घटना ने महाराष्ट्र की खराब कानून व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सरकार को इस मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय होना चाहिए।

### कांग्रेस से रहा लंबा नाता

बाबा सिद्दीकी ने राजनीति की शुरुआत एक छात्र नेता के रूप में की थी और लंबे समय तक वह कांग्रेस के सदस्य रहे। वह पहली बार क्रष्ट में कॉरपोरेटर (पार्षद) चुने गए थे। बाबा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी और साल 1977 में पार्टी की स्टूडेंट विंग हस्ठ्ठ में शामिल हुए थे। इसके बाद 1980 में बांद्रा युवा कांग्रेस महासचिव, 1982 में बांद्रा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और 1988 में मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बने। साल 1999 में बाबा कांग्रेस के ही टिकट पर पहली बार बांद्रा वेस्ट सीट से विधायक बने। बाबा सिद्दीकी साल 2014 तक लगातार तीन बार बांद्रा वेस्ट से विधायक चुने गए। वे महाराष्ट्र सरकार में 2004-2008 तक खाद्य और श्रम मंत्री भी रहे। साल 2019 में बाबा सिद्दीकी को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया। फरवरी, 2024 में वे कांग्रेस छोड़ अजित पवार की ह्ष्टक्क में शामिल हुए थे। वे महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुंबई डिवीजन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 108 देशों की 12 हजार छात्राएं जानेंगीं अंतरिक्ष का विज्ञान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। 108 देशों की 12 हजार छात्राएं अंतरिक्ष विज्ञान को करीब से जानेंगीं। एयरोस्पेस स्टार्टअप स्पेस किड्ज इंडिया ने छात्राओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए वैश्विक मिशन शक्तिसैट लॉन्च किया है। इसके तहत छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद छात्राओं की मदद से इसरो के चंद्रयान -4 मिशन के तहत एक उपग्रह लॉन्च किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवंबर 2024 में शक्तिसैट के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण करेंगी। शक्तिसैट मिशन की प्रमुख केसन ने बताया मिशन में हाईस्कूल की छात्राओं (14-18 वर्ष की आयु) को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, पेलोड विकास और अंतरिक्ष यान प्रणालियों के विभिन्न पहलुओं के बारे में सिखाने के लिए 120 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में यूके, यूएई, ब्राजील, केन्या, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ग्रीस, श्रीलंका और अफगानिस्तान की छात्राएं शामिल होंगीं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों- अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी। 19 अक्टूबर को वे मलावी से भारत के लिए रवाना होंगी।

### पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 वर्ष पूरे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 वर्ष पूरे होने की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के एक पोस्ट और मायगोव की एक थ्रेड पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए लिखा, पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज़ और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

### कुरुक्षेत्र-खजुराहो एक्सप्रेस में लगी आग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। यहां कुरुक्षेत्र से खजुराहो जा रही ट्रेन संख्या 11842 के एक कोच में आग लग गई। आगजनी की घटना के बाद ट्रेन में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इस दौरान घबराए यात्रियों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन को ईशानगर स्टेशन पर रोक दिया गया। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया। आगजनी के कारण ट्रेन अपने निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से रवाना हुई। इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है। दरअसल कुरुक्षेत्र से खजुराहो जा रही गाड़ी संख्या 11842 के डी-5 कोच में ईशानगर स्टेशन के समीप अचानक आग लग गई। कोच से धुआं निकलते देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई । आग को यात्रियों सहित स्?टेशन मास्?टर ने देख लिया था। ट्रेन में सवार यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक लिया। ट्रेन के ष्ठ5 कोच जनरल होने के कारण इसमें बड़ी संख्या में यात्री बैठे हुए थे। यात्रियों को ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस घटना के बाद रेल कर्मचारियों ने तुरंत जांच कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इसके बाद आग को बुझाया गया।

## गुरनाम चढ़ूनी का हुड्डा पर तंज: बोले, 10 साल में नहीं निभा पाए नेता प्रतिपक्ष की भूमिका, रूठों को नहीं मनाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कुरुक्षेत्र

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को इस बार कांग्रेस पार्टी की ओर से नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि वे पिछले 10 साल के दौरान यह भूमिका सही रूप से नहीं निभा पाए। ये आरोप भाकियू अध्यक्ष एवं संयुक्त संघर्ष पार्टी के प्रमुख गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने लगाए। एक एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर पूरी जिम्मेदारी छोड़ दी थी, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल नहीं बन पाया। कांग्रेस के पक्ष में जो माहौल बना वह किसानों ने ही बनाया था। इसके बावजूद हुड्डा ने किसानों को कोई तव्वजो नहीं दी। उन्हें ही नहीं किसी अन्य किसान को भी कहीं से टिकट नहीं दी। जबकि भाजपा किसानों के विरोध में पहले से ही रही है। ऐसे में किसान कहां जाए। यही कारण रहा कि वे चुनाव में उतरे तो वहीं हर्ष छिक्कारा व रमेश दलाल भी उतरे। चढ़ूनी ने आरोप लगाए कि हुड्डा ने किसी से समझौता नहीं होने दिया और ऐसी मनमानी के परिणाम सामने है। अब कांग्रेस को ऐसे किसी नेता को प्रतिपक्ष नेता के रूप में चुनना चाहिए, जो लड़ाई लड़ सके।



### हुड्डा पर फोड़ा हार का ठीकरा

चढ़ूनी ने हार का ठीकरा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर फोड़ा है। उन्होंने बातचीत में कहा कि हुड्डा ने न केवल कांग्रेस व आप बल्कि किसानों को भी इस स्थिति में ला खड़ा किया है, जिसके पीछे उसकी मनमानी रही है। किसान एक सीट मांग रहे थे, जो नहीं दी। आप के साथ भी समझौता नहीं होने दिया बल्कि पहले का समझौता भी तुड़वा दिया। कांग्रेस के प्रत्याशी भी मनमानी से ही उतरवाए तो रूठों को मनाया तक नहीं।


## मुंबई लोकल ट्रेन के दो खाली डिब्बे पटरी से उतरे, रेल सेवाएं हुई प्रभावित



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

रविवार दोपहर मुंबई सेंट्रल से कार शेड में प्रवेश करते समय एक खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। जिससे पश्चिमी मुंबई रेलवे का आवाजाही मुख्य रूप से प्रभावित हुई। वहीं, इस मामले में पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दोपहर 12.10 बजे के आसपास ट्रेन जब पटरी से उतरी, तो यह खाली थी। विनीत अभिषेक ने आगे बताया कि ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना के चलते पश्चिम मुंबई में रेलवे सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इस घटना के बाद दादर की ओर जाने वाला धीमा ट्रैक बाधित हो गया है। अधिकारी ने बताया कि डिब्बों को पटरी पर लाने और सेवाएं बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

## मुझे लगता है कि ईवीएम का दुरुपयोग होता है, ईसी जवाब दे: कपिल सिब्बल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में ईवीएम को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि उनका मानना है कि चुनावों में ईवीएम का दुरुपयोग होता है। कांग्रेस ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना के दौरान ईवीएम में सामने आई विसंगतियों को लेकर कई शिकायतें सौंपी थीं। 20 विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाए हैं कि आठ अक्टूबर को मतगणना के दौरान कुछ ईवीएम की बैटरी 99 प्रतिशत चार्ज थीं।

### 'मैं शुरू से ही इसके (ईवीएम के) खिलाफ हूं'

कांग्रेस के आरोपों को लेकर पूछे गए सवाल पर सिब्बल ने कहा, कांग्रेस ने ईवीएम के बारे में जो सवाल उठाए हैं, वह निर्वाचन आयोग को इसके सबूत दे रही है। मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन निर्वाचन आयोग को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। मुझे लगता है कि ईवीएम का दुरुपयोग होता है, यह किस हद तक होता है, मुझे नहीं पता। कांग्रेस के पूर्व नेता ने कहा, मैं शुरू से ही इसके (ईवीएम के) खिलाफ हूं। मैंने पहले भी कई बयान दिए हैं। जो अस्पष्ट है, उसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को अप्रत्याशित बताते हुए कुछ सीट पर ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है।

**इस देश में देवता बंटे हुए हैं: सिब्बल**

वहीं कपिल सिब्बल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के विजयादशमी पर संबोधन पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भागवत के बयान और भारतीय जनता पार्टी की सरकार के जमीनी स्तर पर किये जा रहे कार्यों में बड़ा अंतर है। मोहन भागवत ने विजयादशमी पर अच्छा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस देश में देवता बंटे हुए हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए, संत बंटे हुए हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। यह विभिन्न धर्मों और भाषाओं का देश है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद समाज में कई विभाजन हुए हैं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया तथा उन पर बुलडोजर चलाए गए। सिब्बल ने कहा कि लव जिहाद और फलड जिहाद की अवधारणाओं पर बात हो रही है। मैं आरएसएस से पूछना चाहता हूं कि जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो वह सवाल क्यों नहीं उठाता? लोग दूसरों की नागरिकता पर संदेह करते हैं। कई विवादास्पद बयान दिए जाते हैं, आरएसएस सवाल क्यों नहीं उठाता।

## विजयादशमी पर धूमधाम से निकली भगवान महाकाल की सवारी

■ दशहरा मैदान पर भगवान महाकाल के पूजन के बाद हुआ रावण दहन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उज्जैन



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में शनिवार को विजयादशमी (दशहरे) का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परम्परा के मुताबिक शाम को नगर में भगवान महाकाल की सवारी निकाली गई। इस दौरान अवंतिकानाथ ने नगर का भ्रमण कर अपनी प्रजा का हाल जाना। इसके बाद भगवान महाकाल की सवारी दशहरा मैदान पहुंची। यहां कलेक्टर ने सवारी का पूजन किया। इसके बाद रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। इसके बाद रावण दहन किया गया। भगवान महाकाल वैसे तो वर्ष में कई बार अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए पुराने शहर में नगर भ्रमण पर निकलते हैं, लेकिन विजयदशमी (दशहरे) पर भगवान महाकाल की सवारी वर्ष में एक बार नए शहर में भी आई। जहां भक्तों ने भगवान का ऐसा भव्य स्वागत अभिनंदन किया कि इस दौरान चारों ओर जय श्री महाकाल की गूंज गुंजायमान हो गई। वर्षों से यह सवारी अपने परंपरागत मार्ग से होते हुए प्रत्येक वर्ष दशहरा मैदान पहुंचती है, जहां शमी के वृक्ष के पूजन अर्चन करने के बाद सवारी पुनः मंदिर की ओर लौट जाती है, लेकिन इस वर्ष सवारी के मार्ग में एक बड़ा बदलाव किया गया था। इसके बाद सवारी वापसी में दशहरा मैदान से श्रीगंगा होटल के समीप वाले मार्ग से देवास रोड के रास्ते, तीन बत्ती चौराहा, से माधव क्लब रोड होते हुए धन्नालाल की चाल से लोकनिर्माण विभाग कार्यालय के सम्मुख से फ्रीगंज ओवर ब्रिज के रास्ते संख्याराजे धर्मशाला, देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज चौराहा, इंदौर गेट, गदापुलिया, हरिफाटक ब्रिज, बेगमबाग से कोट मोहल्ला चौराहे के रास्ते पुनः श्री महाकालेश्वर मन्दिर पहुंची। पूरे रास्ते भर सवारी के आगे हाथी, घोड़े, बैंड, पुलिस टुकड़ी और भजन मंडलियां चल रही थीं। इस दौरान भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा।

**नगर भ्रमण के लिए निकली महाकाल की सवारी**

दशहरे के अवसर पर भगवान महाकाल की सवारी महाकालेश्वर मंदिर से शाम चार बजे सभा मंडप में पूजन अर्चन के बाद नगर भ्रमण के लिए निकली। इस दौरान मंदिर के मुख्य द्वार पर सवारी को पुलिस के जवानों ने सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गई। इसके बाद सवारी महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मन्दिर, सराफा, सतीगेट, नई सड़क, दौलतगंज, मालीपुरा, देवासगेट, चामुण्डा चौराहा से टॉवर के रास्ते शहीदपार्क, घास मंडी चौराहा, माधव नगर हॉस्पिटल, पुलिस कंट्रोल रूम, एल.आई.सी. ऑफिस, लीनन/रेमण्ड शो रूम के समीप वाली गली से दशहरा मैदान पहुंची। दशहरा मैदान पर शमी के वृक्ष का पूजन अर्चन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

## केंद्र ने आंध्र प्रदेश और राजस्थान में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 2255 करोड़ से अधिक की पहली किस्त जारी की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और राजस्थान में ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी की। पंचायती राज मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि आंध्र प्रदेश को 395.5091 करोड़ रुपये का अप्रयुक्त अनुदान और प्रयुक्त अनुदान सहित कुल 593.2639 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। यह निधि आंध्र प्रदेश में विधिवत चुने हुए 9 पात्र जिला पंचायतों, 615 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 12,853 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए हैं। वहीं राजस्थान में विधिवत चुने हुए 22 पात्र जिला पंचायतों, 287 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 9,068 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए 507.1177 करोड़ रुपये का अप्रयुक्त अनुदान और 760.6769 करोड़ रुपये का प्रयुक्त अनुदान जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को वित्त आयोग अनुदान जारी करने की सिफारिश करता है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय जारी करता है। आवंटित अनुदान की अनुशंसा की जाती है और एक वित्त वर्ष में 2 किस्तों में जारी किया जाता है।



## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को 100वें वर्ष में प्रवेश पर दी बधाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आज विजयादशमी के दिन उसके 100वें वर्ष में प्रवेश करने पर बधाई दी। संघ प्रमुख मोहन भागवत के भाषण का एक वीडियो लिंक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा, राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज अपने 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अविरल यात्रा के इस ऐतिहासिक पड़ाव पर समस्त स्वयंसेवकों को मेरी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं। मां भारती के लिए यह संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही 'विकसित भारत' को साकार करने में भी नई ऊर्जा भरने वाला है। आज विजयादशमी के शुभ अवसर पर सरसंघचालक मोहन भागवत का उद्बोधन जरूर सुनना चाहिए।



## असम व भूटान के कई हिस्से में 4.6 तीव्रता का भूकंप

■ भूकंप के निर्देशांक 26.73ए उत्तरी अक्षांश और 92.31ए पूर्वी देशांतर थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

रविवार सुबह 7:47 बजे असम और पड़ोसी देश भूटान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी 4.6 तीव्रता मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र असम के उदालगुरी के पास जमीन के 15 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के निर्देशांक 26.73ए उत्तरी अक्षांश और 92.31ए पूर्वी देशांतर थे। भूकंप के झटके ढेकियाजुली, तवांग, बरपेटा, ग्वालपाड़ा, उत्तर लखीमपुर, इटानगर, जोरहाट, तेजपुर, गोलाघाट, गुवाहाटी, नगांव और डिमापुर सहित कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने या बड़ी क्षति की सूचना नहीं है।

## डीयू के पूर्व प्रोफेसर का पार्थिव शरीर सरकारी मेडिकल कॉलेज को दान करेगा परिवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा के परिवार के सदस्यों ने रविवार को कहा कि साईबाबा की इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर यहां के सरकारी मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया जाएगा। परिजनों ने बताया कि पार्थिव शरीर 14 अक्टूबर को गांधी मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)